CMYK

सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-24 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025
15 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर के रहेंगे : अमित शाह

**अभूतपूर्व सफलता**

■ बिहार-झारखंड और ओडिशा काफी हद तक नक्सल मुक्त




**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को झारखंड की राजधानी रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की। शाह ने कहा, नक्सलवाद के विरुद्ध सभी राज्यों की एकजुटता और सुरक्षा बलों की बहादुरी से हमें अभूतपूर्व सफलता मिली है। हम 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर के रहेंगे। बिहार, झारखंड और ओडिशा काफी हद तक नक्सलवाद से मुक्त हो गए हैं।

बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पश्चिम बंगाल की वित्त राज्य मंत्री सुश्री चंद्रिमा भट्टाचार्य सहित सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्य शामिल हैं। यह बैठक गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन अंतर राज्य परिषद सचिवालय द्वारा झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित की गई। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेनाओं ने अपनी वीरता, सटीकता और जांबाजी का अनुभव पूरी दुनिया को कराया है। उनके साहस और पराक्रम के लिए पूर्वी क्षेत्रीय परिषद सेनाओं की वीरता के लिए सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित करती है।

गृह मंत्री ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की भूमि का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस भूमि से भगवान बिरसा मुंडा सहित कई महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आज़ादी के आंदोलनों का नेतृत्व किया है। पूरा पूर्वी भारत भक्ति, ज्ञान, संगीत, वैज्ञानिक अनुसंधान और क्रांति की भूमि रहा है। शिक्षा के मूल आदर्श स्थापित करने में पूर्वी भारत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। शाह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी, बिरसा मुंडा जी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, बाबू जगजीवन राम सहित कई विभूतियों ने इसी भूमि से देश को अनेक क्षेत्र में नेतृत्व देने का काम किया है। सांस्कृतिक चेतना, भक्ति चेतना और क्रांति तीनों का संगम इसी भूमि पर हुआ है।

अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारी संघवाद के आधार पर टीम भारत की कल्पना देश के सामने रखी है। मोदी जी की कल्पना के तहत राज्यों के विकास के माध्यम से भारत का विकास और 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम आगे बढ़ते रहें। हमारे संघीय ढांचे को मज़बूत करने के लिए अंतरराज्यीय परिषद और क्षेत्रीय परिषद को संविधान और कानून में आधार दिया गया है और उसी के तहत क्षेत्रीय परिषदों की बैठकें आयोजित होती हैं।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन




■ गुरु पूर्णिमा पर महाआरती के साथ संपन्न हुई पूजा

**गोरखपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार प्रातः काल गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, योगिराज बाबा गंभीरनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजनों का भी विधि विधान से पूजन-अर्चन कर श्रद्धा निवेदित की और लोक कल्याण के पथ पर मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा का विशेष अनुष्ठान प्रातः काल 5 बजे से ही प्रारंभ हो गया और सामूहिक आरती के साथ अनुष्ठान की पूर्णता हुई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। वैसे तो गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं, गुरु गोरखनाथ जी तथा नाथपंथ के गुरुजन का दर्शन-पूजन उनकी दिनचर्या का हिस्सा होता है। गुरु पूर्णिमा का अवसर गोरखनाथ मंदिर में विशिष्ट पूजा का होता है। गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महायोगी गुरु गोरखनाथ सहित मंदिर परिसर में मौजूद सभी देव विग्रहों और नाथपंथ के गुरुओं की प्रतिमाओं के समक्ष विधि विधान के साथ पूजन किया। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में उन्होंने पहले नाथपंथ के आदिगुरु भगवान गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। मंत्रोच्चार के बीच उनकी पूजा की। वह परिसर में मौजूद सभी देव-विग्रहों के पास पहुंचे और उनका पूजन किया। उसके बाद वह बारी-बारी से बाबा गंभीरनाथ, अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ समेत ब्रह्मलीन गुरुओं की समाधि पर गए।सभी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर आशीर्वाद लिया। गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार गुरु गोरखनाथ को रोट का महाप्रसाद भी अर्पित किया गया। आनुष्ठानिक प्रक्रिया संपन्न होने के बाद गुरु पूर्णिमा पर होने वाली परंपरागत महाआरती हुई तथा सभी गुरुओं के प्रति आस्था निवेदित की गई।

## डॉ. लोहिया के वर्तमान चेले भले न मानते हों, पर राम विरोधी की दुर्गति ही होनी है : योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भगवान श्रीराम, प्रभु श्रीकृष्ण और देवाधिदेव महादेव शंकर के बिना भारत का पत्ता भी नहीं हिल सकता है। प्रखर समाजवादी डॉ. राम मनोहर लोहिया भी कहते थे कि भारत में जब तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लीला पुरुषोत्तम मुरलीधर भगवान श्रीकृष्ण और देवों के देव भगवान शंकर की पूजा होती रहेगी तब तक दुनिया में कोई माई का लाल भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगा। डॉ. लोहिया के वर्तमान चेले भले ही उनकी बात न मानते हों लेकिन यह बात तय है कि जो राम विरोधी है, उसकी दुर्गति होनी ही है। योगी 4 जुलाई से चल रही श्रीरामकथा के विश्राम सत्र और गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। ब्रह्मलीन महंतद्वय दिग्विजयनाथ एवं महंत अवेद्यनाथ के चित्र पर पुष्पार्चन करने तथा व्यासपीठ का पूजन करने के उपरांत उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा और देवताओं से जुड़ीं अन्य कथाएं भारतीय संस्कार का हिस्सा हैं।

# हज आवेदन के लिए पासपोर्ट पर उपनाम की अब नहीं होगी जरूरत

■ सरनेम की अनिवार्यता हुई खत्म



**लखनऊ।** हज की ख्वाहिश रखने वाले आजमीन अब हज आवेदन से महरूम नहीं होंगे। उन्हें आवेदन के लिए पासपोर्ट पर उपनाम की जरूरत नही पड़ेगी। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने पासपोर्ट पर उपनाम (सरनेम) होने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। हज के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक किया जा सकता है।

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने बीती सात जुलाई को हज 2026 की घोषणा कर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की थी। आवेदन की प्रकिया शुरू होने के साथ ही हज कमेटी ऑफ इंडिया ने आवेदन के लिए पासपोर्ट पर आवेदक के नाम के साथ उपनाम होना अनिवार्य कर दिया था। नए नियम के मुताबिक पासपोर्ट पर उपनाम न होने की स्थिति में आवेदक ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकता था। हज कमेटी ने हज आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की है। ऐसे में हज आवेदक काफी परेशान थे। राज्य हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया के नए नियम से हजारों की संख्या में लोग हज के लिए आवेदन करने से महरूम रह जाते। गांव, कस्बे के अलावा शहरों में रहने वाले तमाम लोग अपने नाम के आगे उपनाम नहीं लिखते हैं।

ऐसे हजारों लोग आवेदन नहीं कर सकते थे। वहीं, नया पासपोर्ट बनवाने वाले भी अपने आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड में इतने कम समय में उपनाम नहीं जुड़वा सकते थे। इन समस्याओं को देखते हुए हज कमेटी ने पासपोर्ट में उपनाम की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के पासपोर्ट पर उपनाम नहीं है अब वो भी आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# अब नहीं आएगा बेहिसाब मेडिकल बिल, सरकार ने किया इंतजाम

■ बीमा कंपनियों की मनमानी पर भी कसी जाएगी नकेल



**नई दिल्ली।** भारत में हेल्थ सर्विस लगातार महंगी होती जा रही है। इसी बीच मेडिकल बिल और बेहिसाब खर्चों पर अब सरकार लगाम लगाने की तैयारी कर रही है। सरकारी सूत्र के हवाले से एक समाचार एजेंसी ने कहा गया कि सरकार मौजूदा मेडिकल इंश्योरेंस क्लेम पोर्टल्स को वित्त मंत्रालय के अधीन लाने की योजना बना रही है। इसका मकसद हेल्थ इंश्योरें, पॉलिसी होल्डर मरीजों की बेहिसाब मेडिकल बिल पर लगाम लगाना है।

रिपोर्ट के मुताबिक, योजना के तहत भारतीय बीमा नियामक प्राधिकरण (इरडा) स्वास्थ्य प्रदाताओं की निगरानी करे, ताकि मरीजों की जेब पर अस्पताल अनावश्यक बोझ न डाल सकें। पेशेवर सेवा फर्म एओन की ग्लोबल मेडिकल ट्रेंड रेट्स रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत में स्वास्थ्य सेवा लागत में 13 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी होने का अनुमान है। इरडा की स्टडी में पाया गया कि अस्पताल मरीजों के इलाज की लागत लगातार बढ़ाते जा रहे हैं और उच्च कवर वाले मरीजों से अधिक पैसे वसूल रहे हैं।

# बिहार में मतदाता सूची रिवीजन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नहीं लगाई रोक

■ आधार, वोटर आईडी और राशन कार्ड पर करें विचार



**नई दिल्ली।** बिहार में चल रहा मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण अभियान जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक नहीं लगाई है। कोर्ट ने माना कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची का सघन पुनरीक्षण करने का संवैधानिक अधिकार है। हालांकि कोर्ट ने चल रही प्रक्रिया के समय को लेकर गुरुवार को सवाल उठाया।

कोर्ट ने कहा कि यह मसला लोकतंत्र के मूल और मतदान के अधिकार से जुड़ा हुआ है। वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए निर्धारित 11 दस्तावेजों की सूची को लेकर भी कोर्ट ने चुनाव आयोग से प्रश्न किये और उन दस्तावेजों में आधार कार्ड व चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र को न शामिल किये जाने पर सवाल पूछा। कोर्ट ने अंतरिम आदेश में चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए दिए जाने वाले दस्तावेजों में आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर भी विचार करे। ये निर्देश गुरुवार को न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व न्यायमूर्ति जोयमाल्या बाग्ची की पीठ ने बिहार में मतदाता सूची के सघन पुनरीक्षण अभियान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिए। मामले में कोर्ट 28 जुलाई को फिर सुनवाई करेगा।

कोर्ट ने चुनाव आयोग द्वारा तय शेड्यूल में एक अगस्त की तारीख ड्राफ्ट मतदाता सूची पब्लिश करने के लिए तय होने को देखते हुए सुनवाई की तारीख उससे पहले 28 जुलाई तय की है। पीठ ने अनुमति देते हुए चुनाव आयोग को सुनवाई से एक सप्ताह पहले याचिकाओं का जवाब दाखिल करने को कहा है और याचिकाकर्ता 28 जुलाई तक प्रतिउत्तर दाखिल कर सकते हैं।

## राजनाथ सिंह को उनके 74वें जन्मदिन पर पीएम मोदी ने दी बधाई




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। और देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने तथा सशस्त्र बलों को मजबूत बनाने के उनके प्रयासों की सराहना की।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षा मंत्री सिंह की दीर्घायु की कामना की। इसके अलावा देश और प्रदेश में कई नेताओं ने भी बधाई दी है।

# कल रिलीज नहीं होगी ‘उदयपुर फाइल्स’ दिल्ली हाईकोर्ट ने लगाई रोक

■ अंतरिम याचिका पर फैसला होने तक नहीं होगी रिलीज



**नई दिल्ली।** ‘उदयपुर फाइल्स कन्हैया लाल टेलर मर्डर’ को लेकर विवाद थमता नहीं दिख रहा है। अब दिल्ली हाईकोर्ट ने ‘उदयपुर फाइल्स कन्हैया लाल टेलर मर्डर’ की रिलीज पर तब तक के लिए रोक लगा दी है जब तक कि केंद्र सरकार जमीयत उलेमा-ए-हिंद द्वारा दायर उस पुनरीक्षण आवेदन पर फैसला नहीं ले लेती, जिसमें सीबीएफसी द्वारा फिल्म के सर्टिफिकेट को चुनौती दी गई है। यानी अब साफ है कि ‘उदयपुर फाइल्स’ फिलहाल कल 11 जुलाई को रिलीज नहीं हो रही है।

मामले में न्यायालय ने कहा है कि चूंकि याचिकाकर्ता को पुनरीक्षण उपाय अपनाने के लिए कहा गया है, इसलिए अंतरिम राहत की याचिका पर फैसला होने तक रिलीज पर रोक लगा दी जानी चाहिए। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि फिल्म सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ सकती है और भड़काने का काम कर सकती है। इसलिए सीबीएफसी द्वारा दिए गए प्रमाणन पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है। ‘उदयपुर फाइल्स’ 2022 के उदयपुर हत्याकांड पर आधारित है। जहां कन्हैयालाल नाम के एक टेलर की दो समुदाय विशेष के व्यक्तियों ने गला काटकर हत्या कर दी थी। फिल्म कल यानी 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

## कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग, कुछ ही दिन पहले हुई थी ओपनिंग



**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग हुई है। कुछ दिनों पहले ही कनाडा में के सरे में उनके कैफे का उद्घाटन हुआ था। पत्नी गिन्नी चतरथ के साथ मिलकर उन्होंने कनाडा में एक शानदार रेस्टोरेंट खोला है। कैफे का नाम कैप्स कैफे रखा है।

खालिस्तान समर्थक समूह (बब्बर खालसा इंटरनेशनल) के एक कार्यकर्ता और एनआईए (भारत) के मोस्ट वांटेड आतंकवादी हरजीत सिंह लाडी ने इस गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। उनके कैफे को क्यों निशाना बनाया गया है, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है।

**सुविधा** — अब ट्रेन के सफर में यात्रियों को नहीं होगी कोई परेशानी

# व्हाट्सएप पर यात्री करें शिकायत, तुरंत होगा एक्शन



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे को देश की लाइफ लाइन कहा जाता है। रोज यात्री रोज ट्रेन के जरिए सफर करते है। ऐसे में रेलवे भी अब यात्रियों के सफर को आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के लिए व्हाट्सएप की मदद लेने जा रहा है। आने वाले दिनों में यात्री रेलवे स्टेशन या ट्रेन में सफर के दौरान होने वाली समस्याओं का समाधान अब व्हाट्सएप चैट के माध्यम से पा सकेंगे। रेलवे ने यात्रियों के लिए चैटबॉट सुविधा शुरू की है। देशभर में इसे लागू करने से पहले उत्तर रेलवे इसका ट्रायल कर रहा है।

रेल में सफर के दौरान यात्रियों को कई बार स्टेशन और ट्रेन में सफाई, शौचालय, बिजली, पानी, टिकट, कर्मचारी के व्यवहार, स्वास्थ्य खराब होने, ट्रेन परिचालन की देरी आदि से संबंधित शिकायतें होती हैं। इस तरह की समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए अभी मुख्य रूप से दो तरह की सुविधाएं मौजूद हैं। इनमें पहली सुविधा 139 हेल्पलाइन नंबर की है। इस पर कॉल करके यात्री अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। दूसरी सेवा रेल मदद ऐप है, जिसमें यात्री शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (एक्स) पर भी बड़ी संख्या में लोग शिकायत दर्ज कराते हैं। कई बार ये देखने में आया है कि, इन माध्यमों के जरिए की गई शिकायतों को हल में होने में काफी समय लग जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे की तरफ से चैटबॉट तैयार किया गया है। रेलवे की तरफ से उत्तर रेलवे के वाणिज्य विभाग को इस चैटबॉट का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर रेलवे में चल रहे ट्रायल में आने वाली शिकायतों एवं उसके समाधान को लेकर अध्ययन किया जाएगा। अगर इसके परिणाम रेलवे की योजना के अनुरूप रहे तो इस चैटबॉट को देशभर के लिए शुरू किया जाएगा। जिससे वाणिज्य विभाग द्वारा ज्यादा शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

### यात्री ऐसे और यहां करें शिकायत

रेलवे ने मोबाइल नंबर 7982139139 पर रेल मदद के नाम से चैटबॉट बनाया है। इस पर कोई भी यात्री नमस्ते, प्रणाम, हाय, हेलो आदि लिखकर अपनी बात शुरू कर सकता है। यह लिखते ही सबसे पहला सवाल आएगा कि शिकायतकर्ता स्टेशन पर मौजूद सेवा की शिकायत करना चाहता है या रेलगाड़ी की सेवा से परेशानी हुई है। रेलगाड़ी में सफर कर रहे यात्री को अपना पीएनआर नंबर डालना होगा जिसके बाद वह अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगा। वहीं, स्टेशन पर मौजूद शख्स वहां मौजूद कमियां जैसे एफओबी, पार्किंग, बेंच, शौचालय, स्टॉल आदि से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकेगा। यह शिकायत दर्ज होते ही अधिकारियों के पास पहुंचेगी और इसका तत्काल समाधान किया जाएगा। फिलहाल उत्तर रेलवे के स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में सफर करने वाले यात्री ही शिकायत दर्ज कर सकेंगे।

## कनाडा में हवा में टकराए दो विमान, हादसे में भारतीय छात्र की मौत

**ओटावा।** कनाडा के मैनिटोबा प्रांत में दो छोटे विमानों की हवा में टक्कर में भारत के एक छात्र पायलट की मौत हो गई। मृतक छात्र पायलट की पहचान श्रीहरि सुकेश के रूप में हुई है। वह कनाडा में पायलट बनने की ट्रेनिंग ले रहे थे। यह हादसा मंगलवार सुबह स्टीनबैक नाम के इलाके के पास हुआ, जो कनाडा के विनीपेग शहर से लगभग 50 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मौजूद है। इस हादसे में एक और छात्र पायलट की भी मौत हो गई, जिसका नाम सावाना मे रोयेस था। वह कनाडा की रहने वाली थीं।

दोनों पायलट फ्लाइट ट्रेनिंग स्कूल में ट्रेनिंग ले रहे थे। मामले में स्कूल के प्रमुख एडम पेनर ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब दोनों पायलट टेकऑफ और लैंडिंग का अभ्यास कर रहे थे और लैंडिंग स्ट्रिप की ओर आ रहे थे। भारतीय वाणिज्य दूतावास, टोरंटो ने बताया कि वह संपर्क में है और हर तरह की सहायता दे रहा है।

# देश में भिखारियों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार की योजना ‘स्माइल’

■ ऐतिहासिक और पर्यटन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर लागू होगी व्यवस्था



**नई दिल्ली।** केंद्र ने भिखारियों के लिए प्रमुख पुनर्वास कार्यक्रम में संशोधन किया है और इस कार्यक्रम में समर्पित आश्रय गृह, व्यावसायिक प्रशिक्षण, मनोवैज्ञानिक परामर्श, स्वास्थ्य सेवाएं समेत बच्चों के लिए शिक्षा जैसी व्यवस्थाएं शामिल की गई हैं। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि संशोधित स्माइल योजना दंडात्मक प्रतिक्रियाओं से अधिकार-आधारित, पुनर्वास दृष्टिकोण की ओर बदलाव का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य संवेदनशील व्यक्तियों को संरचित सहायता प्रदान करना है।

नवीन स्माइल योजना चार-स्तरीय रणनीति पर आधारित है पहले चरण में सर्वे व पहचान, फिर जनजागरूकता और समावेशन, इसके बाद राहत एवं आश्रय, और अंततः समग्र पुनर्वास की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य देश के सबसे वंचित वर्गों का दीर्घकालिक पुनर्वास सुनिश्चित करना और उनकी सामाजिक गरिमा बहाल करना है। यह योजना राज्य प्रशासन और संबंधित संगठनों के साथ साझेदारी में देश भर के तीर्थस्थलों, धार्मिक महत्व के स्थलों, ऐतिहासिक स्थलों और पर्यटन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लागू की जाएगी।

योजना के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, धार्मिक ट्रस्ट और तीर्थस्थल बोर्ड भी तीर्थस्थलों और धार्मिक स्थलों पर योजना के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। केंद्र ने इस योजना के लिए तीन वर्षों में 100 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं, जिसके तहत 2023-24 के लिए 30 करोड़ रुपये, 2024-25 के लिए 33 करोड़ रुपये और 2025-26 के लिए 37 करोड़ रुपये हैं। धनराशि तीन किश्तों में जारी की जाएगी।

CMYK

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025



# अब प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं रहेगी : सीडीओ



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जनपद में शिक्षा और मार्गदर्शन की नई शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत यूपीएससी और नीट की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु संचालित निशुल्क कोचिंग कक्षाओं का उद्घाटन सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।सीडीओ अभिषेक कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना राज्य सरकार की दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मार्गदर्शन की कमी न झेलनी पड़े। अब प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं रहेगी। कहा कि सरकार चाहती है कि हर गांव, हर कस्बे का छात्र यदि आईएएस, पीसीएस या डॉक्टर बनने का सपना देखता है, तो उसके सपनों को सही दिशा और मंच मिल सके कोचिंग कक्षाओं का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद सीडीओ अभिषेक कुमार स्वयं कक्षा में पहुंचे, विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उन्हें [illegible], [illegible] व [illegible] जैसी परीक्षाओं में सफल होने के लिए जरूरी रणनीति, आत्ममंथन और अनुशासन के सूत्र बताए। इस दौरान वे एक शिक्षक की भूमिका में नजर आए और बच्चों को कहा कि अगर लगन सच्ची हो तो कोई परीक्षा कठिन नहीं, मेहनत को दिशा देना ही सफलता की कुंजी है सीडीओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में कोचिंग संचालन हेतु शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की गई। [illegible] के लिए 12 व [illegible] के लिए 8 शिक्षक चयनित किए गए हैं, जो अपने शेड्यूल के अनुसार नित्य नियमित कक्षाएं संचालित करेंगे कार्यक्रम में डायट प्राचार्य डॉ. सीमा शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, विकास तेजस्वी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## चोरी का सामान व अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना ईसानगर पुलिस व स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 271/2025 धारा 307/317(2) बीएनएस, मु0अ0सं0-289/2025 धारा 331(4)/305(ए)/ 317(2) बीएनएस मु0अ0सं0-300/2025 धारा 331(4)/305(ए)/317(2) बीएनएस मु0अ0सं0-301/2025 धारा 331(4)/305(ए)/317(2) बीएनएस, मु0अ0सं0-303/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना ईसानगर खीरी के वांछित अभियुक्त गणों 1.जाबिर पुत्र सुल्तान नि0 ग्राम त्रिकोलिया थाना ईसानगर जिला खीरी 2. नसीम पुत्र नीसार निवासी ग्राम चन्द्रासकली थाना ईसानगर जिला खीरी को चोरी का सामान व अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

## एसपी संकल्प शर्मा ने किया चार प्रभारी निरीक्षकों समेत 11 दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में बदलाव

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** एसपी संकल्प शर्मा ने बुधवार देर शाम चार प्रभारी निरीक्षकों समेत 11 दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है, जबकि एसओ हैदराबाद को पुलिस लाइन भेजा है। दूसरे जोन के लिए पूर्व में स्थानांतरित हुए प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया अमित सिंह भदौरिया और ईसानगर प्रभारी निरीक्षक को हटाकर पुलिस लाइन भेजा है एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि थाना खीरी के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार उपाध्याय को इसी पद पर थाना पढ़ुवा भेजा है। वाचक पुलिस अधीक्षक इंस्पेक्टर गोपाल नारायण अब थाना भीरा के प्रभारी निरीक्षक होंगे। पढ़ुवा प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा को कोतवाली तिकुनिया और प्रभारी निरीक्षक चंदन चौकी मनोज कुमार को इसी पद पर थाना शारदा नगर भेजा है। एसओ मैलानी निराला तिवारी को थाना खीरी, थाना भीरा एसओ सुनील मलिक को थाना हैदराबाद, एसओ बृजेश कुमार सिंह को शारदा नगर से थाना मैलानी के एसओ पद पर भेजा है पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत दरोगा दुर्गापाल सिंह चंदन चौकी के एसओ बनाए गए हैं।

### बाइक से निकले दो छात्रों को बस ने मारी टक्कर, एक छात्र की मौत

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली गोला गोकर्णनाथ में गांव चौरिया से बाइक से निकले दो छात्रों शाहनवाज व शाकिब को लखीमपुर रोड पर बस ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से गोला सीएचसी भेजा जहां पर डॉक्टरों ने शाहनवाज (18) पुत्र नौशाद अली को मृत घोषित कर दिया। उसके साथी शाकिब का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया हादसा बृहस्पतिवार सुबह करीब 9ः00 बजे हुआ। आसपास के लोगों ने बताया कि हादसे के दौरान बस के नीचे बाइक फंस गई, जिससे वह कुछ दूर घिसटती चली गई। फिर चालक बस को लेकर वहां से भाग गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है शाहनवाज अपनी बाइक से गोला के कृषक समाज इंटर कॉलेज में कक्षा 11वीं का एडमिशन कराने जा रहा था।

# 1500 रुपये की नकदी और करीब एक लाख रुपये के जेवर चोरी

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सदर कोतवाली के गांव बनवारीपुर के एक घर में घुसे चोर जेवर और नकदी चोरी कर ले गए। सोकर उठने पर परिवार वालों को घटना की जानकारी हुई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है गांव बनवारीपुर निवासी राजकुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ खाना खा-पीकर घर में सो गए। रात में किसी समय चोर दीवार फांदकर उसके घर के अंदर घुस आए। कमरे में रखे बड़े बक्से का ताला तोड़ दिया। उसके अंदर रखे छोटे बक्से से 1500 रुपये की नकदी और करीब एक लाख रुपये के जेवर भी ले गए। परिवार के लोग जब सोकर उठे और कमरे में गए तो बिखरा सामान देख उन्हें घटना की जानकारी हुई बड़े बक्से के ताले टूटे मिले और छोटा बक्सा भी खाली मिला। उन्होंने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण किया। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूरी भव्यता व उत्कृष्ट ढंग से मनाया चातुर्मास कलश स्थापना दिवस

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** आचार्य श्री 108 विमर्श सागर महाराज का आज 30 जैन संत और आर्यिकारत्न का श्री दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मास कलश स्थापना दिवस भव्यता और उत्कृष्ट ढंग से धार्मिक परंपराओं और रीतियों के अनुरूप संपन्न हुआ। विदित हो कि सहारनपुर के इतिहास में यह पहली बार है जब 30 मयूर पिक्षिका एक साथ सहारनपुर के जैन मंदिर में विराजमान है। 30 जैन संत और आर्यिका रत्न का जैन बाग स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर की में चातुर्मास कलश स्थापना का भव्य कार्यक्रम का प्रारंभ जैन संत की अगुवानी तथा ध्वजारोहण से हुआ। आज जैन बाग प्रांगण में प्रातःकाल की मंगल बेला में गुरुपूर्णिमा महापर्व के साथ आचार्य संघ के मंगलमय कलश स्थापना सम्पन्न हुई। विशाल धर्म सभा के मध्य मंगलाचरण द्वारा सभा आरंभ हुयी। चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन के साथ आचार्य गुरुवर के चरण कमलों का प्रक्षालन किया गया। छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश से पधारे जिनागम पंथी यमन जैन द्वारा एवं शास्त्र भेंट दिल्ली से पधारे जिनागमपंथी टीनू जैन द्वारा किया गया। उत्सव महोत्सव पूर्वक शुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर अष्ट द्वयों द्वारा आचार्य गुरुवर की पूजन विभिन्न संस्थान संगठन एवं हजारों गुरु भक्तों द्वारा सम्पन्न की गयी। मेयर डॉ. अजय सिंह एवं नगर विधायक राजीव गुम्बर ने आचार्य श्री के चरणों में उपस्थित होकर गुरुवर के श्री चरणों अपनी भाव नियोजलि समर्पित की। आचार्य श्री ने दोनों ही राजनेताओं को अपना मंगल शुभाशीष प्रदान किया। नगर विधायक राजीव कुमार ने कहा कि आचार्य श्री का आशीर्वाद मिलना ही अपने आप में बहुत बड़ा सौभाग्य है। महापौर डॉक्टर अजय सिंह ने आचार्य श्री के चरणों में श्रीफल भेंट करते हुए कहा कि आचार्य श्री अपने त्याग ज्ञान के साथ-साथ अहिंसा परमो धर्म के लिए पूरे विश्व में पूजनीय है और अहिंसा परमो धर्म की आज केवल एक या दो व्यक्ति को नहीं पूरे विश्व को नितांत आवश्यकता है। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा कि सहारनपुर के इतिहास में पहली बार जैन संतों का संघ सहारनपुर नगर मे आगमन हुआ है यह निश्चित ही यहां के प्रत्येक व्यक्ति के पुण्य का फल है कि हमें अपने ज्ञान की पिपासा शांत करने का अवसर मिला है। आचार्य संघ के मंगल चातुर्मास का मुख्य कलश राजधानी दिल्ली के अनुभव-अनुराग जैन 'अहिंसा विमर्श परिवार' ने स्थापित करने का महासौभाग्य प्राप्त किया। आचार्य श्री ने अपने चार माह के प्रवास की सीमा 50 किमी. की निर्धारित की। आगामी चार माह में सहारनपुर के श्रावक-श्राविकायें विभिन्न प्रकार से ज्ञान-तप-आराधना में संलग्न रहेंगे। इस अवसर पर जैन समाज के संरक्षक राकेश जैन, उपचौधरी संदीप जैन, नितिन जैन, अजय जैन दीपक जैन, मुकेश जैन, पंकज जैन, विपिन जैन, वैभव जैन, संजय जैन, प्रवीण जैन, नरेंद्र जैन, रवि जैन, संजय जैन छोटा, विकास जैन, संजय जैन, अजय जैन, राजीव जैन सर्राफसहित सैकड़ो श्रावक-श्राविकाए उपस्थित रहे।

# चोरी की घटना में लिप्त महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार, आभूषण बरामद



**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात व सर्विलांस सैल की संयुक्त पुलिस टीम ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक महिला समेत तीन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया है।

पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों के समक्ष चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि विगत् 6 जुलाई को वादी राकेश कम्बोज पुत्र मेहर सिंह काम्बोज निवासी महाराजा गार्डन बेहट रोड थाना कोतवाली देहात ने आरोपियों के खिलाफ वादी के घर में अलमारी का ताला ठीक करने के नाम पर अलमारी का लॉकर खोलकर सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री बिंदल ने बताया कि आज मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात व सर्विलास सैल की संयुक्त पुलिस टीम ने मुकदमें त्वरित कार्रवाई करते हुए ताला ठीक करने के नाम पर आभूषण व कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों अजय सिंह पुत्र मनजीत सिंह निवासी मौहल्ला वारिया छोटे गुरुद्वारा के पास कस्बा, थाना गन्दवानी जिला धार मध्य प्रदेश, सरेन्द्र उर्फ सुलेन्द्र पुत्र राज सिंह निवासी मौहल्ला आकाश नगर निकट शेरपुर तालाब के पास थाना द्वारकापुरी जिला इन्दौर मध्य प्रदेश व पारस कौर पत्नि राज सिंह निवासी मौहल्ला वारिया छोटे गुरुद्वारा के पास कस्बा व थाना गन्दवानी जिला धार मध्य प्रदेश को महाराजा गार्डन कालोनी से गिरफ्तार कर लिया। श्री बिंदल ने बताया कि पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे व निशानदेही पर चोरी के आभूषण बरामद कर लिये। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी शातिर किस्म के अभ्यस्त अपराधी है, जो पहले घरो की रेकी करते थे, फिर किसी घर को चिन्हित करके उसमे से सोने चांदी के आभूषण व कीमती सामान चोरी कर लेते थे। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## पांच महिलाओं ने एसडीएम कोर्ट के आदेश के खिलाफ तहसील में आत्मदाह का किया प्रयास

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** मितौली में सेनपुर गांव की रहने वाली पांच महिलाओं ने बुधवार को एसडीएम कोर्ट के आदेश के खिलाफ तहसील में आत्मदाह का प्रयास किया। इससे तहसील में अफरातफरी मच गई। एसडीएम, सीओ तथा पुलिस ने महिलाओं से डीजल भरा डिब्बा व माचिस छीन कर मामले को शांत कराया। बुधवार को तहसील मितौली में एसडीएम कोर्ट के सामने सेनपुर गांव की रहने वाली संगीता, सुनीता देवी, शांति देवी, ज्ञानवती और सुशीला दो डिब्बा डीजल व माचिस लेकर बैठ गईं। उनका कहना था कि उनकी जमीन कस्ता ममरी मार्ग पर सेनपुर के पास है। इसमें करीब 13 खाते हैं। इसमें चार खातेदार को सड़क की तरफ जमीन दे दी गई है, जबकि सभी खातेदारों को सड़क की साइड में जमीन मिलनी चाहिए। अब उस जमीन पर धारा 80 घोषित कर दी गई, जो गलत है। एसडीएम रेनू मिश्रा, सीओ जितेंद्र सिंह परिहार, एसएचओ शिवाजी दुबे मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन महिलाओं से डीजल भरे डिब्बे व माचिस छीनकर मामले को शांत कराया। एसडीएम मितौली रेनू मिश्रा ने बताया कि उन्होंने नियमानुसार विधि पूर्वक आदेश जारी किया है।

# साइबर अपराध एवं साइबर स्लेवरी में प्रयुक्त सिम कार्ड बेचने वाले गैंग का पर्दाफाश

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने दक्षिण पूर्व एशिया (थाईलैण्ड, वियतनाम, लाओस तथा कम्बोडिया) के देशों में संचालित साइबर अपराध एवं साइबर स्लेवरी में प्रयुक्त सिम कार्ड बेचने वाले प्वाइंट ऑफ सेल का गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर महिलाओं समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों के समक्ष मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी आशीष तिवारी ने बताया कि थाना साइबर क्राइम पर विगत् 29 दिसम्बर 2024 मु0अ0सं0-92/24 धारा 318(4), 338बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया था, जिसमें वादी रोहित धीमान पुत्र राजपाल सिंह निवासी सम्भलहेड़ी थाना गागलहेड़ी के आधार कार्ड में कूटरचना कर बिना वादी की मंजूरी के फर्जी सिम निकालने आदि सम्बन्ध में तथ्य अंकित किये गये



थे। श्री तिवारी ने बताया कि उनके व पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम के निर्देशन में तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/उपाधीक्षक, साइबर क्राइम के नेतृत्व में घटना का संज्ञान लेते हुए तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम सहारनपुर के निकट पर्यवेक्षण में त्वरित कार्यवाही करते हुए मुकदमा में संलिप्त आम जनमानस की आईडी पर फर्जी सिम कार्ड निकालकर अनुचित लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व एशिया (थाईलैण्ड, वियतनाम, लाओस तथा कम्बोडिया) के देशों में बैठे साइबर अपराधियों को ओटीपी देकर व्हास्टअप लॉगिन कराने वाली दो महिलाओं समेत 08 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी। जिनमें मोहत्सीन पुत्र इलयास निवासी भनेडा टांडा थाना थाना मंगलौर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड, विपिन कुमार पुत्र ऋषिपाल, दुष्यंत पुत्र ऋषिपाल, मांगेराम पुत्र ऋषिपाल निवासीगण मुस्तफापुर मस्त थाना फतेहपुर, सचिन कुमार पुत्र भूषण निवासी दुल्हेड़ी थाना बडगांव, हुमा पुत्री शहजाद, अन्तरफा पुत्री जावेद निवासीगण टांडा बन्हेड़ा थाना मंगलौर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड व साजन कौशिक पुत्र भूपेन्द्र कुमार निवासी रुपनगर कालोनी थाना कोतवाली जगाधरी यमुनानगर हरियाणा शामिल रहे। एसएसपी ने बताया कि आरोपी विपिन कुमार द्वारा आधार कार्ड, पेन कार्ड से लिंक करने, आधार कार्ड में संशोधन करने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर अगूंठा एवं फोटो लेने का कार्य करता था और उनको बिना बताये फर्जी सिम निकाले जाते थे। साथ ही आधार कार्ड की ओटीपी अपनी दुकान पर आये ग्राहक से पूछकर उसका फोटो आधार कार्ड से उठाकर व अपना लाइव फोटो व अन्य किसी भी व्यक्ति का लगा देता था तथा फर्जी सिम जारी कर देता था, उसने करीब 873 सिम जारी किये थे। इसके अलावा आरोपी सचिन सिम बेचने का कार्य करता था। उसने 1000 सिम कार्ड एक्टिवेट कर अभियुक्ता हुमा को व अन्तरफा को एक्टिवेट 800 सिम कार्ड दिये थे। आरोपी हुमा व अन्तरफा ने व्हास्टअप पर ऑनलाईन कार्य करने के नाम पर अर्न्तराष्ट्रीय व्हाटसएप ग्रुप से जुड़कर सचिन तथा साजन से लिये गये प्रत्येक सिम के ओटीपी हेतु 80 से 100 रूपये प्राप्त कर अर्न्तराष्ट्रीय व्हास्टअप ग्रुप में ओटीपी उपलब्ध कराकर व्हाटसअप लोगिन कराये थे।

## अज्ञात चोर ने लाखों रूपये के सोने चांदी के आभूषण चुराये



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत बीती देर रात अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कत्थक नृत्यांगना रंजना नैब के घर में अज्ञात चोर ने लाखों रुपये मूल्य के आभूषण और सांस्कृतिक महत्व की वस्तुएं चुरा ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुट गयी। थाना सदर बाजार क्षेत्र की गोविंद नगर निवासी कत्थक नृत्यांगना रंजना नैब के भाई अतुल नैब ने बताया कि घटना रात 1.27 बजे की है। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति गेट का ताला तोड़कर घर में दाखिल होता है। चोर ने अलमारी और बैड में रखा सामान निकाला और मंदिर में रखी करीब 20 साल पुरानी मूर्तियां भी उठा ले गया। साथ ही, रंजना नेब को विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों में प्राप्त हुए चांदी के स्मृति चिन्ह, लगभग 35 चांदी के सिक्के और अन्य चांदी के आईटम भी चोरी कर लिए। अतुल नैब ने बताया कि सोने व चांदी का सामान मिलकर लगभग 6 लाख की चोरी हुई है। उन्होंने बताया कि घर से कोई नकदी चोरी नहीं हुई है। चोरों ने केवल चांदी, कुछ सोने के आभूषण और सांस्कृतिक धरोहरों को ही निशाना बनाया है।

# गुरु पुर्णिमा के पर्व पर भक्तों ने लिया बाबा का आशीर्वाद

## दरबार में हर्षोल्लास से मनाया गुरुपुर्णिमा पर्व

अवधनामा संवाददाता

**बिजनौर।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र से विख्यात सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों के आश्रम में गुरुपूजा पर्व हर वर्ष की भांति इस बार भी हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। गुरु पुर्णिमा के पावन पर्व पर एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र से विख्यात सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों के आश्रम में गुरुपूजा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।आश्रम में हवन तत्पश्चात वेद मित्रों का गायन हुआ, हवन के उपरांत संपूर्ण राष्ट्र और मानवता के कल्याण के लिए पारब्रह्म परमेश्वर की प्रार्थना की गई। सत्पुरुष बाबा के अनुयायियों ने बाबा को फूल माला, गुलदस्ता, दुसाला आदि भेंट कर बाबा का मंगल आशीर्वाद प्राप्त



किया। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर बाबा ने कहा परमेश्वर की कृपा से 40 दिनों का ये हमारा कल्प आज पूरा हुआ है आज सभी के व्रत खुल गए हैं व्रत रखने से हमारी आत्मा में प्रकाश होता है वही बाबा ने व्रत पूरा करने पर अपने अनुयायियों को गंगाजल वितरीत किया। हे ज्योतिपुरुष हे सनातन ब्रह्म में तेरी महिमा का गान करता हूं तेरी उपासना करता हूं तेरे मंत्र को जपते जपते मेरी अंतरात्मा में तेरा दिव्य प्रकाश छा गया है तूने मेरे दुर्गुणों को नष्ट कर दिया है और जो बाकी रहे हैं उनको भी तू दूर कर, मेरी अंतरात्मा में अपना चांदना कर दे हे प्रभु इस जगत वन से तू ही हमारा हाथ पकड़कर हमें अपने मोक्ष धाम की तरफ ले जाता है, तू हमे दैविक संपदा, आत्मिक संपदा प्रदान करता है ऐसी संपदा जिसका कभी भी कही भी अंत नहीं होता है हे प्रभु हमारा मस्तक तेरे आगे झुका हुआ है। भोजन को झूठा ना फेंके भोजन को फेंकने से पाप लगता है अगले जन्म में रोटी, चावल खाने को नहीं मिलेगा परमात्मा आपको कुछ और ही बना देगा। अन्न में प्राण बसते हैं अन्न ही ब्रह्म हैं अन्न का अपमान जो करता हैं अगले जन्म में अपमानित होता है अन्न देवता है उसको ख़ाके आंख खुलती है, ब्रह्म मार्ग में हमको बड़ी सावधानी से चलना चाहिए।

# नयी गौशाला के लिए भूमि तलाश कर प्रस्ताव भेजें: अंसारी

## अपर निदेशक ने किया गौशाला व एबीसी सेंटर का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निकाय उ.प्र के अपर निदेशक असलम अंसारी ने आज नगर निगम द्वारा संचालित मां शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला व श्वान बंध्याकरण एवं एंटी रेबीज टीकाकरण हेतु बेहट रोड स्थित एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला एवं एबीसी सेंटर में की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। अपर निदेशक ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा को नयी गौशाला निर्माण के लिए भूमि तलाश कर शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। अपर निदेशक नगर निकाय असलम अंसारी आज दोपहर नवादा रोड स्थित मां शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला पहुंचे और गौवंश के रखरखाव, चारा-पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था का गौशाला भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने गौमूत्र से गोनाइल (फिनाइल) बनाने की यूनिट, गोबर से दिए बनाने की प्रक्रिया, गोबर गैस प्लांट तथा गोबर से जैविक खाद बनाने की यूनिट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रक्षाबंधन की तैयारियों के लिए गोबर से बनायी जा रही राखियां तथा स्वतंत्रता दिवस के लिए बनाये जा रहे तिरंगा चेस्ट बैज देखकर हर्ष व्यक्त किया। गौशाला प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा ने अपर निदेशक को बताया कि गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गौशाला में 25 से अधिक गौ-उत्पाद बनाये जा रहे हैं जिसके लिए इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड ने कान्हा गौशाला को 'वर्ल्ड रिकॉर्ड' से सम्मानित किया है। निगम की कान्हा गौशाला को 'आईएसओ-9001ः 2015' प्रमाण पत्र भी हासिल हो चुका है जिससे निगम के गौ-उत्पादों की विश्वसनीयता बाजार में बढी है। उन्होंने बताया कि निगम की कान्हा गौशाला देश की ऐसी पहली गौशाला बन गई है जिसके उत्पाद ऑन लाइन बिक्री के माध्यम से अब तक नौ राज्यों में भेजे जा चुके है। इससे पूर्व अपर निदेशक अंसारी ने नगर निगम के बेहट रोड स्थित श्वान बंध्याकरण एवं एंटी रेबीज टीकाकरण हेतु एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का भी निरीक्षण किया।

## मेरठ में निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करने के दौरान नीचे गिरकर एक 30 वर्षीय युवक की मौत



अवधनामा संवाददाता

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव कासमपुरगढ़ी निवासी एक 30 वर्षीय युवक की मेरठ मे निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करने के दौरान नीचे गिरकर मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बृहस्पतिवार को परिजन बिना पुलिस कार्रवाई किये मृतक का शव अपने साथ गांव में लेकर पहुंची जहां मृतक युवक को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कासमपुरगढ़ी निवासी इकरार अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका चचेरा भाई मारूफ उम्र 30 वर्षीय पुत्र फारूख मेरठ में पीओपी का काम बिल्डिंग में करता था।

बुधवार को मेरठ में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में पीओपी का काम कर रहा था। अचानक उसका पैर हल्की जगह में रखा गया जहां बिल्डिंग के नीचे गिरने के दौरान मौके पर ही मारूफ मंसूरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा बृहस्पतिवार को बिना पुलिस कार्रवाई किये मृतक युवक मारूफ मंसूरी का शव को लेकर अपने घर पहुंची जहां जोहर नमाज के बाद मृतक युवक मारुफ मंसूरी के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# शौचालय से निकली महिला को अचानक सांप ने डंस लिया

अवधनामा संवाददाता

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी निवासी एक 28 वर्षीय महिला को शौचालय से निकलने के दौरान सांप ने डंस लिया। वही महिला की चीख-पुकार की आवाज सुनकर परिजन महिला की ओर दौड़ पड़े जहां सांप मौके से भाग गया महिला को परिजनों द्वारा सीएचसी में ले जाकर इलाज कराया गया। अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी निवासी कंचन उम्र 30 वर्षीय पत्नी सोहित चौहान बुधवार की देर रात करीब दो बजे लगभग घर से बाहर शौचालय के लिए निकली थी। शौच करने के दौरान जैसे ही वह शौचालय से बाहर की ओर निकली तो अंधेरे में शौचालय के पास हो रही हरी भरी घांस में छिपे सांप ने उसे डंस लिया। महिला को सांप द्वारा डसने के दौरान महिला की हालत बिगड़ी तो महिला की चीख-पुकार की आवाज सुनकर परिजन महिला की ओर दौड़ पड़े जहां सांप मौके से भाग गया महिला को परिजनों द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ में ले जाकर इलाज कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला कंचन को हायर सेंटर रेफर कर दिया।



# व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

- गुरु पूर्णिमा के आनुष्ठानिक कार्यक्रम की व्यस्तता के बाद भी सीएम ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं
- निस्तारण के लिए अफसरों को दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर आनुष्ठानिक कार्यक्रम की व्यस्तता के बावजूद जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।

गुरुवार सुबह गुरु पूर्णिमा पूजन के बाद गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

## जीवन बीमा निगम कर्मचारियों ने तालाबंदी कर की हड़ताल

- बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआईं और पुरानी पेंशन के मुद्दों पर सभी कर्मचारी हड़ताल पर

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय जालौन में केंद्रीय श्रम संगठनों एवं औद्योगिक संगठनों के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाते हुए ऑल इंडिया इंश्योरेंस इंप्लाइज एसोसिएशन के आह्वान पर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों आर्थिक नीतियों के खिलाफ हड़ताल कर विरोध किया।

केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों तथा आर्थिक नीतियों के खिलाफ भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों ने हड़ताल कर विरोध जताते हुए कहा कि बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफ डी आई के प्रस्ताव के विरोध में पुरानी पेंशन के मुद्दों पर सभी कर्मचारी हड़ताल पर हैं। सुबह से ही झंडा बैनर के साथ गेट पर पूर्ण तालाबंदी कर सरकार के विरोध में नारेबाजी भी की। कानपुर डिविजन इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन की यूनिट जालौन के अध्यक्ष सुशील कुशवाहा और सचिव अफसर अहमद और राम मोहन के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए महामंत्री अफसर अहमद ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां जन विरोधी है तथा बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने की है।निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है एवं श्रमिकों के अधिकारों को दबाया जा रहा है।

सरकार सार्वजनिक संस्थाओं और देश के पब्लिक सेक्टर को निजी हाथों को सौंपने का काम कर रही है।जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को दशकों से मजबूती प्रदान की है। सभी साथियों से जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एक व्यापक जन आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। सुशील कुशवाहा ने कहा कि इस समय देश में महंगाई चरम पर है बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। स्थाई नौकरी की जगह आउटसोर्सिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है जो कि देश हित में नहीं है। जनता से एकजुट होकर इन नीतियों का विरोध करने का आह्वान किया गया।

## गुरु पूर्णिमा पर लंगड़ा बाबा मंदिर पहुंचे विधायक, शरणानंद जी महाराज से लिया आशीर्वाद



**गोरखपुर।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम पाली स्थित लंगड़ा बाबा मंदिर में देखने को मिला। क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने इस पावन दिन पर मंदिर पहुंचकर पूज्य शरणानंद जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री शुक्ला ने कहा, गुरु परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। गुरुओं का मार्गदर्शन जीवन को सार्थकता और दिशा देता है। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का दिव्य भाव व्याप्त रहा। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, अखिलेश उर्फ मल्लू सिंह, मनोज सिंह, अभिमन्यु मौर्य, शिवचरण प्रसाद, रामबुझारत पासवान, ब्रह्म दत्त गिरी, धर्मेंद्र कुमार दुबे, सुनील निगम, अभिषेक मिश्रा अविनाश, अभिषेक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कम संख्या होने पर कोटा का चयन स्थगित

**गोरखपुर ।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत रामपुर गड़थौली में वृहस्पतिवार को सरकारी राशन गल्ले की दुकान का चयन करने के लिए तिथि निर्धारित किया गया था। नीयत समय में ब्लाक कर्मी चयन प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए चयन स्थल पर पहुंच गए। और कोरम पूरा करने के बाद दावेदारी पेश करने का निर्देश दिए। जिसमें तीन लोगों ने चयन प्रक्रिया में दावेदारी पेश किया। मौजूद अधिकारियों ने ग्रामीणों की उपस्थिति कम देखते हुए खुली बैठक को स्थगित करने का निर्णय लिया। इस दौरान एडीओ पंचायत रामधारी सिंह,एडीओ कृषि,प्रधान ओम प्रकाश गुप्ता,ग्राम सचिव मानवेंद्र निषाद सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## शौचालय बनाने की बात को लेकर देवर ने पीटा

**गोरखपुर ।** गीडा थाना क्षेत्र के तेनुहारी निवासी प्रीति देवी पत्नी औतार का देवर से बुधवार को 9 बजे शौचालय बनाने की बात को लेकर विवाद हो गया था।इसी बात को लेकर देवर और इसकी पत्नी ने मिलकर मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ओमकार और इसकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पुलिस कांवड़ियों के भेष में करेगी निगरानी, 550 से अधिक सीसीटीवी कैमरों/ड्रोन से रखी जाएगी नजर



**अलीगढ़।** श्रावण मास कांवड़ यात्रा 2025 की तैयारियों एवं मन्दिरों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था/ जलाभिषेक के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन व श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन महोदय के निर्देशन में हाइटेक कांवड़ कंट्रोम रुम की कि गई शुरुआत । एसएसपी द्वारा धार्मिक कांवड यात्रा के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु सम्पूर्ण कांवड़ मार्ग को 06 रूट में बांटा गया है जिसकी निगरानी के लिये ऑपरेशन त्रिनेत्र, नगर निगम व कांवड़ यात्रा के लिये लगाये गये 550 से अधिक सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी की जा रही है ।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मारा छापा

**सिद्धार्थनगर।** आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ एवं जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में गुरुवार को गौरा बाज़ार, शोहरतगढ़, सनई चौराहा एवं खजुरिया रोड नौगढ़ में सहायक आयुक्त खाद्य, आर.एल. यादव के निर्देशन में टीम द्वारा छापा मारकर कुल 9 नमूना क्रमशः किशमिश, बादाम, बेसन, अजवाइन, खारी, प्रोटीन पाउडर, न्यूरोविटामिन का नमूना संग्रहित किया गया।

नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने, मिलावटी खाद्य पदार्थों एवं पीसे खुले मसालों की बिक्री न करने के लिये निर्देश दिया गया।

# राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रमाशंकर जायसवाल पर बेटे और बहू ने लगाए प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

- प्रेसवार्ता करके प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** कोऑपरेटिव फेडरेशन के उपसभापति राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रमाशंकर जायसवाल पर उनके बेटे और बहू ने गंभीर आरोप लगाते हुए शास्त्री चौक स्थित प्रेस क्लब पर प्रेस वार्ता की। बहु वरदा त्रिपाठी ने आरोप लगाते हुए कहा कि हमारी शादी वर्ष 2018 में बड़े ही धूमधाम से हुई जिसमें मेरे पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से 50 लाख रुपए खर्च किया, लेकिन शादी के 2 साल के बाद दहेज के लोभी ससुर रमाशंकर जायसवाल लगातार दहेज को लेकर मुझे प्रताड़ित करते रहते है। कोविड के दौरान मेरे पति का कारोबार बंद होने के बाद से ये लोग और अधिक उत्पीड़न करने लगे ,दहेज के लिए ताने मारते थे क्योंकि मैं ब्राह्मण जाति से हूं और जयसवाल परिवार में शादी की है मैं अपने पिता की इकलौती संतान हूं और पिता के पास अधिक प्रॉपर्टी भी है इस लालच में मेरे ससुर ,जेठ ,जेठानी सभी लोग गाली गुप्ता और मारते पीटते रहते हैं कई बार तो मुझे जलाया भी गया। अब मैं इन लोगों के अत्याचार से तंग आ चुकी है जिसकी शिकायत मैंने उच्च अधिकारियों से भी की है लेकिन ऊंची रसूख होने की वजह से ससुर और उनके परिवार के किसी भी सदस्य के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं सकी। मेरी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग है कि रमाशंकर जायसवाल को उनके पद से हटाकर निष्पक्ष रूप से जांच कराई जाए और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, मुझे डर है कि यह लोग मेरे परिवार की हत्या भी करवा सकते हैं।

दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री के बेटा रोहित जायसवाल ने कहा कि मेरे पिता ने चेक बाउंस करवा करके फर्जी मुकदमा दर्ज कराया और मुझे जेल तक भेजवा दिया अब वह मुझे अपने जायदात से बेदखल कर रहे हैं। मैं अपनी पत्नी और 6 साल के बेटे को लेकर कहां जाऊं मेरे पति अपने पिता के कहने पर लखनऊ ले गए, 3 साल ड्राइवर बनाकर भी रखा और वेतन भी नहीं दिया। मेरे पिता ने कई लोगों से जमीन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए भी लिए और तकादा करने आए लोगों को मेरे नाम से चेक दे दिया और बॉउन्स करा कर मेरे ऊपर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया। मुझे और मेरे परिवार का लगातार उत्पीड़न कर रहे हैं मेरी मांग है कि पहले उनके पद से उन्हें हटाया जाए क्योंकि वह पद पर रहते हुए निष्पक्ष जांच को प्रभावित कर सकते हैं।

वही इस संबंध में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रमाशंकर जायसवाल से दूरभाष पर हुई बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह पूरी तरीके से मनगढ़ंत है और मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है मेरे पुत्र ने लाखों रुपए का कर्ज ले रखा था जिसे मैंने भरा है आए दिन परिवार में यह लोग उत्पाद मचाते रहते हैं मैं डर के मारे कमरा बंद कर के सोता हूं। यह लोग किसी दिन कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। बरहाल पारिवारिक विवाद अब पुलिस थाना, कोर्ट और मीडिया तक आ चुका है जिसकी निष्पक्ष जांच होना ज़रूरी है।

## सांसद मुकेश राजपूत व भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा संतों का सम्मान कर गायों को गुड़ खिलाया गया

अल्ताफ उल्लाह खान



**फर्रुखाबाद।** बृहस्पतिवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने पूरे जनपद में संत समाज सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत सभी मंडलों में स्थापित प्रसिद्ध मठ और मंदिरों में संतों एवं पुजारियों का अभिनंदन किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कमालगंज में स्थित राम जानकी मंदिर में पुजारियों का सम्मान किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया भारतीय संस्कृति में गुरु पूर्णिमा पर्व का बहुत महत्व है भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर पूरे जनपद में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम को मनाने का निर्णय लिया गया इसके अंतर्गत जनपद के सभी मंडलों में स्थापित प्रसिद्ध मंदिरों की देखरेख करने पुजारी एवं महतं को सम्मानित करने का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के समस्त पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई है। भारतीय संस्कृति में गुरु और महंत को सबसे ऊंचा दर्जा दिया गया है। वेदों और पुराणो को जीवंत रखने के लिए महंत का बहुत योगदान होता है। जिला अध्यक्ष ने बताया खुदागंज में स्थित सिद्ध गुफा में स्थापित हनुमान मंदिर के पुजारी रतिराम दास जी महाराज कथा वाचक राजू बमबम चतुर्वेदी काव्य रामायणी राजन अवस्थी पांचाल घाटी स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास जी महाराज का सम्मान किया गया इस अवसर पर भाजपा की पूर्व नगर प्रचार मंत्री पंकज वरिष्ठ नेता गोपाल पालीवाल आदि लोग मौजूद रहे।

सदर विधानसभा क्षेत्र के फतेहगढ़ मंडल में स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी जिला महामंत्री डीएस राठौर पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष रमला राठौर जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना मंडल उपाध्यक्ष विटाना चौहान रेखा सोमवंशी अनिल प्रताप सिंह राठौर एवं मुकेश राठौर के साथ धर्म गुरुओं एवं पुजारी का सम्मान किया गया।

सांसद मुकेश राजपूत ने पांचाल घाट स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम पहुंचकर महंत ईश्वर दास महाराज एवं गुरुदेव मौनी महाराज का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया।

## प्रेमिका की हत्या करने वाला 25 हजार का ईनामी युवक गिरफ्तार

**उरई (जालौन)।** 25 हजार का ईनामी अपनी प्रेमिका की हत्या करने बाले आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़ने में सफलता पाई है।पकड़े गये युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। ऋषि तिवारी निवासी ग्राम डकोर थाना डकोर ने कोतवाली पुलिस को 28मई में सूचना देते हुये बताया था कि उसकी पत्नी पुष्पा 25 मई को अपने मायके जालौन आई थी। दो दिन रहने के बाद वह डकोर जाने की कह कर जालौन से कहीं चली गयी जिसका कहीं पता नहीं चल रहा है पुलिस ने पति की सूचना पर गायब पुष्पा की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। इसके बाद ऋषि तिवारी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी पुष्पा का सात जून की मध्यरात्रि में फोन आया जिसमे उसने बताया कि आज उसका आखिरी दिन है अभिषेक श्रीवास्तव उसकी हत्या कर सकता है। इसके बाद नौ जून को उत्तराखंड पुलिस का उसके पास फोन आया, जिसमे पत्नी का शव मिलने की सूचना दी गयी थी।

इस पर स्थानीय पुलिस ने पति की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। उक्त आरोपी को पकड़ने के लिये कोतवाल अजीत सिंह ने एस एस आई गौरब मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम गठित की और एक महीने बाद उक्त आरोपी को पकड़ने में कामयाबी हासिल कर ली।कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी किसी काम के चलते सात मील के पास खड़ा था सूचना मिलते ही उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गये आरोपी से पूछताछ में उसने बताया कि वह ऋषि तिवारी के यहां वह उनके बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने जाता था वहीं पर उनकी पत्नी से मुलाकात हो गयी। फोन करके वह घर पर बुलाती थी। मैं दिल्ली काम करने चला गया तो वह फोन करके परेशान करती थी। मई महीने में वह भागकर दिल्ली आ गयी।मैं उसे अपने कमरे पर ले गया। फिर उत्तराखंड आदि घूमने चले गये।जहां पर एक होटल में रुके 7 जून को पुष्पा और हमने शराब पी ली थी।

## व्यापार संगठन के नए इकाई का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह

अवधनामा संवाददाता



**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के तत्वावधान में अलीगढ़वा व्यापार संगठन के नए इकाई का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह एक विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ।जिसके मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही रहे। कार्यक्रम में नगर के व्यवसाइयों द्वारा सर्वसम्मति से अशोक कुमार वर्मा को नगर का अध्यक्ष चुना गया जिसके पश्चात उन्हें बधाई दी गई । वहीं उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कसौधन के द्वारा अलीगढ़वा नगर की घोषित हुई टीम में अशोक कुमार वर्मा -अध्यक्ष, दूधनाथ कसौधन -उपाध्यक्ष, अजीत कसौधन -उपाध्यक्ष, संजय कसौधन -महामंत्री, जगमोहन सहानी-मंत्री, प्रदीप कसौधन -मंत्री, रामनरायन कसौधन -मंत्री, महेश कुमार कसौधन -मंत्री , दिलीप कुमार कसौधन -मंत्री ,सुभम मोदनवाल -मंत्री, राहुल कसौधन- कोषाध्यक्ष, जगदीश सहानी- मीडिया प्रभारी, मिठाई लाल -वरिष्ठ सलाहकार चुने गए।

कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि राष्ट्र की आर्थिक उन्नति में देश के व्यवसायियों का बहुत बड़ा योगदान होता है। नव गठित टीम से जुड़े सभी व्यापारी से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्र में एक दूसरे से जुड़े रहकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में भी अपना योगदान देते रहे ताकि समाज में एक नया संदेश जाए और समाज में एक सकारात्मक विचार एवं आदर्श स्थापित हो। जिलाध्यक्ष व्यापार संगठन अजय कसौधन ने कहा कि जिला उद्योग व्यापार संगठन व्यापारी हितों को लेकर लगातार संघर्ष करता रहा है और आगे भी सभी के हितों की लड़ाई लड़ता रहेगा। कार्यक्रम को निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, भीमचंद कसौधन, राणा प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार वर्मा, राजकमल जायसवाल, कंचन वर्मा आदि ने सम्बोधित करते हुए नव गठित टीम को बधाई दिया। इस अवसर पर रामस्वरूप अग्रहरि, हृदयराम वर्मा, ग्राम प्रधान संतराम चौधरी, कंचन वर्मा, आनंद चौधरी, बैजनाथ वर्मा, राहुल कसौधन, पवन कसौधन, जगमोहन साहनी, संजय कसौधन, रामनिवास विश्वकर्मा सौरभ पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में व्यवसायी उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के साथ पैसा कमा रहे किसान

**कार्बन क्रेडिट**

- गोरखपुर मंडल के 67 किसान 4,40,000 के धनलाभ के लिए सूचीबद्ध
- किसानों को लगाये गये पौधों से प्रति कार्बन क्रेडिट 6 डॉलर देने की है योजना

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** धरती की हरीतिमा बढ़ाने में सरकार की कार्बन क्रेडिट स्कीम (कार्बन फाइनेंस प्रोजेक्ट) गेम चेंजर साबित हो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि किसानों के लिए यह योजना 'आम के आम और गुठलियों के दाम' सरीखी है। इसका असर भी दिखने लगा है। गोरखपुर मंडल में 67 ऐसे किसानों को सूचीबद्ध किया गया है जिन्हें इस योजना के लाभ के एवज में 4,40,000 रुपये की धनराशि मिलने जा रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक देश को कार्बन शून्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के प्रयासों की एक कड़ी कार्बन क्रेडिट स्कीम भी है। इस स्कीम को प्रदेश की योगी सरकार ने प्राथमिकता से लागू किया है। इस स्कीम के तहत किसानों द्वारा कृषि वानिकी में किए गए पौधरोपण से कार्बन क्रेडिट के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि होगी। इस योजना में किसानों को उन पौधों का रोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो तेजी से बढ़ते हैं। इसमें छह अमेरिकी डॉलर के हिसाब से प्रति कार्बन क्रेडिट की खरीद होगी जिससे किसानों को लगाए गए प्रत्येक पेड़ के लिए 250-350 रुपये की आमदनी होगी। यह आय वृक्ष की कीमत के अतिरिक्त होगी।

इस योजना को लागू करने में प्रदेश सरकार ने द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट (टेरी) का सहयोग लिया है। लगाए गए पौधों के ग्रोथ का सर्वे कराने के बाद टेरी द्वारा ऑनलाइन पेमेंट किसानों के बैंक खातों में किया जा रहा है।

गोरखपुर मंडल इस स्कीम के पहले चरण में शामिल है। मंडल में गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और देवरिया जिले के 67 किसानों को कार्बन क्रेडिट का लाभ मिलने जा रहा है। लाभान्वित होने जा रहे किसानों में से एक सहजनवा क्षेत्र के योगेंद्र नाथ मिश्र भी हैं। उन्हें कार्बन क्रेडिट की एवज में 10000 रुपये मिलने हैं। उनकी अनुपस्थिति में उनके पुत्र से हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि योगी सरकार, पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने के साथ ही हम किसानों की आय बढ़ाने का भी प्रयास कर रही है। हमारे खाते में पैसा आते ही अन्य किसान भी जागरूक होंगे। कार्बन क्रेडिट के बदले 10000-10000 रुपये के लाभ के लिए सूचीबद्ध देवरिया के पथरदेवा ब्लॉक के जयराम राय और कुशीनगर जिले के पडरौना क्षेत्र के ओमप्रकाश सिंह का भी मानना है कि यह योजना काफी अच्छी है। पेड़ हमारे रहेंगे और इसे लगाकर देखभाल करने का पैसा सरकार दे रही है। गर्व भी रहेगा कि पर्यावरण संरक्षण में हमारा भी योगदान रहेगा।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग जून माह में प्रदेश में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड मासिक रैंकिंग में जनपद जालौन ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रशासनिक दक्षता, योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और पारदर्शी कार्य संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह सफलता माह जून 2025 की रैंकिंग में दर्ज की गई, जो दर्शाती है कि जनपद लगातार विकास कार्यों और राजस्व प्रगति में अग्रणी बना हुआ है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड प्रदेश के समस्त जनपदों के लिए एक महत्वपूर्ण मूल्यांकन प्रणाली बन चुका है, जिसके अंतर्गत शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, विकास गतिविधियों तथा राजस्व वसूली की स्थिति का आंकलन किया जाता है। जनपद जालौन का प्रदर्शन पिछले एक वर्ष से लगातार सराहनीय रहा है।जनवरी 2024 में जहाँ जालौन की रैंक 18 थी, वहीं फरवरी और मार्च में लगातार प्रथम स्थान पर पहुंचकर जनपद ने प्रशासनिक मजबूती का परिचय दिया।

## वार्ड-8 सराय लावरिया में बनेगा पार्क व वार्ड कार्यालय जलकल कंपाउंड के आवासों का होगा सत्यापन

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** नगर निगम अलीगढ़ द्वारा नागरिक सुविधाओं को प्रभावी बनाने और विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रयासरत नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने आज वार्ड संख्या 8, सराय लावरिया का पार्षद राकेश ठाकुर के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुराने जलकल कंपाउंड, नगर निगम क्वार्टरों में निवासरत लोगों की स्थिति का जायजा लिया और क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि नगर निगम के पुराने जलकल कंपाउंड में वर्षों से रह रहे परिवारों का भौतिक सत्यापन अभियान चलाया जाएगा, ताकि वास्तविक रूप से निवास कर रहे लोगों की पहचान की जा सके। उन्होंने सम्पत्ति प्रभारी को सत्यापन कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाएगा।

निरीक्षण में नगर आयुक्त ने क्षेत्र में स्थित पुराने एवं कण्डम शौचालय को हटाने का निर्देश देते हुए कहा कि उस स्थान पर नागरिक सुविधा हेतु वाटर बॉक्स में वार्ड कार्यालय का निर्माण कराया जाएगा। इससे वार्ड के लोगों को स्थानीय स्तर पर शिकायतों के निराकरण, फॉर्म भरवाने तथा निगम से जुड़ी सेवाओं की सुविधा मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित एसएफआई रामजीलाल व सुखमा कंपनी हैड को कड़ी फटकार लगाते हुए वार्ड में विशेष सफाई अभियान तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए। जलभराव, नालियों की सफाई और कीटनाशक छिड़काव की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि लोगो को स्वच्छ वातावरण मिल सके। वार्ड में ग्रीन एरिया बढ़ाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त ने अधिकारियों को पार्क विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाली पड़ी निगम भूमि को चिन्हित कर वहां हरियाली और बच्चों के खेलने के लिए सुरक्षित स्थान तैयार किया जाएगा। नागरिक सुविधाओं को प्रभावी बनाने के लिए पार्षदों के सहयोग से हम जमीनी स्तर की समस्याओं को चिन्हित कर रहे हैं। सराय लावरिया क्षेत्र में जलकल क्वार्टरों के सत्यापन से लेकर सफाई और पार्क जैसे विकास कार्यों पर प्राथमिकता से काम होगा।

# श्रावण मेला व कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक ने किया स्थलीय निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रावण मास के आगमन से पहले अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए मंडलायुक्त गौरव दयाल व पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने आज प्रमुख मार्गों और स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य तीर्थयात्रियों को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करना था। रामपथ से राम की पैड़ी, हनुमान गुफा से होते हुए दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय, रामघाट चौराहा, कांशीराम आवासीय कॉलोनी, परमा अकादमी मार्ग, हलकारा का पुरवा चौराहा, बूथ नंबर 4 चौराहा होते हुए दर्शननगर सूर्यकुंड तक निरीक्षण किया गया।मंडलायुक्त दयाल ने बताया कि श्रावण मास के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचते हैं और सरयू जल से विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी प्रमुख मार्गों की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि जहां-जहां सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें तत्काल मरम्मत कर समतल किया जाए। खुले नालों को शीघ्र बंद कराया जाए। लटकते हुए विद्युत तारों को सही कर सुरक्षित किया जाए। राम की पैड़ी पर निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए और कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किया जाए। पटरी दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाए।इसके अलावा घाटों पर सफाई, पेयजल, प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नागेश्वरनाथ मंदिर मार्ग पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है, जिससे कांवड़ यात्रा निर्बाध रूप से संपन्न हो सके। मंडलायुक्त और आईजी ने अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडेय तथा पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्गों का भौतिक निरीक्षण कर सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी कराई जाएं। निर्माण एजेंसियों को भी हिदायत दी गई कि सड़कों पर पड़ी निर्माण सामग्री तत्काल हटवाई जाए।इस अवसर पर मेला सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, यूपीपीसीएल के अधिकारीगण, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मत्स्य पालन से जुड़कर महिलाएं बन रहीं सशक्तः डा.बिजेंद्र

**कुमारगंज -अयोध्या।(अवधनामा संवाददाता)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय सभागार में राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस के अवसर पर ÷अवध क्षेत्रों में सतत जलीय कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा पीएम एमएसवाई एवं पीएम एमकेएसएसवाई÷ विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डा. रवींद्र कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर कुलपति ने पांच जनपदों के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि मछली जलीय पर्यावरण पर आश्रित होतीं हैं। जलीय पर्यावरण को संतुलित रखने में मछली की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मछलियों के स्वस्थ्य बीजों का विश्वविद्यालय से क्रय करके संचयन की सलाह दिया। मछलियों में लगभग 13 से 22 प्रतिशत प्रोटीन होता है। 01 से 3.5 प्रतिशत खनिज पदार्थ एवं 0.5 से 20 प्रतिशत वसा पायी जाती है। कैल्शियम, पोटेशियम, फास्फोरस, लोहा, सल्फर, मैग्नीशियम, तांबा, जस्ता, मैग्नीज, आयोडीन आदि खनिज पदार्थ मछलियों में उपलब्ध होते हैं। कुलपति ने कहा कि वर्तमान में मत्स्य पालन से 2 करोड़ 80 लाख लोगों का जीविकोपार्जन हो रहा है। मछली पालन में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है, जो न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार कर रही है बल्कि उन्हें सशक्त भी बना रही है विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डा. रवींद्र कुमार ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में मात्स्यिकी क्षेत्र का योगदान 1.1 प्रतिशत तथा कृषि में मात्स्यिकी का योगदान 6.72 प्रतिशत है। मछली उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बेहतर स्थिति में है तथा वर्ष 2022-23 में कुल मत्स्य उत्पादन 9.15 लाख टन दर्ज किया गया।

# भवदीय पब्लिक स्कूल में छात्र-परिषद चुनाव सम्पन्न, छात्रों को दी गई जिम्मेदारी

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** भवदीय पब्लिक स्कूल में छात्र-परिषद का चुनाव गुरूवार को संपन्न हुआ। जिसका उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व, सेवा और जिम्मेदारी की भावना का विकास करना रहा। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, सुनील तिवारी, विद्यालय प्रबंधक डॉ. अवधेश कुमार वर्मा एवं निदेशिका डॉ. रेनू वर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत एनसीसी एवं स्काउट गाइड के छात्रों ने किया। चयनित छात्र-परिषद सदस्यों को मुख्य अतिथि ने बैज पहनाकर जिम्मेदारियां सौंपीं और शपथ दिलाई।

सभी सदस्यों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन, छात्र कल्याण और प्रबंधन सहयोग के लिए समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ ली। मुख्य अतिथि सीडीओ कृष्ण कुमार ने कहा कि छात्र सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पुस्तकों से मित्रता करें। शिक्षक सम्मान और अनुशासन से शिक्षा प्राप्त करें। पुस्तकों में ही विकास का मार्ग छिपा है। स्वयं आगे बढ़ें और दूसरों को साथ लें। छात्र प्रमुख अर्श उपाध्याय ने विद्यालय की व्यवस्था व अनुशासन के प्रति समर्पण जताया। छात्रा प्रमुख अक्षिता वर्मा ने प्रबंधन व शिक्षकों का आभार जताते हुए उत्तरदायित्व को आत्मविश्वास के साथ निभाने का संकल्प लिया।

# दो बाइक की टक्कर 4 लोग घायल, एक को सिर में चोट जिला अस्पताल रेफर



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** फतेहपुर तहसील में साढ़ेमऊ बाजार के पास स्थित बड़ी नहर मोड़ पर गुरुवार की सुबह 10ः30 बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। पहली बाइक पर थाना रामपुर मथुरा के इटिया गांव के निवासी रेखा (35) और उनके पति निर्देश (41) सवार थे। वे धनतिया कार्यक्रम में शामिल होने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। दूसरी बाइक पर बड्डूपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव के अशोक कुमार (50) और राम सिंह (48) सवार थे। वे कोटवा धाम की यात्रा पर निकले थे। टक्कर में अशोक कुमार को सिर में गंभीर चोट आई। उनकी नाक से लगातार खून बह रहा था। डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए सीटी स्कैन की सलाह दी है। रेखा, निदरेष और राम सिंह को भी चोटें आईं। उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। ?स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले जाया गया। बाद में अशोक कुमार को जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया गया।

# अवैध विद्यालयों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शिक्षक संघ हुआ मुखर, बीएसए को सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, अयोध्या द्वारा जनपद में धड़ल्ले से संचालित हो रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा नगर विधायक माननीय वेद प्रकाश गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई कि ऐसे अवैध विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए, जो न केवल शिक्षा की गुणवत्ता के साथ समझौता कर रहे हैं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और अभिभावकों की आस्था के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने बताया कि अयोध्या जनपद में सैकड़ों ऐसे विद्यालय बिना किसी मान्यता के चल रहे हैं या फिर उन्हें नियमों को ताक पर रखकर मान्यता प्रदान की गई है। ये विद्यालय न केवल शिक्षा की गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतरते, बल्कि अभिभावकों से भारी शुल्क वसूल कर शिक्षा को व्यवसाय का रूप दे चुके हैं। जला मंत्री प्रेम वर्मा ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब एक ओर शासन द्वारा पूरी सुविधाओं से युक्त परिषदीय विद्यालयों को बच्चों की कम संख्या का हवाला देकर बंद किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर टीन शेड, अवैध निर्माणों और मानकविहीन भवनों में बिना किसी सुरक्षा मानकों के अवैध विद्यालय धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं। ये विद्यालय केवल ÷कोचिंग÷ के नाम पर चल रहे हैं, लेकिन असल में विद्यालय का स्वरूप ले चुके हैं, जहां बच्चों की जान जोखिम में डाली जा रही है।उन्होंने कहा कि आए दिन इन स्कूलों में अप्रिय घटनाएं सामने आती हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि शासन की निगरानी व्यवस्था पूरी तरह फेल है। यदि शासन और प्रशासन द्वारा ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो शिक्षक संघ को जनहित में आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। इस अवसर पर विकास सिंह, अर्पित सिंह, लोकेश सिंह, मंजेश मौर्य, सोनी, परमेश पांडे, रंजीत सिंह, विक्रम सिंह सहित अनेक शिक्षक साथी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में ऐसे विद्यालयों को बंद किए जाने की मांग उठाई। आज स्कूल मर्जर नीति के विरोध में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह के नेतृत्व और प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह की अध्यक्षता में शिक्षकों ने अपनी बाह में काली पट्टी बांधकर नगर विधायक श्री वेद प्रकाश गुप्ता को ज्ञापन दिया* गया, जिसमें परिषदीय विद्यालयों को बंद किए जाने की प्रक्रिया पर आपत्ति जताई गई। संगठन ने स्पष्ट कहा कि एक ओर जहां अवैध निजी विद्यालयों को मौन स्वीकृति दी जा रही है, वहीं सरकारी विद्यालयों को बंद कर शिक्षा व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने की साजिश की जा रही है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# जनसेवा में अग्रणी जगत हॉस्पिटल अयोध्या आयुष्मान योजना के अंतर्गत बड़ी सर्जरी भी अब सुलभः एस एम द्विवेदी

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** जनपद में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक सशक्त और विश्वसनीय नाम बन चुका 'जगत हॉस्पिटल' निरंतर जनकल्याण की दिशा में कार्यरत है। सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत, आरएसबीवाई तथा कोविड योजनाओं के क्रियान्वयन में इस हॉस्पिटल की भूमिका प्रारम्भ से ही सराहनीय रही है। जगत हॉस्पिटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉक्टर एस एम द्विवेदी ने बताया की हॉस्पिटल में आर्थोपेडिक सर्जरी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी तथा आर्थोस्कोपी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं अब उचित दरों पर तथा आयुष्मान योजना के अंतर्गत भी उपलब्ध हैं। घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, लिगामेंट रिकन्स्ट्रक्शन जैसी जटिल सर्जरी अब यहां नियमित रूप से की जा रही हैं, जिनके परिणाम भी अत्यंत संतोषजनक हैं। फिजियोथिरैपी विभाग में डॉ. पुनीत मिश्रा तथा उनके सहयोगियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो ऑपरेशन के पश्चात मरीजों को शीघ्र स्वस्थ बनाने में सहायक हो रहे हैं। वहीं एनेस्थीसिया विभाग में डॉ. फिरोज अख्तर और डॉ. खुशबू शर्मा कुशलतापूर्वक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।चिकित्सकीय पारी में डॉ. अरविन्द मिश्रा, डॉ. विनीत, डॉ. हिमांशु कृष्णा, डॉ. रीतेश पुरवार, डॉ. प्रतीक मेहरोत्रा, डॉ. बी.एन. शुक्ला, डॉ. अश्वनी पाण्डेय तथा डॉ. आर.पी. सिंह जैसे अनुभवी चिकित्सक निरंतर सेवाएं दे रहे हैं। ओटी स्टाफ में बजरंगी चौरसिया, सिम्पल, आकांक्षा, बृज बिहारी, राजेन्द्र प्रसाद, राम सुरेश, धीरज व राजू का योगदान रहा है।अस्पताल के निदेशक डॉ. एस.एम. द्विवेदी ने समस्त स्टाफ, चिकित्सकों एवं चिकित्सा संगठन के अध्यक्ष डॉ. आर.के. बनौधा एवं सचिव डॉ. प्रवीण मौर्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि,भविष्य में हम और अधिक जनसेवा की दिशा में अग्रसर होंगे और हर जरूरतमंद तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने का संकल्प लेंगे। डॉक्टर एस एस द्विवेदी द्विवेदी ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि इस जनकल्याणकारी जानकारी को अधिक से अधिक जनता तक पहुँचाया जाए, ताकि जरूरतमंद नागरिक लाभान्वित हो सकें।

# पुनर्वास की मांग को लेकर व्यापारियों ने विधायक से की मुलाकात

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** रीड़गंज में बन रहे 300 शैय्या सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को लेकर क्षेत्रीय दुकानदारों की चिंता बढ़ गई है। निर्माण कार्य से प्रभावित हो रहे दुकानदारों ने शुक्रवार को अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से मुलाकात कर पुर्नवास की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि अस्पताल के निर्माण के चलते उनकी दुकानें हटाई जा रही हैं, जिससे उनके समक्ष रोज़गार का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि प्रभावित व्यापरियों को पुनर्वास योजनाओं के तहत वैकल्पिक स्थान पर दुकानें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

# छंदवल में लगी ग्राम चौपाल, पुलिस और राजस्व प्रशासन ने जनता की सुनी समस्याएं



*अवधनामा संवाददाता*

**अहमदपुर, बाराबंकी।** जनता और पुलिस के बीच संवाद को सशक्त और भरोसेमंद बनाने की दिशा में पुलिस ने एक अभिनव पहल की जमकर सराहना हो रही। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जिले के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में प्रत्येक बुधवार को पुलिस चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याएं सुनना और उनका मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर समाधान करना है। बुधवार को जनपद के व थाना जैदपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत छंदवल में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में चौपाल का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं जैसे भूमि विवाद, रास्ते और नालियों से जुड़ी परेशानियां आदि को चौपाल में खुलकर रखा। ग्रामीणों ने टोल प्लाजा बचाकर चार पहिया वाहनों द्वारा जाम की समस्या से निजात पाने के लिए अधिकारियों से मांग की। थाना प्रभारी जैदपुर संतोष कुमार सिंह ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका निराकरण कराया व भूमि संबंधित विवाद को क्षेत्रीय लेखपाल सेतु बंधु पाण्डेय को सौंपा। हरीशनगर गांव के दुर्गाप्रसाद ने गांव को समीपवर्ती प्राथमिक विद्यालय व अन्य गांव से जोड़ने के लिए रास्ते की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने ग्राम अपराध रजिस्टर की समीक्षा कर विवादित मामलों की जानकारी प्राप्त की और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की। साथ ही शस्त्र धारकों और हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी भी संकलित की गई। उपस्थित ग्रामीणों को साइबर अपराध, यातायात नियमों और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 1076, 108 और 1930 झ की जानकारी देते हुए सतर्क रहने की अपील की गई।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार यादव, चौकी प्रभारी अहमदपुर सौम्य जायसवाल, पूर्व प्रधान रामसहारे रावत, रवि सिंह, कांस्टेबल शुभम् कुमार, तरुण कुमार, हेड कांस्टेबल विक्रमजीत यादव, रक्तमित्र आशीष सिंह, पंचायत सहायिका शैलेन्द्री कुमारी,आशा बहु, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित तमाम ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है पीसीएफ गोदाम, अधिकारियों की अनदेखी



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** हैदरगढ रोड पर शहर के फतहाबाद मे प्रादेशिक कोआपरेटिव फेडरेशन का परिसर है जिसमे दो गोदाम बने हैं इनमे डीएपी यूरिया आदि का भंडारण होता है पहले सार्वजनिक वितरण प्रणाली की चीनी का भी स्टोरेज होता था जो अब बंद हो चुका है यहीं से जिले की तमाम सोसायटीज को खाद उपलब्ध कराई जाती है रेलवे स्टेशन पर खाद की रैक आने पर अनुबंधित ट्रांसपोर्टर द्वारा ढुलाई कराई जाती है यहां पर किसानो की सुविधा के लिए किसान सेवा केंद्र भी संचालित होता है जिससे खाद की फुटकर बिक्री की जाती है किसान सेवा केंद्र अक्सर बंद रहता है जिससे खाद की उम्मीद लेकर आए किसान निराश होकर लौट जाते हैंपरिसर मे लगा एक मात्र हैंडपंप खराब है जिससे मज़दूरों, चालकों के साथ खाद लेने वाले किसानो को पेयजल के लिए भटकना पडता है परिसर की सुरक्षा से भी खिलवाड हो रहा है गोदाम नंबर 2 का गेट कई सालों से टूटा अलग पडा है जिससे परिसर मे बेरोकटोक वाहनो की पार्किंग का अड्डा बन गया है....

# यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान




**चिऊटहां(महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** सिसवा विकास खंड के बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण साधन सहकारी समिति बेलभरिया में यूरिया की भारी कमी बनी हुई है। दर्जन भर ग्रामसभाओं के किसानों के लिए मात्र 300 बोरी यूरिया का आवंटन किया गया है।

खाद की उपलब्धता की सूचना मिलते ही किसान समिति पर पहुंच गए। कई किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाद नहीं पा सके। इस क्षेत्र में 90 प्रतिशत किसान धान की खेती करते हैं। बारिश के मौसम में खाद डालना जरूरी है। खाद की कमी से धान की फसल और किसानों की आय प्रभावित हो रही है। समिति पर संदीप यादव,अंकित , संजय, सत्यप्रकाश, राम उग्रह, हृदेश यादव समेत कई किसान मौजूद रहे। किसान बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। समिति में खाद की आपूर्ति में देरी और कम मात्रा से क्षेत्र के किसान चिंतित हैं।

# एआईएमआईएम का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिम महाराजगंज काका मैरिज हॉल में सियासी बेदारी कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन। पार्टी के जिलाध्यक्ष सरवर खान ने बताया कि इत्तेहाद (एकता) मिल्लत कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य लोगों में मजलिस इत्तेहादुल मुस्लेमीन की पहुंच बनाना है। जिसके मुख्य अतिथि इसरार अहमद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और उनके साथ तमाम नेताओं ने पार्टी को आगे बढ़ाने के बारे में बात कही।पार्टी की वसूलों को जन जन तक पहुंचाने के बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरवर खान ने की व संचालन मौलाना रमज़ान अमजदी ने की। इस दौरान जमीलूल कमर,शारीक खान, सदर आलम, जियाउलहक़, इकबाल अहमद, वसी अहमद, मुबारक, निजामुद्दीन, रुहुल्लाह ,सलीमुल्लाह, आफताब, अजीमुद्दीन, सहित तमाम ओलमाए करम उपस्थित थे।

# अल्लाह जिसे ज़लील कर दे उसे पूरी दुनियां मिलकर भी इज़्ज़तदार नहीं बना सकतीः मौलाना सज्जाद

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** अल्लाह ने नेमत का नुजूल अबुतालिब की गोद में किया, नेमत नबूअत, इमामत, क़ुरआन और क़ाबा है। अल्लाह ने नबूअत, इमामत की परवरिश, क़ुरआन और क़ाबा की हिफाज़त की ज़िम्मेदारी अबुतालिब को सौपी। यह बात करबला सिविल लाइन में मरहूम लियाक़त रिज़वी साहब की सालाना मजलिस को ख़िताब करते हुये मौलाना सज्जाद हुसैन साहब ने कही उन्होंने यह भी कहा कि अल्लाह जिसे इज़्ज़त देना चाहता है उसे पूरी दुनियां मिलकर भी ज़लील नहीं कर सकती। अल्लाह जिसे चाहता है इज़्ज़त देता है जिसे चाहता है ज़िल्लत देता है। अल्लाह जिसे ज़लील कर दे उसे पूरी दुनियां मिलकर भी इज़्ज़तदार नहीं बना सकती। मोहम्मद व आले मोहम्मद कल भी इज़्ज़त दार थे आज भी इज़्ज़त दार हैं। आखिर में मसायब पेश किये जिसे सुनकर सभी रोने लगे। मजलिस से पहले डा. रज़ा मौरनवी कशिश सन्डेलवी, अजमल किंतूरी, कलीम आज़र, जिना जफराबादी, हाजी सरवर अली कर्बलाई, अदनान रिज़वी और रज़ा मेंहदी ने भी नजरानये अक़ीदत पेश किया। आगाज़ तिलावते कलामे इलाही से नजफ़ी ने किया। बानिये मजलिस ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# भाजपा नेता ने पुजारी को किया सम्मानित

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ÷गुरु पूर्णिमा पर्व अभियान÷ के तहत मंडल जैदपुर में श्री बालाजी मंदिर अब्दुल्लापुर के पुजारी जी को अंग वस्त्र,फूल माला पहनकर मिष्ठान देकर सम्मानित किया इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीराम हेतु विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दशरथ चौहान, जितेंद्र वर्मा, विक्रम शर्मा, अरुण वर्मा के साथ पहुंच कर परम पूज्य गुरुजनों का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। भारत की सनातन संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा केवल शिक्षण की व्यवस्था नहीं, अपितु चेतना के जागरण की परंपरा है, जिसने समस्त विश्व को एक विशिष्ट दृष्टिकोण प्रदान किया है। हमारे शास्त्र, इतिहास एवं लोक परंपराएँ, ऐसे असंख्य उदाहरणों से युक्त हैं

# थानाध्यक्ष सन्तोष ने पैदल मार्च किया

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में जैदपुर थाना क्षेत्र में लगातार लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाने हेतु पैदल मार्च जारी है।

जिसे लेकर क्षेत्र को लोग सराहना कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में लगातार आम जनता की सुरक्षा लेकर कस्बा इंचार्ज विनय कुमार दरोगा रामनाथ दरोगा अलोक, सिंह पंकज राठौड़ दीवान जयनारायण शैलेश कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान हर रोज पैदल मार्च करते नजर आते हैं।जिसे लेकर जैदपुर थाना क्षेत्र की आम जनता अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हुये जैदपुर पुलिस की सराहना करती नजर आ रही है।

# पत्रकारिता के आदर्श पुरुष को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब महराजगंज के तत्वावधान में बुधवार को क्लब के संस्थापक अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सहारा के पूर्व ब्यूरो चीफ स्व. राजेंद्र लाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भावपूर्ण वातावरण में किया गया।

सभा में जनपद के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने स्व. श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने उन्हें पत्रकारिता जगत का पथप्रदर्शक और उच्च मानदंडों वाला कर्मयोगी बताया।

संरक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि स्व. श्रीवास्तव न केवल एक निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकार थे, बल्कि पत्रकारिता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने वाले समर्पित कर्मवीर भी थे। उन्होंने जनपद में पत्रकारिता को एक नई दिशा दी और कई पत्रकारों को प्रशिक्षित कर मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में उनके शिष्यों और सहयोगियों ने कहा कि गुरुजी जैसा स्नेह, अनुशासन और मार्गदर्शन विरले ही देखने को मिलता है। वे हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत थे और रहेंगे। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही पत्रकारिता की गरिमा को कायम रखा जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विनय नायक द्वारा किया गया और अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार विश्वदीपक त्रिपाठी, नवीन सिंह, संजय पांडेय, जेपी सिंह, दीपक शरण श्रीवास्तव, शैलेश पांडेय, अनिल वर्मा, विपिन श्रीवास्तव, आरएन सिंह, सत्यप्रकाश मधेशिया, गिरधर सिंह, बीडी यादव, अभिषेक पांडेय, सहित काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## नेपाल पुलिस व खुनुवां पुलिस की हुई समन्वयक बैठक

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले के थाना तौलिहवा अन्तर्गत मर्यादपुर पुलिस चौकी पर गुरुवार को नेपाल पुलिस व खुनुवां पुलिस की समन्वयक बैठक हुई।

बैठक में नेपाल पुलिस की ओर से एस एस आई सुरेन्द्र विक्रम शाह व खुनुवां पुलिस चौकी से इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी ने प्रतिनिधित्व किया। सीमा सुरक्षा व्यवस्था, नशीली पदार्थो की तस्करी ,मानव तस्करी को लेकर दोनों देश की नागरिक पुलिस ने समन्वयक बैठक कर समीक्षा किया। समन्वयक बैठक में सीमा चौकियों, सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी व्यवस्था एवं स्थानीय दोनों देशों की पुलिस के समन्वय की स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। धिकारियों ने सीमा पार से होने वाली तस्करी, गौ तस्करी ,नशीली पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, अवैध अतिक्रमण तथा गैरकानूनी गतिविधियों पर नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूसरे के सहयोग दिए जाने पर सहमति जताई।

# बढ़नी ब्लॉक में लगाए गए 110564 पौधे

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के वृहद वृक्षारोपण अभियान 2025 के तहत आज जनपद के बढ़नी ब्लॉक में कुल 1,10,564 पौधों का रोपण किया गया. इस महाअभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्थानीय ग्रामीणों, विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया..विकास खंड बढ़नी के ग्राम पंचायत घरुआर तथा भावपुर उर्फ गुलरी में नहर के पास आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना चौधरी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए अधिक से अधिक पौधों को रोपित कर तथा उनका संरक्षण एवं संवर्धन करना हमारा कर्तव्य है।

वृक्षारोपण के इस महाभियान मे एक पेड़ माँ के नाम से रोपित कर इनकी देखभाल व सुरक्षा अपने नवजात शिशुओं की भांति करें जिससे यह पौधा भविष्य में वृक्ष का रूप धारण कर आपके संतान की तरह आपके यश, कीर्ति, वैभव, वृद्धि तथा वृद्धावस्था में आपका सहयोगी व सहभागी बन सके।

बीडीओ अनिशि मणि पाण्डेय ने सभी संबंधितों को निर्देश दिया कि लगाए गए पौधों की शत-प्रतिशत रक्षा और देखभाल सुनिश्चित की जाए. उन्होंने पौधों को बचाने और उनके सफल विकास हेतु हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया, ताकि यह पर्यावरणीय पहल सफल हो सके.

जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव के नेतृत्व में सिसवा बुजुर्ग, रोमनदेई, मलगहिया, मड़नी और गजेहड़ी जैसे गांवों में भी वृहद पौधारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इस अभियान के तहत पूरे बढ़नी ब्लॉक में निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधे लगाए गए, जिससे क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ेगा और पर्यावरण संतुलन में सुधार होगा. यह पहल जनभागीदारी से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) अनिशि मणि पाण्डेय, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शाहिद सिराज, मंडल प्रभारी सिद्धार्थशंकर पाठक, घरुआर प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम शर्मा, प्रधान प्रतिनिधि महेश यादव, लेखाकार महेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार सहित ब्लॉक के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# तेरह बोरा चीनी और एक बोरा पॉलिथीन के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** खुनुवां एंटी स्मगलिंग ड्राइव टीम ने बुधवार देर शाम खुनुवां राजा बाजार में नो मेंस लैंड के बेहद करीब स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पास डम्प कर रखे 13 बोरी चीनी व एक बोरी पालिथीन पैकेट बरामद की। लिखा-पढ़ी करके कस्टम को सुपुर्द कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो नेपाली युवकों को हिरासत में लिया है।

खुनुवां पुलिस चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार देर शाम को सीमा से सटे खुनुवां राजा बाजार में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पास नो मेंस लैंड के बेहद नजदीक नेपाल भेजने के लिए 13 बोरी चीनी व एक बोरी पालीथिन पैकेट , वजन पच्चीस किलोग्राम रखे जाने की सूचना मिली। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे कब्जे में ले लिया। और मौके से दो नेपाली युवकों को हिरासत में ले लिया गया।

पूछताछ करने पर दोनो युवकों ने अपना मुबारक मुसलमान पुत्र मुस्लिम उम्र लगभग 25 वर्ष, यशोधरा गांव पालिका के वार्ड नं सात गांव सुठौली व दूसरे ने अपना नाम रामू पुत्र सालिक निवासी वार्ड नंबर पांच ग्राम सुल्तनवापुर, थाना तौलिहवा, जिला कपिलवस्तु, नेपाल बताया । टीम ने दोनों नेपाली युवकों से इसके वैध कागजात मांगे लेकिन वह नहीं दिखा पाए। दोनों को हिरासत में ले लिया गया।

इंचार्ज ने बताया कि चीनी के बोरी पर सरजू सहकारी वेल रेयान,खीरी लिखा है। चीनी व पालिथीन की बोरी को नेपाल ले जाने के लिए रखा था। बरामद चीनी व पालिथीन पैकेट की बोरी सहित दोनों नेपाली युवकों को 11 कस्टम एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए खुनुवां कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया। टीम में कांस्टेबल अजीत यादव, सतीश चौहान व एस एस बी के सहायक सब इंस्पेक्टर सोनम दावा,हेड कांस्टेबल टी नैनो, कांस्टेबल रितिक रावत आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने पकड़े 6 शातिर बाईक चोर 16 मोटरसाइकिल बरामद



**अम्बेडकरनगर।** एसपी केशव कुमार के निर्देशन में जलालपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने अंतरजनपदीय बाइक चोर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 16 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।थाना जलालपुर पुलिस टीम ने बीती रात करीब 3 बजे प्रा.वि. हाजीपुर के पास छापेमारी कर यह कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों में मो. सुहेल, सकील उर्फ चिल्लाऊ, मो. सैफ उर्फ पेटबली, आजाद उर्फ अज्जू, मो. कौसर और मो. सुहेल शामिल हैं, सभी थाना जलालपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि चोरी की बाइकों को कबाड़ में काटकर या सस्ते में बेच देते थे। बरामद मोटरसाइकिलों में कई गाड़ियां पहले से दर्ज मुकदमों से जुड़ी हैं।

इस कार्रवाई में साह संतोष कुमार सिंह समेत जलालपुर पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

## बालिकाओं के प्रति सकारात्मक संदेश दे रहा कन्या जन्मोत्सव

**गोण्डा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) करनैलगंज में गुरुवार को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रश्मि वर्मा ने बालिका से केक कटवाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कन्या जन्मोत्सव जैसे कार्यक्रमों से समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक संदेश जा रहा है। बालिकाओं के जन्म को उत्सव के रूप में मनाकर लिंग समानता को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान 21 बालिकाओं को हिमालया बेबी किट, तौलिया व कपड़े वितरित किये गये। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक आशीष मिश्र व डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेंद्र द्वारा कन्या सुमंगला योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अन्य टोल फ्री नम्बरों के बारे में जानकारी साझा की गयी।

# आगजनी की घटना करने के 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-65/2025 धारा 326 (जी) बीएनएस से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तों- 01. भारत चौहान पुत्र रामलखन चौहान नि0 ग्राम छाछपारा मुतवल्ली थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा, 02. भगेलू चौहान पुत्र भारत चौहान नि0 ग्राम छाछपारा मुतवल्ली थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

वादिनी आरती पत्नी रामदास द्वारा थाना मोतीगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि विपक्षीगणों भारत पुत्र लखन, धनप्रकाश पुत्र भारत, भगेलू पुत्र भारत एवं खूटी पुत्र भारत द्वारा दिनांक 06.05.2025 को रात करीब 09:00 बजे उसके छप्परनुमा घर में आग लगा दी गयी थी। जिससे घर में रखा सरसों, धान, कपड़े, बर्तन, साइकिल एवं ?20,000 नगद सहित कुल करीब ?1,00,000 की सम्पत्ति जलकर नष्ट हो गयी है। वादिनी की तहरीर पर थाना मोतीगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 10.07.2025 को थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए 02 आरोपी अभियुक्तों- 01. भारत चौहान पुत्र रामलखन चौहान नि0 ग्राम छाछपारा मुतवल्ली थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा, 02. भगेलू चौहान पुत्र भारत चौहान नि0 ग्राम छाछपारा मुतवल्ली थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## डीएम की मेहनत लायी रंग मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जनपद प्रदेश में अव्वल

**अंबेडकरनगर।** जिले के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ल की कड़ी मेहनत आखिरकार रंग लाई। जिले ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में संचालित योजनाओं की निगरानी की जाती है। इसमें विकास कार्यों की प्रगति, योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुँचाना और सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना प्रमुख बिंदु हैं।

जिले को मिला यह सम्मान प्रशासनिक टीम, अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ल ने कहा कि यह उपलब्धि जिले के हर कर्मचारी और आम जनता के सहयोग से ही संभव हो पाई है। उन्होंने टीम को बधाई देते हुए विकास कार्यों में इसी तरह तत्परता बनाए रखने का आह्वान किया।

# गुरु पूर्णिमा पर सांसद ने किया यज्ञ और हवन



**सिद्धार्थनगर, अवधनामा संवाददाता।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरु की याद में गुरुवार को सांसद जगदंबिका पाल ने मुख्यालय स्थित अपने आवास पर परिवार के साथ मिलकर यज्ञ और हवन का आयोजन किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि यह दिन अपने गुरुओं को नमन करने का दिन है। उनकी प्रेरणा और शक्ति हमारी शिक्षा का आधार रही है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हमारे जीवन में गुरु का कितना महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे शिक्षक ही हमें जीवन में सही राह दिखाते हैं और हमें अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाते हैं।

गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरः। गुरु साक्षात् परब्रह्म, तस्मै श्री गुरवे नमः

## सहकारी समिति पर वितरण किया गया डीएपी

**लोटन सिद्धार्थनगर।** चनरैया साधन सहकारी समिति पर बृहस्पतिवार को किसानों को निर्धारित मूल्य पर डी ए पी खाद आधार कार्ड लेकर वितरण किया गया।किसानों ने बताया की धान रोपाई का समय चल रहा है खाद की आवश्यकता थी हम लोगों ने पता किया तो सचिव ने बताया की डी ए पी खाद उपलब्ध है जिनको खाद लेना है आधार व खसरा खतौनी साथ लाकर ले सकते है।

# महर्षि वेदव्यास भारतीय ज्ञान परंपरा के अमर स्तंभ हैं : डॉ. राजेश



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यालय स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने महर्षि वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा, ÷महर्षि वेदव्यास भारतीय ज्ञान परंपरा के अमर स्तंभ हैं, जिन्होंने वेदों का विभाजन कर उन्हें सहज बनाया और महाकाव्यों की रचना कर समाज को चिरंजीवी धरोहर दी।

**वेदव्यास जयंती पर ज्ञान-गौरव का उत्सव**

वरिष्ठ आचार्य दिलीप ने वेदव्यास जी के बहुआयामी व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए उन्हें युगों तक समाज को दिशा देने वाला आदिगुरु बताया। सहायक आचार्य वेंकटेश्वर चंद्र मिश्र ने भी उनके अद्वितीय कृतित्व पर प्रकाश डाला। इसअवसर पर छात्र-छात्राओं एवं आचार्यों की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। सभी ने गुरु वंदना से वातावरण को भक्तिमय कर दिया, जिससे परिसर गुरु महिमा की गूंज से आलोकित हो उठा।

## सात हज़ार की रिश्वत के साथ कानूनगो को रंगेहाथ पकड़ा

**जलालपुर अम्बेडकरनगर ।** जलालपुर तहसील में गुरुवार को एंटी करप्शन टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कानूनगो भुवन प्रताप सिंह को सात हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया।

जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र के उसरहवा निवासी विपिन मौर्या से कानूनगो ने जमीन की पैमाइश कराने के नाम पर 15 हजार रुपये की मांग की थी। धारा 24 के तहत पहले दो बार पैमाइश होने के बावजूद रिपोर्ट जानबूझकर नहीं लगाई गई थी। तीसरी बार फिर पैमाइश कराने पर कानूनगो ने रिश्वत की रकम तय कर दी।विपिन मौर्या ने पहले किस्त में आठ हजार रुपये दे दिए, लेकिन बाकी रकम देने से पहले उसने एंटी करप्शन टीम को मामले की जानकारी दे दी।



# गुरु पूर्णिमा पर साधु, संतों व गुरुजनों का किया सम्मान



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में साधु, संतों, गुरुजनों का सम्मान किया गया।

इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित एक शिक्षण संस्थान में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने शिक्षकों का व हनुमान मंदिर पर मंदिर के पुजारी को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि गुरु स्वयं प्रकाश की तरह होते हैं। वे साधक के लिए जीवन शक्ति के समान हैं। गुरु हमें अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। गुरु की उपस्थिति से अंदर सुरक्षा का भाव जागता है। उन्होंने कहा कि गुरु को एक तत्व के रूप में समझना चाहिए। गुरु पूर्णिमा का दिन गुरुओं को समर्पित है। इस दिन गुरु का ध्यान करना और उनकी कृपा के लिए धन्यवाद देना चाहिए। जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय के अनुसार उक्त कार्यक्रम में जिला मंत्री भाजपा फतेबहादुर सिंह, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, भाजपा नेता संतोष शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहें।

# श्रावण मास व कांवर यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क बैठक कर दिये गये आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाली कांवड़ यात्राओं को सकुशल संपन्न कराने हेतु मंगलवार को तहसील सभागार में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीएम सदानंद गुप्ता ने की। उन्होंने शासन स्तर से जारी दिशा-निर्देशों को साझा करते हुए अधिकारियों और कांवड़ संघों से सहयोग की अपील की।

बैठक में एडिशनल एसपी श्यामदेव,एसडीएम राहुल गुप्ता,सीओ अनूप सिंह,तहसीलदार गरिमा भार्गव समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न कांवड़ संघों के प्रतिनिधियों और पीस कमेटी सदस्यों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।जनप्रतिनिधियों ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर लटकते बिजली के तारों को हटाने, बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, सड़क की मरम्मत, साफ-सफाई, जल छिड़काव, एवं चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था करने की मांग रखी।

श्री नवदुर्गा कांवड़िया सेवा समिति के अध्यक्ष सोनू गौड़ ने प्रशासन को आगामी कांवड़ यात्राओं की जानकारी दी साथ ही नगर पालिका द्वारा कांवड़ियों के लिए स्वागत बोर्ड लगवाए जाने की मांग की।उन्होंने बताया कि श्रावण के पहले सोमवार को गंजा मोहल्ले से महिला कांवड़ यात्रा, 20 जुलाई को नगपुर से महिला कांवड़ यात्रा और 24 जुलाई को यादव चौराहे से कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। अरुण सिंह ने महादेव मंदिर पारा पर विद्युत व्यवस्था की मांग की ।बैठक में कोतवाल संतोष सिंह, थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि, थानाध्यक्ष प्रेमचंद, थानाध्यक्ष स्वतंत्र मौर्य,बिजली विभाग के एसडीओ ,नगर पालिका ईओ अरविंद कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल त्रिपाठी,नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि,व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल,पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र,मानिक चंद सोनी, व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष देवेश मिश्र,नगर महामंत्री कृष्ण गोपाल गुप्ता,विकाश निषाद, सभासद आशीष सोनी ,सीतल सोनी, बेचन पांडे, साधु यादव,अमित गुप्ता,अरुण मिश्र, आनंद मिश्र, सतेंद्र अग्रहरि ,संगम मौर्य,सीताराम अग्रहरि, रविकांत जायसवाल समेत विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

# इमाम हुसैन के क़याम में औरते रही बराबर की शरीक : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील स्थित कस्बा हल्लौर में इमाम बारगाह वक़्फ़ शाह आलमगीर सानी में अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 के ज़ेरे निगरानी बाउनवाने दर्सगाहे ईमानी की तीसरी मजलिस को मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने खिताब किया। मौलाना ने इमाम हुसैन अस के क़याम में औरतों की अहमियत को बयान किया और उन्होंने कहा कि औरतों की अहमियत को इमाम हुसैन के कायम में कम नहीं आका जाना चाहिए।

मौलाना ने आगे कहा कि कर्बला में मर्दों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर औरते बराबर की शरीक रही। कर्बला में सभी औरतो ने अपने-अपने तरीके से इमाम हुसैन के मक़सद को आम किया खास तौर पर इमाम हुसैन अस के बहन ज़ैनब बिन्तुल अली ने कर्बला में हुए जुल्म को आम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कर्बला में हुए वाकये को पूरी दुनिया तक पहुंचाया और जुल्फ के खिलाफ न झुकने का पैगाम दिया। आज इमाम हुसैन का पैगाम पूरी दुनिया मे फैलाने में अहम किरदार निभाया है।

अंत में मसाएब ए कर्बला बयान किया तो हर आंख में आंसू नज़र आये। मजलिस से पूर्व खुर्शीद आरके व उनके हमनवा ने मरसिया पेश किया। मजलिस के दौरान मौलाना महफूज़ हुज्जत, मौलाना आदिल, ज़ाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर, इंतेज़ार हुसैन रिज़्वी शबाब, शराफत रिज़्वी, असग़र जमील, बब्लू, कैफ, अफताब, लल्ला, तशबीब हसन, काज़िम रज़ा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## प्रधानाचार्य को शिक्षा व साहित्य में योगदान पर किया गया सम्मान

**आलापुर, अम्बेडकरनगर।** अपने ही जनपद के रहने वाले निवासी एवं राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य डॉ.सुरेश लाल श्रीवास्तव को भव्या फाउंडेशन जयपुर (राजस्थान) द्वारा उनके साहित्य, शिक्षा, पत्रकारिता और समाज सेवा क्षेत्र में अनूठे योगदान के लिए भारत श्री सम्मान 2025 से नवाज़ा गया।



फाउंडेशन के संस्थापक शैलेन्द्र माथुर एवं निदेशक डॉ. निशा माथुर ने डॉ. श्रीवास्तव को सम्मानित करते हुए कहा कि डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा की गई शिक्षा एवं साहित्य सेवा परं सराहनीय है। इन्हें इनके मानवता, मानव अधिकार, शिक्षा और समाज संदर्भित मौलिक लेखों एवं काव्य सृजन के अर्थ में ÷भारत श्री सम्मान 2025÷से सम्मानित किया जा रहा है।

# अधीक्षक ने खराब कार्य करने वाली आशा बहूओं को लगाई कड़ी फटकार

**आशा, संगिनी व एएनएम के साथ हुई समीक्षा बैठक**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में अधीक्षक डॉक्टर शैलेंद्र मणि ओझा की अगुवाई में गुरुवार को आशा, संगिनी व एएनएम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। खराब कार्य करने वाली आशा बहू अनीता, दुर्गेश नंदिनी, रीना, पिंकी, गुड़िया, राज कुमारी, सुभावती व सुनीता को अधीक्षक ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा की अगले एक माह में लक्ष्य के सापेक्ष कार्य को पूरा करें नहीं तो आशा के पद से निष्कासित करने की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाएगा।

डा.ओझा ने कहा कि आशा बहूएं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर मच्छर से बचाव, हाथ धोने के फायदे, शौचालय के इस्तेमाल, शुद्ध पेयजल, दिमागी बुखार, वैक्सीन के फायदे , चूहे व छछूंदर से होने वाली बीमारियों आदि की ग्राम वासियों को जानकारी दें तथा डायरिया प्रबंधन में ओआरएस पाउडर व जिंक टेबलेट उपयोगिता के विषय में जागरूक करें। उन्होंने कहाकि इस दौरान आशा बहूएं योग्य दंपति के अंतिम मासिक तिथि के अपडेशन, गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण, फोलिक एसिड वितरण, नवजात शिशु व बच्चों की देखभाल कार्यक्रम तथा संस्थागत प्रसव पर ध्यान दें। उन्होंने कहाकि एएनएम व पर्यवेक्षक के द्वारा गांव में जाकर आशा बहू के कार्यो का सहयोगात्मक भौतिक पर्यवेक्षण तथा मौके पर ही गलतियों में सुधार करवाना बहुत जरूरी है। इस दौरान मेराज अहमद, राजीव त्रिपाठी, सुखदेव सिंह , ध्रुव चंद , मनोज कुमार , राहुल कुमार, सुशीला, शालिनी सिंह, शशि कला, कमलावती आदि उपस्थित रहे।

## एक पेड़ गौ माता के नाम संकल्प के साथ किया पौधरोपण



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चल रहे अभियान एक पेड़ माँ के नाम के क्रम में गुरुवार को विकासखंड नौगढ़ के अस्थाई गौ आश्रय स्थल रामगढ़ पर उपमुखूय पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजबहादुर यादव एवं पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति द्वारा ÷एक पेड़ गौ माता के नाम÷ का संकल्प लेते हुए वृक्षारोपण किया गया तथा साथ ही साथ उसको सुरक्षित करने के लिए ट्रिगार्ड भी तत्काल लगाया गया। रामगढ़ गौशाला पर 10 वृक्ष लगाए गए मौके पर ग्राम प्रधान एवं गौशाला पर कार्य करने वाले श्रमिक उपस्थित रहे। गौशाला पर आज से तीन वर्ष पूर्व लगाए गए वृक्ष आज छाया प्रदान कर रहे है।

## युद्ध और अमेरिका

कोई भी युद्ध हो अमेरिका हाजिर है। युद्ध रूकवाने के लिये नही अपने सैनिक साजोसामन को रखवाने के लिये अपनी सुरक्षा बढ़ाने के साथ साथ अपनी सुरक्षा मजबूत करने के लिये। दुनियां में जो भी छोटे मोटे युद्ध चल रहे है उनमें रूस चीन और अमेरिका हाजिर रहते है। लगता है शान्ती के लिये स्थापित अन्तर राष्ट्रीय संस्थायें कमजोर है या निरर्थक है। आज कल प्राक्सी युद्ध के साथ साथ प्रत्यक्ष युद्ध भी हो रहे है। इन युद्धों में जो दिखता है वी सच नहीं है न उसका दायरा वही है। उदाहरण के लिये रूस युक्रेन का युद्ध रूस के महत्वाकांक्षा और युक्रेन के स्वाभिमान का युद्ध नहीं है। ये उन चालो को नतीजा है जो यूरेशिया के लिये चली जा रही है। रूस चीन और अमेरिका हमेशा आगे रहने की कोशिश में लगे रहते है। अमेरिका और चीन का आपसी प्रतिस्पर्धा इन देशो में पहुंच गया है जिनके मैदान को इन देशों ने चुना है। ये मैदान है युक्रेन, ईरान, गाजा, लेबनान, फ्लीस्तीन, एशिया प्रशान्त ताईवान साहित साउथ चाईना सी के आस-पास के देश को चुना गया है। पहले दो मामलों में टकराव ऊपर आ चुका है। जहां तक ताईवान की बात है उस पर चीन कभी भी कब्जा कर सकता है। कई बार लगता है हमेशा युद्ध चलाने के लिये मैदान तलाशे जा रहे है। बस समय का इन्तजार है। नहीं तो नैटो अभी तक क्यों बना हुआ है। नैटो सदस्यों को बजट बढ़ाने के लिये क्यों मजबूर किया जा रहा है।

इस्राइल इरान युद्ध हो या रूस युक्रेन युद्ध हो इनकी जड़े अमेरिका तक फैली हुई है। आपरेशन मिड नाइट हैमर के बाद तो पूरी दुनियां ने अमेरिका की भूमिका को देख ली है। दूसरी तरह इरान मास्को पेइचिंग खुल कर सामने नहीं आये है पर वे अपनी तैयारी में लगे हुये है। इरान का झुकना, मध्यपूर्व अमेरिकी स्पेस पर मिसाइल दाग देना कुछ तो इशारा करते है। अमेरिका अपने पुराने सहयोग के समझौते के मजबूत करना चाहता है। पेइचिंग, मास्कों तेहरान के साथ सहयोग संगठन के बीच एक सैनिक आर्थिक और ब्रिक्स देश अमेरिकी नेतृत्व डील पश्चिमी देशों को मजबूत चुनौती दे रहे है। इस समय कोई ऐसा वैश्विक नेता नही है जो इन प्रतिस्पर्धाओं को रोक सके। अन्तरराष्ट्रीय संस्थाये जो इन्हें रोकने के लिये बनी है वे थक चुकी है। दुनियां में पोस्ट टुथ के आधार पर नेताओं का उभरना, मेक अमेरिका जैसी कट्टर राष्ट्रवादी मुहिम संकट की ओर बढ़ा रही है। अमेरिकी शक्ति अर्जित करने के लिये अमेरिका हमेशा स्माल के वर्स को रणनीतिक हथियार बनाने की कोशिश में लगा हुआ है। मकसद उसका इन्डसट्रियल कामप्लेक्स ताकतवर बना रहा। ट्रम्प इसी काम्प्लेक्स की उपज है। चीन एक तरफ एशिया प्रशांन्त क्षेत्र में युद्धोमादी वातावरण बनाये हुये है। दुसरी ओर अपनी डेट टैऊम्प डिप्लोमेसी के जरिये दुनियां पर एक नया उपनिवेशवाद थोप रहा है। इस्राइल का इरान पर हमला इसलिये हुआ कि वह परमाणु बम न बना न ले। पर क्या इस्राइल के पास परमाणु बम नहीं है। वैसे खतरा तो पाकिस्तान भी बना हुआ है पर अमेरिका उसे शक्ति और संसाधन दे रहा है। ट्रम्प का कहना है जहां कही भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संकट माना जायेगा। अमेरिका उसे रोकने के लिये प्रतिबद्ध होगा। ट्रम्प भी यही कह रहे है। इस तरह की वारदातें दुनियां को बांट कर टकराव पैदा कर रही है। आज साघन की पवित्रता कही भी नहीं दिख रही है। क्या यह शीतयुद्ध के प्रमुख लक्षण है। दुनियां शीतयुद्ध के गोद में जा रही है।

## लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप्त दत्ता का अदम्य साहस

हरी राम यादव

युद्ध के रणभेरी बज चुकी थी, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई पड रही थी। कारगिल द्रास सेक्टर में माइनस 40 डिग्री के तापमान में पहाड़ियों पर तोपों की आवाज देश के हर कोने में गूंज रही थी और गोलों से निकलने वाली तपिश प्रत्येक देशवासी महसूस कर रहा था। देश के कोने कोने से सामरिक संरचना के अनुसार सेना की टुकडियों को देश की पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर गाड़ियों और रेल गाड़ियों से लाया जा रहा था। सैनिकों के परिजन दूर संचार माध्यमों पर आँख और कान लगाए पल - पल कि खबर ले रहे थे। देश में कहीं न कहीं रोज सैनिकों के वीरगति प्राप्त होने की खबरें आ रही थीं। ठीक इसी समय सूरतगढ़ छावनी में तैनात सेना वायु रक्षा कोर की यूनिट 130 वायु रक्षा रेजिमेंट भविष्य की आशंकाओं के बीच अपनी सामरिक तैयारी में लगी हुई थी। एक रडार और दो गन सेक्शन जैसलमेर में सीमा की निगरानी के लिए जा चुके थे लेकिन यूनिट के युद्ध में जाने या न जाने के बारे में किसी को कानो कान खबर नहीं थी।



यूनिट की क्षमताओं को देखते हुए 17 जून 1999 को तत्कालीन डायरेक्टर जनरल ऑफ़ एयर डिफेन्स आर्टिलरी द्वारा 130 वायु रक्षा रेजिमेन्ट के तत्कालीन कमान अधिकारी कर्नल अजित विनायक पालेकर को 48 घंटे के भीतर अपने दल बल के साथ युद्ध के मैदान में जाने का आदेश दिया गया। 19 और 20 जून को यूनिट चार समूहों में स्पेशल ट्रेन से युद्ध क्षेत्र के लिए रवाना हो गई। दूरी के हिसाब से यूनिट के सभी ट्रूप अगले कुछ दिनों में अपनी अपनी जिम्मेदारी की जगह पर पहुँच गए और निर्धारित सामरिक स्थल को हवाई सुरक्षा देना शुरू कर दिया।

130 वायु रक्षा रेजिमेंट के अल्फ़ा टुप को मेजर हरेन्द्र दीप सिंह की कमान में कारगिल की हवाई पट्टी को वायु सुरक्षा देने के लिए तैनात किया गया था। 10 जुलाई 1999 को अल्फ़ा ट्रुप के ऊपर पाकिस्तानी सेना के तोपखाने ने भीषण फायरिंग करना शुरू कर दिया। पाकिस्तानी तोपखाने से की जा रही इस फायरिंग के कारण अल्फ़ा ट्रुप की कमान पोस्ट का गन सेक्शन और रडार से संपर्क टूट गया, जिससे कोई भी आदेश इन तक पहुँचाना मुश्किल हो गया। इस समस्या को दूर करने के लिए कमान पोस्ट अधिकार लेफ्टिनेंट प्रदीप्त दत्ता बाहर निकले और अपनी जान की परवाह न करते हुए रेगते हुए संचार लाइन की जाँच करने लगे। वह संचार लाइन को थोड़ी ही दूर जाँच पाए थे कि पाकिस्तानी तोपखाने का एक गोला उनके पास आकर गिरा और वह बुरी तरह घायल हो गए। फायरिंग के बीच में वहाँ पर मौजूद जवानों ने उनको वहाँ से उठाकर कारगिल अस्पताल पहुचाया और जहाँ पर उनका ऑपरेशन किया गया। घाव ज्यादा गहरे होने के कारण उन्हें पहले लेह के अस्पताल और फिर कमांड अस्पताल चंडी मंदिर ले जाया गया। लेफ्टिनेंट प्रदीप्त दत्ता को कर्तव्य के प्रति समर्पण की भावना, साहस और वीरता के लिए 26 जनवरी 2000 को सेना मेडल प्रदान किया गया। आपको बताते चलें कि लेफ्टिनेंट प्रदीप्त दत्ता इस यूनिट के पहले अधिकारी हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है।

लेफ्टिनेंट प्रदीप्त दत्ता का जन्म 25 नवम्बर 1975 को दयाल बनर्जी रोड, सिबपुर , हावड़ा में श्रीमती स्वप्ना दत्ता और श्री प्रशांत दत्ता के यहाँ हुआ था । इन्होने अपनी प्रारंभिक स्कूली शिक्षा विवेकानंद इंस्टिट्यूट, हावड़ा और उच्च शिक्षा प्रेसीडेंसी कालेज कलकत्ता से पूरी की । 12 दिसम्बर 1998 को इन्होने भारतीय सेना की 130 वायु रक्षा रेजिमेंट में कमीशन लिया । इनके परिवार में इनके माता पिता, इनकी बड़ी बहन तुलिप नाग, इनकी पत्नी डाक्टर मधुमिता दरूका और बेटा प्रतीक दत्ता हैं । वर्तमान समय में सेना वायु रक्षा कोर के यह बहादुर अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर रहते हुए देश को अपनी बहुमूल्य सेवाएं दे रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**दोनों देशों के बीच इस महत्वपूर्ण विषय पर गहन विचार-विमर्श हुआ और आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त रणनीतियों को लागू करने पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री मोदी ने घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि, हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में सहयोग के लिए हम घाना का आभार प्रकट करते हैं। इस संदर्भ में, हमने काउंटर-टेररिज्म में आपसी सहयोग को और मजबूत करने का निर्णय लिया है।**

# आतंकवाद के खिलाफ पीएम मोदी का कड़ा संदेश


डॉ. ओपी त्रिपाठी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक पांच देशों की यात्रा पर हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा की शुरुआत घाना से हुई। इसके बाद त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना और ब्राजील गए। ब्राजील में ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेने के बाद पीएम नामीबिया पहुंचे। अब उनकी यात्रा अंतिम दौर में है। इन पांच देशो का यात्रा में पीएम मोदी ने विश्व बिरादरी के समक्ष आतंकवाद का मुद्दा असरदार तरीके से उठाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरियो में आयोजित 17 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इससे निपटने में कोई दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों को धन उपलब्ध कराने वालों, उन्हें बढ़ावा देने या सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने वालों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने ब्रिक्स देशों से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस खतरे से निपटने में 'जीरो टॉलरेंस' अपनाना जरूरी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले को सिर्फ भारत पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर हमला बताया। उन्होंने ब्रिक्स नेताओं का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सख्त वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता है और इसमें किसी भी तरह का भेदभाव या दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन जैसी वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए इन संस्थाओं को वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना जरूरी है। पीएम मोदी ने ब्रिक्स की बहु ध्रुवीयता और विविधता को इसकी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक दक्षिण की आवाज को बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है और विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय सहायता और तकनीक की जरूरत है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान घाना और भारत ने आतंकवाद को मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन करार दिया है। इसके साथ ही दोनों देशों ने इस वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए आपसी सहयोग को और मजबूत करने का संकल्प लिया है। दोनों देशों के बीच इस महत्वपूर्ण विषय पर गहन विचार-विमर्श हुआ और आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त रणनीतियों को लागू करने पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री मोदी ने घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि, हम



एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में सहयोग के लिए हम घाना का आभार प्रकट करते हैं। इस संदर्भ में, हमने काउंटर-टेररिज्म में आपसी सहयोग को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। दोनों नेताओं ने आतंकवाद को केवल एक देश की समस्या नहीं बल्कि वैश्विक खतरा बताया, जो सभी देशों की सुरक्षा, स्थिरता और विकास को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से लड़ने के लिए बहुपक्षीय सहयोग, खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान, सीमा सुरक्षा, और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद 24 अप्रैल को पीएम नरेंद्र मोदी बिहार में पहली बार किसी सभा में थे। शुरुआत पहलगाम हमले में मृत लोगों को श्रद्धांजलि से की। फिर, बिहार में उन्होंने कुछ लाइनें अंग्रेजी में कही, ताकि दुनिया के कोने-कोने तक उनका संदेश साफ-साफ जाए। अंग्रेजी लाइनों का हिंदी अर्थ यह है- आज बिहार की धरती से, मैं पूरे विश्व से कहता हूं कि भारत हर आतंकवादी और उनके समर्थकों की पहचान करेगा, उनका पता लगाकर उन्हें दंडित करेगा। हम धरती के अंत तक उनका पीछा करेंगे। आतंकवाद से भारत की हिम्मत नहीं टूटने वाली है। आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा कि न्याय हो। पूरा राष्ट्र दृढ़ है। हर वह व्यक्ति जो मानवता में विश्वास रखता है, हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूँ, जो इस समय हमारे साथ खड़े रहे। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारत ने 7 मई 2025 को बदला ले लिया। भारत की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पीओके के 100 किलोमीटर तक अंदर आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इस ऑपरेशन में लश्कर-ए-तैयबा और टीआरएफ के 9 आतंकी ठिकानों को जो मुरिदके, कोटली, मुजफ्फराबाद, और बहावलपुर जैसे स्थानों पर थे उनको निशाना बनाया गया था। ऑपरेशन सिंदूर न केवल आतंकवादियों के ठिकानों पर एक सटीक हमला था, बल्कि यह भारत की ओर से सीमा पार के आतंकवादियों और उनके संरक्षकों के लिए एक स्पष्ट और शक्तिशाली चेतावनी भी थी।

यह हमला भारतीय सेना ने 7 मई 2025 की रात करीब 1:30 बजे किया था। इसमें वायुसेना ने बहुत सटीक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। खबरों के मुताबिक, इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलें दागी गई और लश्कर-ए-तैयबा के एक बड़े कमांडर को भी निशाना बनाया गया। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद पाकिस्तानी सेना पर हमला करना नहीं था। भारत सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि यह सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई है, इसका मकसद युद्ध को बढ़ाना नहीं है। भारत की इस एयर स्ट्राइक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर भारत माता की जय लिखा। इसके अलावा, भारतीय सेना ने भी ऑपरेशन के बाद सोशल मीडिया पर न्याय हो गया लिखकर अपनी प्रतिक्रिया दी। इस ऑपरेशन के जरिए भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए और बता दिया है कि आतंक के खिलाफ उसकी रणनीति बेहद स्पकष्ट है।

सरकार ने साफ किया है कि ऑपरेशन खत्म नहीं हुआ है और यह आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण में एक नई सामान्य स्थिति का संकेत देता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान को नई वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिए और अब हमेशा की तरह काम करने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। 13 मई को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पीएम मोदी ने दृढ़ता से कहा कि न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत को दुनिया में कहीं भी आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ कार्रवाई करने से नहीं रोक पाएगा। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा।

# सामाजिक न्याय और क्रांति का ध्वजवाहक है पीडीए

जयशंकर पाण्डेय

**विश्व असमानता रिपोर्ट और आक्सफैम के अनुसार भारत की 22-6 प्रतिशत आय और 40-1 प्रतिशत सम्पत्ति महज एक प्रतिशत लोगों के हाथों में केंद्रित हा रही है। जबकि 50 प्रतिशत निचले तबके के लोगों के पास राष्ट्रीय आय का महज 15 प्रतिशत और राष्ट्रीय सम्पत्ति का महज 6-4 प्रतिशत हिस्सा जाता है। 40 प्रतिशत मध्यवर्ग की स्थिति जरूर कुछ ठीक है जिसके पास राष्ट्रीय आय का 27-3 प्रतिशत और राष्ट्रीय सम्पत्ति का 28-3 प्रतिशत भाग जाता है भारत में लैंगिक असमानता की स्थिति भी बुरी है।**

कभी नारा लगता था जब तक भूखा इंसान रहेगा, धरती पर तूफ़ान रहेगा। इस नारे को एक सन्दर्भ में बदल कर कहा जा सकता है कि 'जब तक न्याय नहीं होगा, धरती पर शांति नहीं होगी। उसी न्याय को प्राप्त करने के लिए संकल्पित साथियों के समूह का नाम है पीडीए। पीडीए का प्रकट रूप से पूरा नाम है-- पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक। इसे हम नामों से भी बुला सकते हैं जैसे कि प्रगतिशील लोकतांत्रिक गठबंधन। या पीड़ित, दलित और असहाय। इस शब्द संक्षेप में हम उन सभी नामों को शामिल कर सकते है जिन्हें न्याय की आवश्यकता है और जो अब और अधिक इंतजार नहीं कर सकते।

पीडीए की आवश्यकता इसलिये पड़ी क्योकि जो राजनीतिक और आर्थिक शक्तियां इस समय देश और दुनिया पर शासन कर रही है वे आम आदमी को मतदाता से अधिक कुछ नहीं समझती। वे इस खेल में माहिर हो चुकी है कि किस तरह झूठ-फ़रेब और दमन के सहारे आम आदमी को बहलाया फुसलाया और बरगलाया जा सकता है। उसे कभी भ्रष्टाचार के नाम पर कभी राष्ट्रवाद के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर किसी एक पार्टी या नेता के पीछे हाका जा सकता है, कभी देश का महान बनाने के नाम पर तो कभी संस्कृति को श्रेष्ठ बनाने के नाम परउसे सालों तक नशे में रखा जा सकता है और उसके जेहन से संविधान और अधिकार भुलाए जा सकते है। पीडिए राजनीति को वर्तमान में केंद्रित करने का विचार है ताकि इतिहास विवादों और झूठे गौरव में फंसा कर राजनीति को भटकाया न जा सकें। पीडीए नाम है एक ऐसे आन्दोलन का जो समाज के चेहरे से झूठ का परदा उठाकर उसे सच्चाई दिखाने के लिए सक्रिय है।

जिस वक्त में अमेरिका से भारत तक युद्ध करवाने और युद्ध रूकवाने और हथियार बेचने और हथियार खरीदने और व्यापार करने और टैक्स लगाने का धंधा चोखा हो चला हो उस दौर में पीडीए इंसानियत को फ़िर से जगाकर शांति अहिंसा के पक्ष में एक आन्दोलन खड़ा करने का नाम है। आज भले भारत दुनिया में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने का दावा कर रहा हो लेकिन यह सारा धन उन एक प्रतिशत लोगों के पास जा रहा है जो अर्थतंत्र पर हावी है। विश्व असमानता रिपोर्ट और आक्सफैम के अनुसार भारत की 22-6 प्रतिशत आय और 40-1 प्रतिशत सम्पत्ति महज एक प्रतिशत लोगों के हाथों में केंद्रित हा रही है। जबकि 50 प्रतिशत निचले तबके के लोगों के पास राष्ट्रीय आय का महज 15 प्रतिशत और राष्ट्रीय सम्पत्ति का महज 6-4 प्रतिशत हिस्सा जाता है। 40 प्रतिशत मध्यवर्ग की स्थिति जरूर कुछ ठीक है जिसके पास राष्ट्रीय आय का 27-3 प्रतिशत और राष्ट्रीय सम्पत्ति का 28-3 प्रतिशत भाग जाता है भारत में लैंगिक असमानता की स्थिति भी बुरी है। 146 देशों में लैंगिक समानता के लिए कराये गये अध्ययन के मुताबिक भारत की स्थिति 129 वें स्थान पर है। कुल मिलाकर भारत में इस समय आर्थिक असमानता की जो स्थिति है वैसी असमानता ब्रिटिश राज के दौरान भी नहीं रही।



असमानता की यह स्थिति पूरी दुनिया में निर्मित हो रही है। दुनिया के 1 प्रतिशत अमीरों के पास पूरी दुनिया की 45 प्रतिशत सम्पत्ति है। पिछले साल खरबपतियों का सम्पत्ति में 2 अरब डालर की बढ़ोत्तरी हुई है जबकि सामान्य लोगों की आय या तो स्थिर रही है या फ़िर घटी है।

वास्तव में पीडीए की आवश्यकता स्वतंत्रता आन्दोलन और उससे निकले संविधान के सपने को पूरा करने के लिये एक विचार दर्शन और रणनीति के तौर पर पड़ी। गांधी ने जिसे सर्वोदय कहा, डॉ राममनोहर लोहिया ने जिसे सप्तक्रांति कहा और जयप्रकाश नारायण ने जिसे सम्पूर्ण क्रांति कहा उसी ताजा संस्करण है। पीडीए। पीडीए सामाजिक और आर्थिक बराबरी कायम करके इस देश के लोकतंत्र को बचाने का एक अभियान है। डॉ. अम्बेडकर ने 25 नवम्बर 1949 को संविधान सभा में अपने आखिरी भाषण में कहा था, आज से हम एक नए युग में प्रवेश कर रहे है। जहां एक व्यक्ति एक वोट के आधार पर राजनीतिक बराबरी कायम की जा रही है। लेकिन हमें यह ध्यान रखना होगा कि देश में व्यापक तौर पर जबरदस्त सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी है, अगर वह बराबरी नही मिंटाई जा सकी तो वह राजनीतिक बराबरी को लील जाएगी। आज अम्बेडकर की भविष्वाणी सही निकल रही है और वह गैर बराबरी इस देश के लोकतंत्र और संविधान को निकलने क लिए तैयार खड़ी है।

आजादी के तकरीबन अस्सी साल के बाद भी दलितों पर अत्याचार रूका नहीं है। समाज में नए किस्म के पौराणिक आख्यानों और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से ऐसी स्थिति बनाई जा रही है कि बराबरी के लिए आगे आ रहे पिछड़ों को फ़िर से कमतर बताया जाए। लेकिन उससे भी बुरी स्थिति अल्पसंख्यकों के साथ पैदा की जा रही है। अल्पसंख्यकों की राजनीति को हाशिए पर ठेल दिया गया है, उनके बिजनेस व्यापार के बायकाट की अपील की जा रही है और उनके बौद्धिकों को अभिव्यक्ति के अधिकार का इस्तेमाल करने पर गिरफ्तार कर लिया जा रहा है। जबकि सत्ता के साथ जुड़े लोगों के सातों खून माफ किये जा रहे है। हाल में मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने आपरेशन सिंदूर में भारत की आवाज बनकर उभरी कर्नल सोफ़िया कुरैशी को जाने क्या क्या कहा लेकिन उन्हें गिरफ्तार तक नहीं किया गया। क्योंकि वे सत्तारूढ़ पार्टी के थे, जबकि अशोका विश्वविद्यालय के एक मुस्लिम प्रोफ़ेसर अली खान को इसलिये गिरफ्तार कर लिया गया क्योंकि उन्होंने मौजूदा सत्ता से कुछ सवाल पूछे थे और कुछ सुझाव दिये थे। ऐसे में पीडीए उन लोगों के साथ खड़ा होता है जो लोकतंत्र और संविधान के दायरे में अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हैं और न्याय के लिये लड़ते है। चाहे नेहा सिंह राठौर हों, या 4 पी.एम. के पत्रकार संजय शर्माअथवा दलित सांसद, श्री राम जी लाल सुमन या गोरखपुर, हाता जिन पर नफ़रती बयानों और सरकारी मुकदमों और प्रतिबंधों की गाज गिरती है, समाजवादी पार्टी पूरी शिददत के साथ खड़ी मिलती है। पीडीए का उदेश्य है समाज में नफ़रत फैलाने वालों के बीच प्रेम का संदेश देना। कभी डॉ लोहिया कहा करते थे कि अगर इस स्वतंत्रता आन्दोलन में इस देश का नेतृत्व पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के हाथ में होता तो शायद देश का बंटवारा न होता इतना तो तय है कि मुस्लिम लीग का पूरा नेतृत्व जमींदारों और उच्च जाति के मुस्लिमों के हाथ में था जबकि सामान्य लोग बंटवारा नहीं चाहते थे। आजादी के आठ दशक बाद हाथ में था कि सामान्य लोग बंटवारा नहीं चाहते थे। आजादी के आठ दशक बाद स्थितियों में काफ़ी बदलाव आ चुका है और संघ परिवार ने अपने राजनीतिक संगठन का नेतृत्व ऐसे लोगों के हाथ में सौंप दिया है जो अपने को पिछड़े होने का दावा करते है। हालांकि वे वास्तव में कितने पिछड़े हैं या थोड़ी सी जांच पड़ताल से पता चल जायेगा। वे ही देश के समाज को नए सिरे से विभाजित करने और फ़िर से असमानता फैलाने का षडयंत्र कर रहे हैं।

# ब्रिक्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व संतुलित दुनिया का आधार

**चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था-अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव।**


ललित गर्ग

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ 'कायरतापूर्ण' आतंकवादी हमला भारत की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। ब्रिक्स एक ऐसा बहुपक्षीय मंच है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, वैश्विक विकास और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बल देता है। ब्रिक्स समिट काफी सफल एवं निर्णायक रहा है।

ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था-अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों, पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है। भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेरिजम्स (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि ब्रिक्स को एक साझा आतंकवाद निरोधी तंत्र बनाना चाहिए, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान, निगरानी तंत्र और आतंक के वित्तपोषण को रोकने में सहयोग करे। भारत ने इस बार पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह सिद्ध किया कि कश्मीर में आतंकवाद एक स्थानीय असंतोष नहीं, बल्कि बाहरी प्रायोजित आतंक है। ब्रिक्स देशों, विशेषकर रूस और ब्राज़ील ने इस बात को स्वीकारा कि कश्मीर में फैले आतंकवाद पर चिंता जायज़ है और उन्होंने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। यह कूटनीतिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व कौशल को रेखांकित करती है। उन्होंने न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक नैतिक और व्यावहारिक आधार भी प्रस्तुत किया।




भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। यह भारत के लिए भविष्य को गढ़ने का एक सुनहरा अवसर है। भारत अब न केवल आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि ब्रिक्स एक न्यायसंगत, सुरक्षित और आतंकवादमुक्त विश्व के निर्माण की दिशा में कार्य करे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक स्वरूप में दिखाई दी, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत अब एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में उभर चुका है। नरेंद्र मोदी ने जिस सूझबूझ, तर्कशक्ति और साहस के साथ कश्मीर मुद्दे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, वह भारत की कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। आगामी वर्ष में जब भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, तब यह विश्वास किया जा सकता है कि न केवल भारत, बल्कि समूचा विश्व भारत की नीति, नैतिक दृष्टि और नेतृत्व क्षमता का सम्मान करेगा। इस मंच से भारत केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि मानवता, शांति और न्याय की नई इबारत लिखेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। मोदी ने कहा, 'बीसवीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होती। बीसवीं सदी के टाइपराइटर इक्कीसवीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है।

# कूड़े से बिजली बनाएगा नगर निगम

## दो महीने में बनकर तैयार हो जाएगा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के भरवारा में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाकर बेकार कूड़े से बिजली बनाई जाएगी। पोर्टेबल कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (पीसीटीएस) लगाए जाएंगे। प्लांट लगाने का काम दो महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा इंदौर की तर्ज पर लखनऊ में घरों से सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग लिया जाएगा। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। ये जानकारी बुधवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने पत्रकारवार्ता में दी।

नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में महापौर ने बताया कि हरियाणा के मानेसर में 3-4 जुलाई को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स की ओर से राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें उन्होंने लखनऊ नगर



■ इंदौर की तर्ज पर लखनऊ में घरों से सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग लिया जाएगा

निगम का प्रतिनिधित्व किया।

महापौर ने बताया कि सम्मेलन में लखनऊ नगर निगम के शिवरी कूड़ा निस्तारण प्लांट, सीएंडडी प्लांट, मनोरथा गोशाला आदि कार्यों का मॉडल प्रदर्शित किए गए। अन्य शहरों की ओर से रखे गए प्रोजेक्ट से नई चीजें भी सीखने को मिलीं।

### कचरा बीनने वालों को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर

अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने बताया कि पुणे मॉडल के तहत कचरा बीनने वालों को सहकारी समिति का हिस्सा बनाकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इसके लिए योजना तैयार की जाएगी। कूड़ा बीनने वालों को नगर निगम की गाड़ियों के साथ लगाया जाएगा। इससे काम के कूड़े को अलग करके नगर निगम कमाई करेगा। उन्होंने बताया कि इंदौर मॉडल से प्रेरणा लेते हुए लखनऊ नगर निगम ट्रीट वाटर देने की दिशा में काम करेगा। जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ राजस्व में भी वृद्धि होगी।

### प्रमुख स्थलों से पर्यटकों को मिलेंगी साइकिल

महापौर ने बताया कि राजधानी के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक आने-जाने के लिए पर्यटकों को प्रमुख स्थलों से साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए नगर निगम जगह चिन्हित करेगा। जल्द ही इस दिशा में कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सड़क पर बेतरतीबी से खड़े होने वाले वाहनों को जल्द क्रेन से उठाने की व्यवस्था शुरू की जाएगी। सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर 10 जुलाई को नगर निगम सुबह 6 से 8 बजे तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाएगा। इसके अलावा सप्ताह में एक दिन एक जोन में अभियान चलाया जाएगा।

प्रेस वार्ता में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह, पार्षद रजनी गुप्ता, रणजीत सिंह और नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन सुनवाई में बुजुर्गों के बने आयुष्मान कार्ड

**हरदोई।** आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई के दौरान कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई के दौरान मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन से आच्छादित कराया गया। मौके पर ही 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज कुल 04 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान ही अब तक 160 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। अंत्योदय कार्ड धारकों का भी आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अंश निर्धारण व पैमाइश के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। भूमि विवाद के प्रकरणों के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी में देरी न की जाये। तारांकित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये।

# साहित्य संस्कृति की 11 विभूतियां हुई सम्मानित

■ पदमश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह की पांच पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोंटेसरी स्कूल, गोमती नगर में संपन्न हुआ। स्मृति समारोह में साहित्य सहित विभिन्न क्षेत्रों की विभूति 11 विभूतियों को सम्मानित किया गया। साथ ही पदमश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह की पांच पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया।

कृष्ण प्रताप विद्या बिंदु लोकहित न्यास व शिव सिंह सरोज स्मारक समिति और अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कृष्ण प्रताप सिंह के जयंती पर संपन्न हुई अध्यात्म चिंतन व्याख्यानमाला 22वीं में स्मृति शेष विभूतियां के नाम से श्री कृष्ण दत्त सिंह( एसकेडी सिंह), श्रीधर गोविंद पराड़कर, जयप्रकाश सिंह , बसवराज गणपत राव पाटिल सेडम, डॉक्टर सर्वेंद्र विक्रम सिंह , डॉक्टर पूनम श्रीवास्तव , डॉक्टर वंदना सहगल , श्रीमती आशिमा सिंह , डॉक्टर बृज नारायण सिंह शिवशरण सिंह गहरवार



, डॉ सुरभि गुप्ता को सम्मानित किया गया।

डॉक्टर विद्या बिंदु सिंह की पांच कृतियां संत विवेक 2025 भक्ति काव्य अमृत स्मारिका, कुछ मन की कुछ जग की (आत्मकथा), शिव पार्वती की कथाएं , सुन कठपुतली (कहानी संग्रह ), तुमसे ही कहना है (भक्ति कविता संग्रह) का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर सूर्य प्रसाद दीक्षित अतिथि वसवराज गणपत राव पाटिल सेडाम , पदमश्री मालिनी अवस्थी , आनंद वर्धन सिंह, डॉक्टर महेंद्र सिंह पूर्व मंत्री, पवन सिंह चौहान विधान परिषद सदस्य ने विभूतियों का सम्मान कर पुस्तकों का लोकार्पण किया। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा और अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में रमा सिंह ने संस्थाओं का परिचय देते हुए बताया कि संस्था वर्ष 2006 से अनवरत अपने-अपने क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाले श्रेष्ठ जनों को सम्मानित करती है और साहित्य संस्कृति और कला के क्षेत्र में सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहती है। इस अवसर पर इंद्रासन सिंह, पवन पुत्र बादल, शर्मिला प्रजापति , सुनील बाजपेई , डॉ दिनेश चंद्र अवस्थी, डॉक्टर करुणा पांडे ,डॉ अंजलि अस्थान ,डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह ,अनिल मिश्रा , मयंक सिंह सहित कलाकार साहित्यकार समाजसेवी पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनय कृष्ण सिंह मानिक ने किया।

# जैन मन्दिर में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जैन मंदिर जैन बाग डालीगंज मे गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु वार को उपाध्याय श्री 108 आदीश सागर जी मुनिराज के सानिध्य मे धूमधाम से मनाया गया। श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन गर्ग की अध्यक्षता मे दीप प्रज्जुलन के साथ सभा का प्रारम्भ हुआ। महिला मण्डल से बीना ने मंगलाचरण किया। सभी भक्तो ने उपाध्याय श्री के चरणों मे श्री फल अर्पित किया। एवं अष्ट द्रव्यों के साथ मुनिराज का पूजन किया। मुनिराज का पाद प्रक्षालन करने का लाभ संदीप जैन (जैन बंधु) परिवार ने प्राप्त किया। वही सभा अध्यक्ष विनय जैन ने मुनिराज को शास्त्र भेट किया। उपाध्याय श्री ने अपने प्रवचन मे बताया की जिनेन्द्र देव की भक्ति करने से बड़े से बड़े भय दूर हो जाते है। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष विनय कुमार जैन, सभा के कोषाध्यक्ष सुशील कुमार जैन, उप प्रबंधक पार्श्व कुमार जैन, संयोजक मण्डल से अनिल, संदीप, विकास, पुष्पेंद्र, अंशु, राजू जैन आदि मौजूद रहे।

# गुरु बिन जीवन अधूरा : नरेंद्र बुन्देला

**तेरईफाटक ललितपुर।** भारतीय शिक्षण मण्डल जिला ललितपुर के द्वारा व्यास पूजा कार्यक्रम का आयोजन वीणा वादिनी बालिका इण्टर कॉलेज तेरईफाटक ललितपुर के परिसर में किया गया ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार तिवारी तथा मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह बुंदेला सह जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ललितपुर रहे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह बुंदेला ने छात्र व छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है क्योंकि हमारे जीवन में जो अन्धकार रहता है उसको प्रकाशवान बनाने में गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक होता है। जीवन में गुरु अनेक हो सकते है हमें जहां से भी ज्ञान प्राप्त हो वही हमारा गुरु हो जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा गुरु से ही प्राप्त होती है।

# सत्संग तो दर्पण है जो मनुष्य के चरित्र को दिखाता : स्वामी चन्द्रेश्वरगिरी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर गुरूपूर्णिमा का पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह की बेला में परम पूज्य अनंत विभूषित चंडी पीठाधीश्वराचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वरगिरि महाराजजी ने गुरूमूर्तियों का महाभिषेक व पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात शिष्यों ने परमपूज्य चंडी पीठाधीश्वराचार्य महामण्डलेश्वर चन्द्रेश्वरगिरिजी का गुरुपूजन किया व आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि संतो के संग से मिलने वाला आनंद तो बैकुण्ठ में भी दुर्लभ है। रामचरितमानस मे भी लिखा है कि तात स्वर्ग अपवर्ग सुख धरि तुला एक अंग। तुल न ताहि सकल मिलि जो सुख लव सतसंग। हे तात! स्वर्ग और मोक्ष के सब सुखों को तराजू के एक पलड़े में रखा जाये ते भी वे सब सुख मिलकर



■ श्री सिद्धपीठ चंडी धाम पर धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

भी दूसरे पलड़े में रखे हुए उस सुख के बराबर नहीं हो सकते, जो क्षण मात्र के सत्संग से मिलता है। सत्संग की बहुत महिमा है,, सत्संग तो वो दर्पण है जो मनुष्य के चरित्र को दिखाता है ओर साथ साथ चरित्र को सुधारता भी है। सत्संग से मनुष्य को जीवन जीने का तरीका पता चलता है। सत्संग से ही मनुष्य को अपने वास्तविक कर्तव्य का पता चलता है। उन्होंने कहा कि आषाढ़ महीने की पूर्णिमा को महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म हुआ था। वेद व्यास के बचपन की बात है। वेद व्यास ने अपने माता-पिता से भगवान के दर्शन की इच्छा जाहिर की, लेकिन उनकी माता सत्यवती ने उनकी इच्छा पूरी करने से मना कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरु केवल ज्ञान के स्रोत नहीं



**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज सदस्य विधान परिषद् मुकेश शर्मा ने जियामऊ स्थित कार्यक्रम में शेष नारायण दुबे का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान के स्रोत नहीं होते, बल्कि वे समाज को दिशा देने वाले पथप्रदर्शक भी होते हैं। मुकेश शर्मा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरुओं के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने वाला प्रेरणादायी पर्व है। उन्होंने कहा, गुरुजनों की भूमिका केवल शिक्षा तक सीमित नहीं होती, वे समाज को संस्कार, ऊर्जा और मार्गदर्शन देने का कार्य करते हैं। वर्तमान समय में जब सामाजिक और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की आवश्यकता है, तब गुरु की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रवीण कंचन, पार्षद राजीव बाजपेई, शिव शंकर शर्मा एवं आनंद पांडे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### पर्यावरण संरक्षण को हरियाली सबसे जरूरी

**अमेठी (अवधनामा संवाददाता)।** वृहद पौधारोपण अभियान के दौरान लोक निर्माण विभाग की ओर से 11900पेड लगाए जा रहे हैं। बुधवार को अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र और इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने कैम्प कार्यालय में पौधरोपण किया। इंजीनियर रमेश चंद्र ने कहा कि पौधरोपण और पौधों की सुरक्षा से बड़ा प्रकृति की सेवा का काम और कोई नहीं है। पर्यावरण संरक्षण के लिए धरती पर हरियाली बढ़ना जरुरी है। धरती पर हरियाली और वनाच्छादन बढ़ने से भूगर्भ जल और स्वच्छ प्राण वायु का संकट दूर हो सकता है। इंजीनियर रमेश चंद्र ने सभी से पेड़ लगाने के साथ ट्री गार्ड बनाकर उनकी सुरक्षा की भी अपील की। सहायक अभियंता हीरामणि, सहायक अभियंता विनोद कुमार गौतम,फूल सिंह,राम नयन कनौजिया, ए ओ अमरनाथ, दीपेश, विनय तिवारी आदि ने भी पौधरोपण किया।

### आम महोत्सव में सम्मानित किसान ने की डीएम से मुलाक़ात

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** हाल ही में अवध शिल्पग्राम लखनऊ में आयोजित आम महोत्सव में जनपद हरदोई का झंडा बुलंद करने वाले किसान मोहम्मद असलम ने आज जिलाधिकारी अनुनय झा से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने किसान असलम से कृषि को और अधिक लाभकारी बनाने पर विस्तृत चर्चा की। किसान ने आम महोत्सव में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त श्जाफरानश् नस्ल का आम जिलाधिकारी को भेंट किया। जिलाधिकारी ने किसान की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में फलों की प्रोसेसिंग के लिए विशेष जोर दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी सुभाष चंद्र व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बिलग्राम केनरा बैंक में खाताधारकों की मुश्किलें




**बिलग्राम हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** नगर की केनरा बैंक शाखा में खाताधारकों को पैसे निकालने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कनेक्टिविटी समस्याओं और नए स्टाफ की कथित लापरवाही ने ग्राहकों का गुस्सा बढ़ा दिया है। जरौली शेरपुर निवासी रूही, पत्नी जावेद, ने प्लॉट खरीदने के लिए पैसे की जरूरत बताई, लेकिन बैंक ने उन्हें बिना मदद के लौटा दिया। कई खाताधारकों ने नए स्टाफ के व्यवहार और काम में देरी पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि नए स्टाफ के आने के बाद से हर काम में लेटलतीफी हो रही है। शाखा प्रबंधक सत्यप्रकाश गौतम ने बताया कि बुधवार को हड़ताल और गुरुवार को कैशियर की अनुपस्थिति के कारण यह समस्या हुई। ग्राहकों का कहना है कि बैंक को ऐसी समस्याओं का तुरंत समाधान करना चाहिए ताकि उन्हें बार-बार परेशानी न झेलनी पड़े।

# संत-महन्थ समाज के पथ प्रदर्शक

## गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति आस्था और समर्पण का पर्व : श्रीराम प्रपन्नाचार्य

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** भाजपाइयों ने गुरु पूर्णिमा का पर्व जिलेभर में उल्लास के साथ मनाया। इस दौरान जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारियों ने विभिन्न मठ- मंदिरों में पूजा अर्चना की और धर्माचार्यों को सम्मानित किया। मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि गुरुवार को नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल के संयोजन में पार्टी जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी व डॉ आर.ए. वर्मा ने गोलाघाट स्थित वेदांती आश्रम में पहुंचकर बाल स्वामी श्रीराम प्रपन्नाचार्य का आशीर्वाद लिया। अंगवस्त्र व फूल-माला पहनाकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर सुशील त्रिपाठी ने कहा कि गुरुजन, साधु- संत समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। देश व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।इस मौके पर महन्थ श्रीराम प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने भक्तों को गुरु पूर्णिमा पर्व के बारे में जानकारी दी।उन्होंने कहा गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति आस्था और समर्पण का पर्व है।



उन्होंने कहा गुरु जीवन से अंधकार को दूर कर ज्ञान रूपी प्रकाश प्रदान करता है। यहां पर गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान संकीर्तन व भव्य भण्डारे का आयोजन हुआ।इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी, विजय त्रिपाठी, मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, सभासद रमेश सिंह टिन्नू, गांधी सिंह, राकेश सिंह दद्दू, अनुज प्रताप सिंह, दिनेश चौरसिया, सौरभ पाण्डेय, लालेन्द्र सिंह, प्रदीप मिश्रा, हिमांशु गुप्ता, आरसी पाण्डे, मंजू तिवारी, राहुल भान मिश्रा, सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे। वही सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने जिला मंत्री विवेक सिंह, रुपेश सिंह व मण्डल अध्यक्ष डॉ विनय प्रजापति की मौजूदगी में हरे राम - हरे कृष्ण मन्दिर, सोनवर्षा, जयसिंहपुर के पुजारी दया शंकर पाण्डेय का अंगवस्त्र देकर समारोहपूर्वक सम्मानित किया। जिला मंत्री प्रदीप शुक्ला, श्याम बहादुर पाण्डेय व मण्डल अध्यक्ष संतोष सिंह ने झारखण्डेश्वर मन्दिर, शिवनगर के पुजारी प्रकाशानंद महाराज का सम्मान किया।

# नहीं रहे रामप्रसाद, हारीपुर में शोक की लहर

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष और बामसेफ के सहसंयोजक त्रिभुवन दत्त के पिता राम प्रसाद -70 का निधन हो गया है। गांव वासियों, बसपा समर्थकों और पंचायत प्रतिनिधियों ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दिवंगत राम प्रसाद का अंतिम संस्कार गुरुवार को पैतृक ग्राम हारीपुर में हुआ। अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। राम प्रसाद लम्बे समय से बीमार थे। बुधवार की शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। ज्ञान विज्ञान समिति की जिला कमेटी के सदस्य दिनेश कुमार यादव, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, पूर्व जिला प्रभारी संजय कुमार शास्त्री, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव दीपक आर्य, बसपा के सेक्टर जोन इंचार्ज नरेंद्र कुमार,राम चन्द्र मिश्र, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री सुनील मौर्य, अनिल शर्मा, अवधेन्द्र मौर्य, विजय चंद मौर्य, संजय मौर्य, इन्द्र पाल आदि ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

# वृद्धाश्रम अल्लीपुर का अपर जिला जज ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई संजीव शुक्ला के आदेशानुसार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई श्री भूपेन्द्र प्रताप द्वारा आज वृद्धाश्रम अल्लीपुर का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज द्वारा वृद्धाश्रम अल्लीपुर में रह रहे वरिष्ठ नागरिको से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। उन्होने कहा कि अपने जीवन मे उत्साह बनाये रखिये और खुश रहिये और सारी चिंताए छोड़ दीजिए साथ रह रहे लोगो से मेलजोल बढ़ाइए। अपर जिला जज द्वारा वृद्धाश्रम प्रशासन को आवश्यक को वस्तुओं की पूर्ति हेतु निर्देशित किया तत्पश्चात वृद्धाश्रम हेतु नवीन निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम स्टाफ आनन्द विशारद, समाज कल्याण विभाग स्टाफ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी उपस्थित रहे।

# आत्मज्ञान और ईश्वरीय मार्गदर्शन का उत्सव : ब्रह्माकुमारीज

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बीके चित्ररेखा दीदी ने सर्वप्रथम निराकार परमपिता शिव परमात्मा को हृदय की गहराइयों से शुभकामनाएं देते हुए सभी को कहा कि कहते है कि गुरू कुम्हार शिष कुंभ है, गढि-गढि काढै खोट। अन्तर हाथ सहार दै, बाहर मारें चोट। जैसे कि गुरु कुम्हार है और शिष्य मिट्टी के कच्चे घड़े के समान है। गुरू भीतर से हाथ का सहारा देकर बाहर से चोट मार-मारकर साथ ही शिष्यों की बुराई को निकालते है। गुरु ही शिष्य के चरित्र का निर्माण करता है, गुरु के अभाव में शिष्य एक माटी का टुकड़ा ही होता है जिसे गुरु एक घड़े का आकार देते हैं, उसके चरित्र का निर्माण करते हैं। ऐसे ही सतगुरू परमपिता शिव भी हम सभी मनुष्य आत्माओं की बुराइयों कों दूर करके संसार में सम्माननीय और विशेष बनाते है। जो हमें राजयोग के



■ आज वरदानी भवन में मनाई गई अनोखी गुरु पूर्णिमा

माध्यम से सच्चा ज्ञान देते है। सभी उपस्थितिजनों को राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदीजी एवं बीके मायारानी दीदीजी का तिलक, पुष्प, चुनरी से सम्मान किया। जिसमें बीके प्रीति बहन, प्रियंका बहन, बीके निशा बहन, बीके पूजा बहन, बीके शिवानी बहन, जूली बहन, विद्यासागर भाई, दैवीय भ्राता ओमप्रकाश गुप्ता, डा. श्रीराम साहू, महेश कंचन भाईजी, कुंजबिहारी उपाध्याय, अशोक भाई, ममता सोनी, कमला बहन, सभी बीके भाई-बहन एवं शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 'शिष्य को गुरू सानिध्य में लाने का अवसर है गुरूपूर्णिमा'



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। शहर के गोविंद सागर बांध की तलहटी स्थित श्रीश्री 1008 सर्वेश्वर धाम मंदिर पर महंत कृष्णगिरी महाराज ने गुरु मूर्तियों का महाभिषेक व पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात शिष्यों ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया। महंत कृष्ण गिरी महाराजजी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का बड़ा महत्व हैं। यह गुरू-शिष्य के मिलन का पर्व हैं। उन्होंने कहा कि गुरु भगवान के दर्शन से प्राणी का मंगल होता हैं। उसके जीवन मे सकारात्मक आती हैं। इसलिए मनुष्य को संतों, गुरू के सानिध्य में सत्संग का धर्मलाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में अशांति, परेशानियां तब शुरू हो जाती है। जब मनुष्य के जीवन मे सत्संग नहीं होता व गुरू का सानिध्य नहीं होता। जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मनुष्य को जीवन मिला था। उससे वह भटक गया हैं। उन्होंने कहा कि जीवन मिला था प्रभु का होने ओर प्रभु को पाने के लिए लेकिन मनुष्य माया का दास बनकर माया की प्राप्ति के लिए इधर उधर भटकने लगता है। इस तरह मनुष्य का ये बहुमूल्य जीवन नष्ट हो जाता है। जिस अनमोल रत्न मानव जीवन को पाने के लिए देवता लोग भी तरसते रहते हैं।

# गुरु पूर्णिमा पर जैन साधु को आहारदान उत्कृष्ट कार्य



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** आचार्यश्री निर्भयसागर महाराज ने जैन दर्शन में गुरुपूर्णिमा की महिमा बताई और कहा गुरु के माध्यम से ही धर्म का बोध होता है। गुरु अपने आप में पूर्ण माँ है यह स्वयं पूर्णिमा शब्द कहता है। सच्चा गुरु वही है जो शिष्य को अनर्थ से बचाए और परमार्थ में लगाए। असंयम से संयम में, भोग से योग में,राग से वैराग्य में, आधुनिकता में ले जाए। गुरु को ब्रह्म इसलिए कहते हैं क्योंकि गुरु ही शिष्य के जीवन का अच्छा सृजन करते हैं। गुरु ही शिष्य के पापों और दुखों का संहार करते हैं। गुरुपूर्णिमा पर आहारदान श्रावक के लिए श्रेष्ठ दान बताते हुए आचार्य श्री ने कहा इस दिन जो गुरु को आहारदान देता है उसको असीम पुण्य का संचय होता है और पाप धुलते है।

# अमेठी में लगे 4.5 लाख पेड़, नहीं पूरी हुई जिओ टैंगिग



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** बुधवार को वृहद पौधारोपण अभियान के दौरान जिले में 4552800 पेड लगाए हैं। 40 फीसदी पेड़ों की जिओ टैंगिग का काम पूरा नहीं हुआ है। गुरुवार को सभी विभागों के अधिकारी रोपित पौधों की जिओ टैंगिग पूरी कराने की कोशिश में लगे रहे। वन विभाग ने 2002700पेड लगवाएं है। अन्य विभागों की ओर से भी लक्ष्य के अनुसार पौधरोपण का दावा किया गया है, किंतु जिओ टैंगिग नहीं करा पाए हैं। इस बार वन विभाग की पौधशालाओं की ओर से दिए गए पौध बड़ी संख्या में मानक से छोटे पाए गए हैं। 16 जुलाई को अटल वन रोपित किया जाएगा। इसके लिए नवोदय विद्यालय गौरीगंज के परिसर को चयनित किया गया है। डीएफओ ने बताया कि सुबह के समय बारिश के कारण जिओ टैंगिग का काम प्रभावित हुआ है। सभी विभागों को जिओ टैंगिग शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। 16 जुलाई को अटल वन रोपित किया जाएगा। इसके लिए नवोदय विद्यालय गौरीगंज के परिसर को चयनित किया गया है।

# केएम विवि के परिसर में भाजपा विधायक ने कुलाधिपति संग किया वृक्षारोपण

■ हर ब्रजवासी एक वृक्ष अपनी माता के नाम पर अवश्य लगाए : कुलाधिपति किशन चौधरी

अवधनामा संवाददाता




**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में 'वृक्षारोपण महाअभियान 2025' का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ गोवर्धन विस के विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने विवि के परिसर में वृक्षारोपण करके किया। इस अवसर पर विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, चांसलर सुपुत्र पार्थ चौधरी सहित विवि के प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, चांसलर सलाहकार डा. एसपी गोस्वामी, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने भी वृक्षारोपण किया। इससे पूर्व भाजपा मगोर्रा मंडल अध्यक्ष सतेंद्र चौधरी व मंडल महामंत्री हेमराज सिंह ने पौधे वितरित किए। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाना चाहिए। वृक्ष हमें ऑक्सीजन और ताजी हवा देते हैं। वृक्षों से फल भी मिलते हैं, जिससे लोगों को रोजगार मिलता है। विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं, यह भावनात्मक जुड़ाव है। हम चाहते हैं कि हर ब्रजवासी एक वृक्ष अपनी माता के नाम पर अवश्य लगाए। विवि के प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल ने कहा हमें अधिक से अधिक पेड़ लगा कर प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए। प्रत्येक पौधे की रक्षा जरूरी है, इसके लिए उन्होंने वहां उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रत्येक पौधे की रक्षा के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने कहा वृक्षारोपण से जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है तथा प्रदूषण के रोकथाम में वृक्ष महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चांसलर सलाहकार डा. एसपी गोस्वामी ने कहा माँ के नाम एक वृक्ष लगाकर हम पर्यावरण संरक्षण और मातृ वंदन दोनों भावों को एक साथ जीवंत कर रहे हैं। कॉलेज के प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन को सार्थक बनाते हैं। वे छाया देते हैं और धूप से बचाते हैं। इस अवसर पर सब रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, ट्रांसपोर्ट इंचार्ज दीपक, रनवीर आदि सहित शिक्षक, कर्मचारी और हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा।

## कार सवारों की गुंडई, टोल बूम को तोड़ दिया...फिर कर्मचारी को उठा ले गए

**मथुरा।** फरह थाना क्षेत्र स्थित महुअन टोल टैक्स पर मंगलवार की रात को कार सवारों टोल देने को लेकर टोलकर्मी से विवाद हो गया। आरोप है कि कार सवार टोल का बूम तोड़कर कर्मचारी को कार में डालकर ले गए। युवक को छोड़ने की एवज में 60 हजार रुपये की फिरौती भी मांगी। टोल प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर देकर सूचना दी। अपहरण की सूचना पर पुलिस अधिकारियों के होश फाख्ता हो गए। हालांकि जलेसर के पास हाईवे पर छोड़कर भाग गए। महुअन टोल संचालक जयपाल सिंह ने फरह थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की रात 2 बजे के करीब एटा नंबर की कार सवार युवकों ने टोल देने के बजाए लेन नंबर 12 में का बूम तोड दिया। लाइन पर मौजूद टोलकर्मी अमित कुमार ने उनको रोकने की कोशिश की तो उससे गाली गलौज करके उसे अपनी गाड़ी में खींच कर ले गए। कुछ देर बाद अमित के ही फोन से टोल टैक्स ऑफिस के नंबर पर फोन करके 60 हजार रुपये की फिरौती मांगी। उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को अवगत कराया और सीसीटीवी की फुटेज भी उपलब्ध कराई।

# फर्जी रजिस्ट्रेशन करने पर पूर्व एआरटीओ सहित सात पर एफआईआर के आदेश

■ 30 बसों के पूर्व एआरटीओ ने किए थे फर्जी रजिस्ट्रेशन, पीड़ित को कोट से मिला न्याय

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** सात साल पहले वाहनों के रजिस्ट्रेशन में फर्जीवाड़े के मामले में पीड़ित के प्रार्थनापत्र पर न्यायालय ने एआरटीओ सहित छह बस मालिकों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी कर दिए है। इससे संभागीय परिवहन विभाग में हड़कंप मच गया है। मामले में 30 से अधिक बसों के पंजीयन बिना पीड़ित की जानकारी के फर्जी पेपर लगाकर पीड़ित के नाम बसों का रजिस्ट्रेशन कर दिया था।

कबरई कस्बे के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी सत्येंद्र कुमार अग्निहोत्री पुत्र जागेश्वर प्रसाद ने सीजेएम कोर्ट महोबा में धारा 173 बीएनएस के तहत प्रार्थना पत्र देकर तीस से अधिक बसों के रजिस्ट्रेशन में एआरटीओ कार्यालय के पत्रावली से आईडी की फोटोकॉपी निकालकर फर्जी पंजीयन पीड़ित के पते पर कर दिए गए। उन बसों के बारे में पीड़ित को कोई जानकारी ही नहीं थी न ही उसके आईडी और शपथपत्र में उसके हस्ताक्षर है और न ही उसकी सहमति ली गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि एआरटीओ कार्यालय में अन्य वाहन खरीदने पर उसने एआरटीओ कार्यालय में पंजीसन कराने के लिए आधार कार्ड व अन्य कागज लगाए थे। जिस पर कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा फर्जीवाड़ा करके उसके आधार कार्ड लगाकर दूसरे जिले के बस मालिकों की बसें उसके नाम पर पंजीकृत कर दी गई।

बसों के ऑनलाइन चालन होने तथा डिमांड पीड़ित के नाम जारी होने पर इस फर्जी बस पंजीयन मामले की जानकारी हुई। आनन फानन में सभी उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर बसों के पंजीयन पत्रावली में लगे आईडी की जांच की मांग की। तत्काल बसों के पंजीयन करने वाले बाबू आरटीओ पर कारवाई की मांग उठाई दर्जनों बार मांग के बावजूद फर्जीवाड़े पर कोई कारवाई न होने पर पीड़ित सत्येंद्र अग्निहोत्री ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय ने मामले को गंभीर मानते हुए कबरई कोतवाली को तत्कालीन एआरटीओ और सभी बसों के मालिक केसी जैन ट्रेवल्स जोधपुर राजस्थान, मनीष जैन पुत्र करण चंद्र जैन निवासी शास्त्री नगर जोधपुर, करण चंद्र जैनपुर किशोरमल जैन जोधपुर, हवेली टूर एंड ट्रेवल्स, कोहिनूर सिनेमा जोधपुर, दीपक अग्रवाल पुत्र दिनेशचंद्र अग्रवाल शांतिनगर कालौनी छतरपुर, बीटी अध्या पत्नी राजकुमार अध्या निवासी शिवपुरी एमपी जो सभी दर्जनों महोबा में पंजीकृत फर्जी वाहनों के मालिक है। अदालत ने गुरूवार को सुनवाई के दौरान संभागीय परिवाहन विभाग महोबा के तत्कालीन एआरटीओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच कर कारवाई के आदेश दिए हैं। मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता राणा दृगपाल सिंह ने बताया कि बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा एआरटीओ कर्मियों ने फाइलों से आईडी कागज निकालकर किया है सभी जेल जाएंगे। पीड़ित को अब सात साल की मेहनत का लाभ मिल सकेगा।

## गौवंश की देखरेख में कोई लापरवाही न वरती जाये : डा. अनिल कुमार

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित पालिका द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला का मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंशों के रख-रखाव, भूसा, दाना, चारा, स्वच्छता एवं चिकित्सा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। गुरूवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने पालिका द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला में मौजूद पशुओं की शारीरिक स्थिति की जांच की और गौशाला प्रबंधन से नियमित टीकाकरण, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश देने के उपरान्त उन्होंने कहा कि गौशाला को संवेदनशीलता के साथ संचालित किया जाए और गौवंश की देखरेख में कोई लापरवाही न की जाए। निरीक्षण दौरान गौशाला से संबंधित सभी व्यवस्थाएं एवं रजिस्टर पूर्ण पाए गए। निरीक्षण दौरान इंचार्ज प्रसन्नजीत मिश्रा, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव कुमार, फार्मासिस्ट अजीत कुमार एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गोवर्धन मुड़िया पूर्णिमा परिक्रमा देने आ रहे युवक की बस से गिरकर मौत

**मथुरा।** फरह थाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम गोवर्धन परिक्रमा देने जा रहे इटावा निवासी परिक्रमार्थी बस से गिरकर घायल हो गए। बस में सवार श्रद्धालुओं ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को लेकर अस्पताल पहुंची, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा ने बताया कि बुधवार की देर शाम सूचना मिली कि कुरकंदा के समीप हाईवे पर बस से एक युवक गिरकर घायल हो गया है। सूचना पर थाना प्रभारी को त्रिलोकी सिंह को मौके पर भेजा। पुलिस घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त इटावा के हवेलीया निवासी पीयूष (19) के रूप में हुई है। फरह सीएचसी अधीक्षक रामगोपाल ने बताया कि बस से गिरने के कारण युवक के सिर में गहरी चोट आई और खून का अधिक रिसाव हुआ। इस कारण उनकी जान नहीं बचा पाए।

# पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस पर किसानो का सम्मान एवं रीवर रैचिंग

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा दिनांक 9-10 जुलाई को राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रो. देश दीपक सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्धाटन श्री योगेश चौधरी, सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश तथा डा0 देविका पिल्लै, सहायक महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 अरूण कुमार मदान कुलपति, दुवासु द्वारा की गई। मुख्य अतिथि श्री योगेश चौधरी जी ने किसानों से मत्स्य पालन के उन्नत एवं वैज्ञानिक तौर तरीको को अपनाने का आव्हान किया तथा बताया कि फिशरीज में स्नातक तथा उच्च शिक्षा से रोजगार प्राप्ति की अपार सभावनाए है। क्षेत्र के लगभग 100 मत्स्य पालकों की उपस्थिति में चार मत्स्य पालकों को उत्कृष्ट मत्स्य पालक का सम्मान दिया गया। मत्स्य उत्पादन तथा उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ठ अतिथि डा0 हरेन्द्र प्रसाद, उप निदेशक आगरा मण्डल तथा श्री अभिषेक शुक्ला, ए0 जी0एम0 नाबार्ड द्वारा सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर मत्स्य पालन से सम्बन्धित तकनीकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें फिशरीज सेक्टर से जुड़ी विभिन्न कम्पनियों ने प्रदर्शनी में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, मत्स्य एवं पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार के वित्तीय सहयोग एवं मार्ग दर्शन में किया गया जिसमें प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी यमुना नदी में भारतीय कार्प मछलियों की बड़े आकार की अगुलिकाओं को छोडकर रीवर रैचिंग की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति ने मत्स्य पालन तथा पशुपालन के समन्वित व्यवहार से किसानों की आय वृद्धि तथा समृद्धि का विस्तार से वर्णन किया। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा0 नित्यानन्द पाण्डेय ने महाविद्यालय को फिशरीज शिक्षा के लिए उत्कृष्ट तथा क्षेत्र के किसानों के लिए मत्स्य पालन तकनीकी जानकारी का एक प्रमुख केन्द्र बताया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक तथा अधिकारीगणों ने भाग लिया तथा कार्यक्रम व्यवस्था में डा0 लक्ष्मी प्रसाद, डा परमवीर सिंह, डा मुक्ता सिंह, डा आर0श्रीनू, श्री अम्बरीश सिंह एवं कु0साक्षी मौर्या तथा श्री शकील अहमद खॉ और श्री सन्तोष कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई।

# मुड़िया संतों ने निकाली परंपरागत शोभायात्रा

■ 468 साल से निभाई जा रही है परंपरा, अद्भुत दृश्य देख रोमांचित हो रहे श्रद्धालु

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** गोवर्धन पर्वत के उपर कडकती आकाशीय बिजली के बीच आसमान में घुमडते बरसते घने काले मेघा और तलहटी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड, तलहटी में द्वापर कालीन अद्भुत दृश्य उपस्थित हो रहा था। मानो इंद्रदेव अपने रौद्र रूप में हों और ब्रजवासी अपने कान्हा के भरोसे गोवर्धन पर्वत के इर्द गिर्द एकत्रित हो गये हों। मुडिया मेला में पूर्णमासी की रात को यह सब श्रद्धालुओं को रोमांचित कर रहा था। सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गुंजायमान था। सब की टेर कान्हा से लगी थी। गुरू पूर्णिमा के दिन में गिरिराज तलहटी गोवर्धन में मुड़िया शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें मुड़िया संत ढोल मृदङ्ग की थापों पर नाचते हुए इस प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए नजर आए। यात्रा ने चकलेश्वर से शुरू होकर संपूर्ण कस्बे में भ्रमण किया। मुड़िया शोभायात्रा गिरिराज तलहटी गोवर्धन में लगने वाले मुड़िया मेला का रविवार को मुड़िया शोभायात्रा के साथ समाप्त हो गया। चकलेश्वर स्थित श्रीराधा श्याम सुंदर मंदिर से मुड़िया शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सभी मुड़िया संत ढोल मृदङ्ग खंजरी की थापों पर नाचते गाते हुए अपने गुरु की याद में इस प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते नजर आए। यात्रा राधा श्याम सुन्दर मंदिर से निकली और चकलेश्वर से होते हुए दसविसा हरदेव जी मन्दिर बिजली घर से होते हुए दानघाटी मन्दिर बड़ा बाजार हाथी दरवाजा होकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची। शोभायात्रा में सैकडों संत महात्मा साधु सन्यासिन एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। वहीं मुड़िया शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ। यह परम्परा लगभग 468 साल पहले शुरू हुई। जब माधव गौडीय सम्प्रदाय के आचार्य श्रीपाद सनातन गोस्वामी श्री चैतन्य महाप्रभु के आदेश पर ब्रजभूमि पधारे तो यहां वृन्दावन के बाद गोवर्धन ही उनकी भजन स्थली बनी। सनातन गोस्वामी अपने बालों का मुंडन कर भजन साधना में लीन रहते थे। इसलिए सभी उन्हें मुडिया बाबा के नाम से जानते थे। गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करना उनके नित्यकर्म में शामिल था।

### सात कोस में सिमट गया मिनी भारत

सात कोस की परिक्रमा में मानो आस्था, श्रद्धा और विश्वास से ओतप्रोत मिनी भारत सिमट गया हो। अलग अलग पहनावे में अलग अलग बोली बोल रहे लोग लेकिन सब का भाव एक ही था। भीड थी लेकिन स्वनियंत्रित, अपार भीड़ को कोई नियंत्रित नहीं कर रहा था बावजूद इसके सब बेहद अनुशासित नजर आ रहे थे। उल्लास, उत्साह और उमंग के सागर में हुड़दंग का नामोनिशान नहीं था। यह अद्भुत और अनूठा आयोजन लोगों के विश्वास को और मजबूत कर रहा था। यही वजह है कि साल दर साल गोवर्धन में मुड़िया मेला पर जुटने वाली भीड़ बढ़ती जा रही है।

## विद्युत आपूर्ति ठप होने से विद्यालय में बच्चों का घुट रहा दम

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के पनपथा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आधा सैकड़ा से ज्यादा विद्यार्थियों को शिक्षक इस उमस भरी गर्मी में शिक्षा की घुट्टी पिला रहे है। विद्यालय में विगत तीन माह से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी हैं। विद्युत सप्लाई के अभाव में पेयजल संकट भी बना हुआ हैं। मालूम हो कि मरौंदा सुचित गांव के पनपथा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में 51 विद्यार्थी कक्षा 6 से 8 तक में पढ़ते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में विद्युत कनेक्शन हैं किंतु कनेक्शन बॉक्स की दूरी अधिक होने से केविल बार बार किसी न किसी बड़े वाहन में फंसकर टूट जाती हैं। केविल विगत तीन माह पहले फिर टूट गई थी। जिसकी शिकायत विद्युत उप खंड सफीपुर में की गई हैं। विद्युत अभाव में विद्यालय में पेयजल संकट भी बना हुआ हैं। इस संबंध में जेई दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया जल्द नई एलटी लाइन डालकर विद्युत सप्लाई बहाल करा दी जाएगी।

## विद्यालय का मनाया गया स्थापना दिवस

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** कालिंदी गुप्ता महात्मा गांधी बालिका इंटर कॉलेज सफीपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सफीपुर ईकाई द्वारा 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर विधार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं एवं कॉलेज की छात्राओं ने सहभागिता की। इस दौरान विशेष उपस्थिति के रूप में पुष्पा गौतम प्रान्त सह मंत्री अवध क्षेत्र, मुख्य अतिथि डॉ उमेश बाजपेई पूर्व विभाग प्रमुख एबीवीपी एवं जिला प्रमुख विजय श्रीवास्तव व जिला सह प्रमुख रचना निगम, जिला संयोजक योगेश तिवारी, जिला सह संयोजक जय मिश्रा, नगर अध्यक्ष नाजिम अली, नगर मंत्री शिवम् शुक्ला सहित परिषद कार्यकर्ता व कॉलेज के शिक्षक एवम शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से महिला झुलसी

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी करुणा शंकर के घर में स्थित हैंडपंप में टुल्लू पंप लगा हुआ है, जिसका खुला तार हैंडपंप में छू रहा था और इससे हैंडपंप में लो बोल्टेज करेंट दौड़ रही थी। आज बुधवार की सुबह करुणा शंकर की पत्नी कल्पना 30 वर्ष ने अचानक हैंडपंप को छू लिया। हैंडपंप को छूते ही वह करेंट की चपेट में आ गई और छटपटाने लगी। यह देखकर उसके पति करुणा शंकर ने तुरंत टुल्लू पंप का प्लग निकाल दिया और करेंट से झुलसी अपनी पत्नी को आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## किशोर में दिखे चेचक के लक्षण, गांव में दहशत

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक मियागंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामसभा जारुल्लानगर में किशोर के पूरे शरीर में चेचक जैसे लक्षण दिखाई देने पर उसे मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इसके बाद दस्तक अभियान के नोडल अधिकारी ने कहा कि गुरुवार गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर जांच कराएंगे।

जुलाई माह में संयुक्त रूप में स्वास्थ्य विभाग और ग्राम पंचायतों द्वारा संचारी रोगों को लेकर बडे-बडे दावे किए जाते हैं बैठकें की जाती है और साफ-सफाई का ढिंढोरा पीटा जाता है लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। बुधवार को जारुल्लानगर गांव निवासी विजय कुमार के 12 वर्षीय पुत्र राज के शरीर में चेचक जैसे दाने दिखाई दिए। किशोर को दिक्कत महसूस हुई तो परिजनों को जानकारी दी जिसपर उसे मियागंज अस्पताल ले गए जहां डाक्टर दिनेश कुमार ने चेक किया और दवाएं दी। जब इस सम्बंध में दस्तक अभियान के नोडल अधिकारी जेआर सिंह से जानकारी की तो बताया कि गुरुवार गांव में टीम भेजकर जांच कराई जायेगी।

# श्रद्धालुओं ने लगाई ऐतिहासिक गोरखगिरि की परिक्रमा

■ महर्षि वेद्रव्यास के अवतरण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन कर ऋषि मुनियों को किया नमन

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** प्रति वर्ष की भांति इस साल भी गुरूवार को गुरू पूर्णिमा पर गुरू गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में श्रद्धालु द्वारा ऐतिहासिक गुरू गोरखनाथ की तपोभूमि गोरखगिरि की परिक्रमा लगाते हुए सुख समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की गई। परिक्रमा पूर्ण होने के बाद शिव मंदिर प्रांगण में महाभारत ग्रंथ रचयिता महर्षि वेद्रव्यास के अवतरण दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां पर गुरू पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बुंदेलखंड को अपनी तपस्थली बनाने वाले महर्षि वेदव्यास व ऋषि मुनियों को भी नमन किया। गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा सुबह छह बजे शिवतांडव मंदिर से प्रारंभ हुई जो महावीरन, पठवा के बाल हनुमान, रामजानकी मंदिर, कबीर आश्रम, बाबा हाजी फीरोज शाह की दरगाह, रामदरबार मंदिर, काली माता व छोटी चंद्रिका देवी मंदिर से होते हुए पुलिस लाइन रोड से नागौरिया मंदिर, कालभैरव मंदिर से शिवतांडव में आकर समाप्त हुई। परिक्रमा दौरान श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर जय श्रीराम, जय गोरखनाथ के जयकारे लगाते हुए पैदल चल रहे थे साथ ही मार्ग पर पड़ने वाले समस्त ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों में माथा टेंकर देश दुनिया में सुख शांति और समृद्धि की प्रार्थना की गई।

परिक्रमा पूर्ण होने के बाद आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए समिति प्रमुख डा0 एलसी अनुरागी ने बताया कि चौदह वर्ष के वनवासकाल दौरान भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता इस पर्वत पर आए थे और उनके चरण पड़ने से यह पर्वत चित्रकूट के कामदगिरि की तरह चारो फल धर्म अर्थ काम मोक्ष देने वाला हो गया। पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने कहा कि आषाढ पूर्णिमा को पराशर ऋषि के पुत्र वेदव्यास का जन्म हुआ था। उनके जन्म के कारण ही इस पूर्णिमा को राष्ट्रीय अवकाश घोषित होना चाहिए। समाजेसवी विनोद पुरवार ने बताया कि गुरु पूर्णिमा, जिसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है, जिसे आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। इस दिन को गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त कराना चाहिए विशेष रूप से महर्षि वेदव्यास के प्रति, जिन्होंने वेदों का संकलन किया और महाभारत जैसे महान ग्रंथों की रचना की थी। पं0 हरीशर नायक ने श्रीमद्भगवत गीता के श्लोक की व्याख करते हुए कहा कि सतोगुण से ज्ञान, रजोगुण से लोभ व तमोगुण से अज्ञान प्राप्त होता है। इस मौके पर अधिवक्ता सुनीता अनुरागी, रज्जू द्विवेदी, अमरचंद्र विश्वकर्मा, आशीष पुरवार, पवन चौरसिया, गौरीशंकर, परशुराम अनुरागी सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में मुन्नालाल धुरिया द्वारा प्रसाद वितरण का आयोजन कर पुन्य कमाया।

# गुरु पूर्णिमा पर डीएम-एसपी ने गंगा घाट का निरीक्षण किया



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** आषाढी पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) के पावन अवसर पर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और एसपी विनोद कुमार ने मेंहदी गंगा घाट का निरीक्षण कर वहां की साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

गुरूवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और एसपी विनोद कुमार ने मेंहदी गंगा घाट पर भृमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस बल की तैनाती को परखा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में लगे समस्त पुलिस बल को सतर्क दृष्टि बनाये रखने के लिए निर्देशित किया गया। तथा यातायात व्यवस्था, सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी, बैरिकेटिंग, फ्लड टीम व गोताखोरों को अलर्ट मोड़ पर रहने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या हादसे से बचा जा सके। इस दौरान एडीएम आशीष कुमार सिंह, एएसपी अजय कुमार, सदर क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार अजेय, प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# फालोअप: पति की हत्या में पत्नी व उसका प्रेमी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस, एसओजी, सर्विलांस टीम द्वारा पति की हत्या में पत्नी व उसका प्रेमी को गिरफ्तार किया गया। गत 7 जुलाई को थाना अचलगंज पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कंचनखेड़ा गन्दा नाला पुलिया पर काफी खून पड़ा हुआ है। इस सूचना पर थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम कंचनखेड़ा गन्दा नाला पुलिया पर पहुँच कर खोजबीन की गई तो नाले में एक अज्ञात शव बरामद हुआ। जिसके सन्दर्भ में थाना अचलगंज पर मु0अ0सं0 342/25 धारा 103(1),238 बीएनएस पंजीकृत किया गया। शव की शिनाख्त की पहचान इमरान उर्फ काले खाँ पुत्र अब्बास निवासी अखलाक नगर थाना गंगाघाट के रूप में हुई। थाना अचलगंज पुलिस द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुये प्रकाश में आयी अभियुक्ता मृतक की पत्नी शीबा पुत्री अनवार हुसैन निवासी अखलाक नगर थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव व उसके प्रेमी फरमान उर्फचुन्ना पुत्र फुलमान शेख निवासी ग्राम तुर्किया बदरका थाना गंगाघाट को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो दोनों अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम दोनों ने प्रेम प्रसंग के चलते फरमान के दोस्त रफीक कुरैशी उर्फलल्ली पुत्र अब्दुल समद निवासी तुर्किया बदरका थाना गंगाघाट के साथ मिलकर चाकू से हत्या कर दी।

## 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का शुभारंभ

**उन्नाव।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश में आज सदर विधानसभा अंतर्गत ग्राम कटरी पीपरखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम 2.0 में सम्मिलित होने के दौरान दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यकम की मुख्य अतिथि संगीत नाटक अकादमी संस्कृति विभाग से उपाध्यक्ष विभा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक भाजपा नेता विमल द्विवेदी, उपाध्यक्ष महेश दीक्षित, सदर विधायक के पुत्र प्रखर गुप्ता, सीतेश सिंह, अधिकारीगणों में प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग अनुराग यादव, जिलाधिकारी गौरांग राठी जी पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, एडीएम सुशील गौड़, एसडीएम सदर क्षितीज द्विवेदी ने वृक्षारोपण किया। इस मौके पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल, नीरज शुक्ला, शरद शुक्ला, शिवम आजाद, विनय, वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस नें छापामार कार्यवाही कर तीन चन्दन तस्करों को दबोचा

■ एक कुन्टल तीस किलो चंदन की लकड़ी की पॉच बोरी बरामद की

अवधनामा संवाददाता




**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कन्नौज जितेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस व एसओजी टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में चन्दन की लकडी बरामद करते हुये तीन लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। बीती देररात को मुखबिर खास की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने उप निरीक्षक मो. तौकीर, शेखर सैनी, हेड कांस्टेवल राहुल चौरसिया, कांस्टेवल अक्षय कुमार, धीरज राणा, एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक कमल भाटी, हेड कांस्टेवल सुधीर कुमार, तेज प्रताप, मनोज कुमार, रविन्द्र यादव, कांस्टेवल विकास अग्रहरि, मनीष सिंह, यगन चौधरी, गौरव कुमार के साथ चेकिंग के दौरान ईदगाह से जलालपुर पनवारा रास्ते में आम के बाग के पास से उरूज पुत्र मो0 शमशाद निवासी मोहल्ला हाजीगंज, मो0 मोईद पुत्र परवेज आलम निवासी मोहल्ला ताजपुर नौकास्त, फरहत मंसूर पुत्र मंसूर अहमद निवासी मोहल्ला शेखपुरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 05 बोरी चंदन की लकड़ी (वजन 01.30 कुंतल) बरामद की गयी, जिसके सम्बन्ध में कोतवाली कन्नौज पर भारतीय वन अधिनियम व 3/28 उ0प्र0 वन अभिवहन नियमावली पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

## गोला फेंक खिलाड़ी जैस्मिन अस्थाई रूप से निलंबित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने भारतीय गोला फेंक खिलाड़ी जैस्मिन कौर को डोप परीक्षण में विफल होने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यह जानकारी अस्थायी निलंबन के तहत रखे गए खिलाड़ियों की नवीनतम सूची से मिली है। इस साल की शुरुआत में देहरादून में हुए राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली 22 वर्षीय जैस्मिन का टरबुटेलाइन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया है जो आमतौर पर खांसी की दवाई में पाया जाता है। पंजाब की इस खिलाड़ी ने पिछले साल अंतर विश्वविद्यालय खेलों में 14.75 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान भी हासिल किया था। इस बीच अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पहलवान नितिका पर चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है जो पिछले साल 28 मई से प्रभावी है।

# भारत ए हॉकी टीम ने आयरलैंड को 6-0 से हराया, लगातार दूसरी जीत हासिल की



**आइंडहोवन (नीदरलैंड)।** उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया।

भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था।

उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया।

भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा। भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी।

उन्होंने कहा, आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हमारा सामना फ्रांस से होगा और मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखेगी।

आयरलैंड और फ्रांस के अलावा भारत दो सप्ताह के अपने यूरोपीय दौरे में इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ भी खेलेगा।

# देविशा के साथ विंबलडन मैच देखने पहुंचे सूर्यकुमार, बुमराह-संजना ने भी लगाया ग्लैमर का तड़का

**लंदन।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव पत्नी देविशा के साथ विंबलडन मैच देखने पहुंचे, जबकि जसप्रीत बुमराह ने भी पत्नी संजना के साथ विंबलडन का मैच देखा। इन दोनों की तस्वीरें विंबलडन ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं।

सबसे बड़ा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन धीरे-धीरे अपने अंजाम तक पहुंचने जा रहा है। पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल मुकाबलों की आज से शुरुआत हो जाएगी। इस टूर्नामेंट में फिल्म और खेल जगत के कई सितारों ने ग्लैमर का तड़का लगाया। एंड्रयू गारफिल्ड और टॉम हॉलैंड से लेकर ब्रायन लारा और विराट कोहली तक इस टूर्नामेंट में शिरकत कर चुके हैं। अब बुधवार को भारत के दो और स्टार क्रिकेटर्स विंबलडन का मुकाबला देखने पहुंचे। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव पत्नी देविशा के साथ विंबलडन मैच



देखने पहुंचे, जबकि जसप्रीत बुमराह ने भी पत्नी संजना के साथ विंबलडन का मैच देखा। इन दोनों की तस्वीरें विंबलडन ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं।

सूर्यकुमार हर्निया की सर्जरी के लिए यूरोप गए थे। जर्मनी में उनकी सर्जरी हुई थी। इसके बाद वह पत्नी के साथ क्रिकेट से ब्रेक का आनंद ले रहे हैं। इसी कड़ी में वह इंग्लैंड पहुंचे। वहीं, बुमराह भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। विंबलडन ने सूर्यकुमार और बुमराह का आभार भी जताया है।

अब तक क्रिकेट जगत से कुल 11 सितारे विंबलडन 2025 के मुकाबले देखने पहुंच चुके हैं। इससे पहले क्रिकेट जगत से दीपक चाहर पत्नी जया भारद्वाज के साथ विंबलडन देखने पहुंचे थे। वहीं, विराट कोहली ने भी पत्नी अनुष्का के साथ विंबलडन का मुकाबला देखा था। वहीं, इंग्लैंड के सुपरस्टार जो रूट भी पत्नी कैरी कॉटरेल और जेम्स एंडरसन पत्नी डैनिएला लॉयड के साथ विंबलडन देखने पहुंचे थे। वहीं, महान ब्रायन लारा भी इसमें हाजिरी लगा चुके हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भी भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज से समय निकालकर विबंलडन का लुत्फ उठाने पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी क्लेयर रैटक्लिफ भी नजर आईं। भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी विंबलडन मैच देखने पहुंचे। इस दौरान वह सूट-बूट में नजर आए।

भारत के पूर्व मुख्य कोच और कमेंटेटर रवि शास्त्री भी विंबलडन में मौजूद थे। उन्होंने सेंटर कोर्ट से एक सेल्फी पोस्ट की। उन्होंने टेनिस के घर में वापस आने पर अपनी खुशी व्यक्त की और अल्काराज बनाम नॉरी मुकाबले का लुत्फ उठाया। इसके अलावा भारतीय क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे ने भी विंबलडन 2025 में शिरकत की। उन्होंने अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा कीं। वह फिलहाल क्रिकेट से ब्रेक का आनंद ले रहे हैं और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में पहुंचकर उन्होंने उसका लुत्फ उठाया।

# दस दिन से पहले पोलैंड रेस फतह कर जॉन ग्वाइट ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** भारत के अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने 3,600 किलोमीटर लंबी रेस अराउंड पोलैंड बिना किसी मदद के अकेले 9 दिन 21 घंटे में पूरी कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने 274 घंटे के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा और 31,000 मीटर ऊंचाई वाले चुनौतीपूर्ण रास्तों को पार किया। भारत के अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने इतिहास रचते हुए दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण साइकिलिंग स्पर्धाओं में से एक रेस अराउंड पोलैंड (आरएपी) को 10 दिनों से भी कम समय में पूरा कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान रच डाला। ग्वाइट ने कई बाधाओं को पार करते हुए 3,600 किलोमीटर की दूरी 237 घंटे में पूरी की। उन्होंने इसके लिए कुल नौ दिन और 21 घंटे का समय लिया है। ग्वाइट ने रेस पूरी करके 274 घंटे के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ा। वह 10 दिन से कम में इस रेस को पूरा करने वाले देश के पहले साइकिलिस्ट हैं। ग्वाइट ने अन्य प्रतिभागियों की तरह अकेले और बिना किसी सहायता के प्रतिस्पर्धा की। रेस के दौरान साइकिलिस्टों को कोई टीम कार या कोई बाहरी सहायता नहीं दी गई थी। यह रेस इस वजह से भी कठिन हैं, क्योंकि रेस में दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए 31 हजार मीटर की ऊंचाई तक जाना होता है। यह रेस एक अन्य कठिन साइकिलिंग स्पर्धा रेस अक्रॉस अमेरिका के लिए एक क्वालिफायर इवेंट भी है। ग्वाइट ट्रांस हिमालयन रेस को 62 घंटे में पूरा कर चुके हैं। उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक दूरी भी पार की है। पेरिस से ब्रेस्ट और पेरिस की 1229 किलोमीटर की दूरी को उन्होंने 59 घंटे 29 मिनट में पूरा किया। आरएपी ने हमारी शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक, हर क्षमता की परीक्षा ली। यह ऐसा अवसर था, जहां साबित करना था कि एक भारतीय विश्व स्तर पर कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो सकता है।

# जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**बरेली।** बरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहीं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न खेलों के फाइनल, सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। विजेताओं को अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी गीता शर्मा ने पुरस्कृत किया। बास्केटबॉल के मुकाबलों को बारिश के कारण स्थगित करना पड़ा। इसमें डीपीएस, आर्मी पब्लिक स्कूल, स्टेडियम और हार्टमैन की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मुकाबले 14 जुलाई को दोपहर दो बजे से खेले जाएंगे।

भारोत्तोलन के 49 किलो वर्ग में बृजेश कुमार प्रथम, प्रवीण कुमार द्वितीय और अरमान तृतीय स्थान पर रहे। 55 किलो में वंश राठौर, प्रशान्य और अरमान क्रमवार प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 61 किलो वर्ग में विशाल, प्रभाव मेहरोत्रा और सौरभ ने बाजी मारी। 67 किलो वर्ग में आयुष अव्वल, दीपक मौर्य दूसरे और अरिहंत तीसरे स्थान पर रहे। 75 किलो में अनिरुद्ध पाल, शौर्य यादव और गौरव खुराना ने बाजी मारी।



81 किलो भार वर्ग में प्रभगुन प्रथम, हृदयांश दूसरे और हर्ष तीसरे स्थान पर रहे। 89 किलो में निशांत शर्मा, गुरु और देवांश, 96 किलो में मोहित, मो. इबादत और कनिष्क, 102 किलो में आराध्य सिंह, शुभ और आशुतोष, 102 किलो अतिरिक्त भार वर्ग में सार्थक वशिष्ठ, कार्तिक रस्तोगी और शाश्वत ने बाजी मारी। अंशु, शेफाली, हिमांशु, पवन, वरुण, हरिशंकर, करण ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

वॉलीबॉल में बरेली स्टेडियम की टीम विजेता, विद्या वर्ल्ड की टीम उपविजेता रही। लॉन टेनिस बालक एकल वर्ग में अनय अव्वल, जश्न दूसरे और माध्यविक तृतीय रहे। बालिका एकल में हेजल पहले, तक्षिता दूसरे और वाणी तीसरे स्थान पर रहीं। फुटबॉल में बरेली हॉस्टल की टीम विजेता और कैंट एफसी उपविजेता रही। फ्लोर एक्सरसाइज बालक वर्ग में दीपांशु गुप्ता प्रथम, अभिनंदन सक्सेना द्वितीय और आयुष कुमार तृतीय रहे। महिला वर्ग में आराध्या जायसवाल, अंकित सागर और कनक ने बाजी मारी। पामेल हॉर्स स्पर्धा में अमन सागर को पहला, तेजस्वी शर्मा को दूसरा व प्रारब्ध शर्मा को तीसरा स्थान मिला। स्टील रिंग्स में सौम्य सिंह अव्वल, राघव वैश्य द्वितीय और रिषभ तृतीय रहे। वाल्टिंग टेबल में ईशान सक्सेना, मृत्युंजय सक्सेना और आदिशेष मौर्य ने बाजी मारी। महिला वर्ग में रितिका प्रजापति, प्राधि शर्मा और साक्षी दिवाकर ने बाजी मारी। पैरलल बार्स में ओजस सक्सेना, देवव्रत और अनुराग ने पदक कब्जाए। हॉरिजेंटल बार्स में शेखर सागर, राज और हर्षित क्रमवार प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में दीपांशु, सौम्या सिंह और ओजस सक्सेना ने बाजी मारी। महिला वर्ग में आराध्या जायसवाल, तान्या ठाकुर और आशी सक्सेना ने बाजी मारी। महिला वर्ग की अनइवन बार्स स्पर्धा में आशीष को पहला, लक्षिता सिंह को दूसरा और आद्रिका को तीसरा स्थान मिला। बैलेंसिंग बीम में तान्या ठाकुर, अवनी गंगवार और प्रणवी ने बाजी मारी।

## जोकोविच रिकॉर्ड 14वीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे, कोबोली को कठिन मैच में हराया

**लंदन।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच विंबलडन के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 22वीं वरीयता प्राप्त फैबियो कोबोली को मुश्किल मुकाबले में 6-7, 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। यह जोकोविच का विंबलडन में रिकॉर्ड 14वां सेमीफाइनल होगा। इस टूर्नामेंट में उनसे ज्यादा सेमीफाइनल मैच किसी ने नहीं खेला है। जोकोविच की नजर आठवीं बार विंबलडन जीतकर रोजर फेडरर की बराबरी करने पर है। सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना विश्व नंबर एक यानिक सिनर से होगा। सिनर ने क्वार्टर फाइनल में बेंजामिन शेल्टन को 7-6, 6-4, 6-4 से हराया। वहीं, पुरुष एकल के दूसरे सेमीफाइनल में कार्लोस अल्काराज का सामना टेलर फ्रिट्ज से होगा। अल्काराज कैम नॉरी को 6-2, 6-3, 6-3 से हराकर और फ्रिट्ज खाचानोव को 6-3, 6-4, 1-6, 7-6 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे।

वहीं, महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में बेनचिच ने सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रीवा को 7-6, 7-6 से हराया, जबकि इगा स्वियातेक ने सैमसोनोवा को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। इससे पहले अंतिम-आठ में एनिसिमोवा ने पावल्यूचेनकोवा को 6-1, 7-6 से और शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने सिएजमुंड को 4-6, 6-2, 6-4 से शिकस्त दी थी। महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में अरिना सबालेंका का सामना अमांडा एनिसिमोवा से और दूसरे सेमीफाइनल में बेलिंडा बेनचिच का सामना इगा स्वियातेक से होगा।

कोबोली ने क्वार्टर फाइनल में जोकोविच को कड़ी टक्कर दी। पहला सेट कोबोली ने टाई ब्रेकर (8/6) 7-6 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे सेट में इटली के कोबोली को जोकोविच ने आसानी से 6-2 से हरा दिया। तीसरे सेट में 22वर्षीय कोबोली ने फिर जोकोविच को कड़ी टक्कर दी और सर्बियाई खिलाड़ी ने 7-5 से यह सेट अपने नाम किया।

# खुशी कपूर के साथ रिश्ते पर वेदांग रैना ने रखी अपनी राय, कहा- हमारा रिश्ता सहज और.......

**मुंबई।** जोया अख्तर की आर्चीज में डेब्यू करने के बाद वेदांग आलिया भट्ट के साथ जिगरा में



नजर आए। फिल्म से बहुत उम्मीदें की जा रही थीं, हालांकि यह फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी।

वेदांग रैना ने खुशी कपूर के साथ जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज में साथ में काम किया है। तब से ही दोनों एक दूसरे के करीब हैं। दोनों में अच्छी बनती है। कयास लगाए जाते हैं कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं और रिश्ते में हैं। हालांकि दोनों ने ना तो अपने रिश्ते के बारे में कुछ कहा है और ना ही अफवाहों से इंकार किया है। हालांकि अब वेदांग ने खुशी कपूर के साथ खास रिश्ते पर बात की है।

वेदांग रैना ने खुशी कपूर के साथ अपने रिश्ते पर बात रखी। वह एक फैशन ब्रांड के साथ काम करने वाले हैं। वेदांग ने बताया कि खुशी के साथ काम करना हमेशा मजेदार रहा है। वेदांग ने खुशी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा खुशी के साथ काम करना बहुत मजेदार और अच्छा रहा। हमारे बीच स्वाभाविक सहजता है। हमारा रिश्ता सहज और सच्चा है, यह रिश्ता नए प्रोजेक्ट में दिखाई देता है।

**सतर्कता से चुनते हैं ब्रांड**

किसी ब्रांड का प्रचार करने के बारे में वेदांग ने कहा कि वह इसे लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। उन्होंने कहा ऐसा इसलिए क्योंकि यह जरूरी है कि आप जिस ब्रांड के साथ काम करने जा रहे हैं वह प्रमाणिक होना चाहिए ताकि वह बता सके कि मैं कौन हूं। मैं प्रमाणिक जुड़ाव देखता हूं चाहे वह उनका संदेश हो या उनका मूल्य हो।

जोया अख्तर की आर्चीज में डेब्यू करने के बाद वेदांग आलिया भट्ट के साथ जिगरा में नजर आए। फिल्म से बहुत उम्मीदें की जा रही थीं, हालांकि यह फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। अपनी जिंदगी के सफर के बारे में वेदांग ने कहा मेरा सफर खुद की तलाश, तरक्की और खुद की जागरूकता का रहा है।

## धनुष ने शुरू की डी54 की शूटिंग

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार धनुष काफी दिनों से व्यस्त चल रहे हैं। वह हाल ही में फिल्म कुबेर में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की है। उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड की फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग पूरी की है। अब उन्होंने तमिल फिल्म डी54 की शूटिंग शुरू कर दी है।

पोर थोझिल फेम विग्नेश राजा फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। उन्होंने आज ही फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी है। मेकर्स ने इसका एलान एक पोस्टर शेयर करके किया। पोस्टर में देखा जा सकता है कि धनुष गमगीन हालत में एक झुलसे हुए कपास के खेत में खड़े हैं। उनके पीछे आग की लपटें उठ रही हैं।

विग्नेश राजा ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला लुक साझा करते हुए लिखा अपनी दूसरी फीचर फिल्म का एलान करते हुए खुशी हो रही है! अब तक के सफर के लिए आभारी हूं।

# मुश्किल में विजय देवरकोंडा से लेकर राणा दग्गुबाती तक ये सेलेब्स, ईडी ने कसा शिकंजा

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विजय देवरकोंडा और राणा दग्गुबती समेत 29 सेलेब्स, यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर पर शिकंजा कसा है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विजय देवरकोंडा और राणा दग्गुबाती समेत 29 सेलेब्स, यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर पर शिकंजा कसा है। ईडी ने इन सभी के खिलाफ अवैध सट्टे बाजी ऐप्स को बढ़ावा देने के इल्जाम में प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज किया है।

**एजेंसी के निशाने पर बड़े स्टार्स**

ईडी के इस कदम से साउथ सिनेमा में हलचल मच गई है। इसकी वजह यह है कि इस मामले में विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती, मुंचु लक्ष्मी, प्रकाश राज और निधिन अग्रवाल समेत कई बड़े नाम हैं जो एजेंसी के निशाने पर हैं। यह



कार्रवाई साइबराबाद पुलिस की तरफ से दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर की गई है।

**डिजिटल क्रिएटर का भी जुड़ा नाम**

इकोनॉमिक्स टाइम्स के मुताबिक मामले में दो टीवी होस्ट भी शामिल हैं। फिल्म और टीवी स्टार्स के साथ-साथ डिजिटल क्रिएटर के खिलाफ भी जांच की जा रही है। ईडी को शक है कि विज्ञापन के जरिए इन लोगों ने बड़ी रकम का लेनदेन किया है, जो मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा मामला हो सकता है।

**विजय देवरकोंडा ने दी सफाई**

इस मामले पर विजय देवरकोंडा का बयान आया है। उन्होंने अपना बचाव करते हुए कहा है %वह सिर्फ एक स्किल बेस्ड गेमिंग प्लेटफॉर्म के ब्रांड एंबेसडर थे।% उनकी टीम ने सुप्रीम कोर्ट की तरफ से रमी को स्किल का खेल मानने और इसे संयोग-आधारित जुए से अलग करने के फैसले का हवाला दिया।

**राणा दग्गुबाती ने जारी किया बयान**

साउथ के एक्टर राणा दग्गुबाती ने अपनी टीम के जरिए एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि स्किल बेस्ड गेमिंग ऐप के साथ उनका जुड़ाव साल 2017 में ही खत्म हो गया था। उन्होंने बताया कि सभी विज्ञापन वहीं तक सीमित थे, जहां तक ऐसे प्लेटफॉर्म को कानून की तरफ से इजाजत थी और उनकी कानूनी जांच की गई थी।

अभिनेता प्रकाश राज ने कहा कि उन्होंने 2016 में जंगली रमी का सपोर्ट किया था, हालांकि एक साल के बाद ही वह इससे अलग हो गए थे।

# पंचायत की स्टारकास्ट ने लिए सचिव जी की टंकीबाजी के मजे

## पंचायत सीरीज को मिला अच्छा रिस्पॉन्स

**मुंबई।** हर पंचायत सीरीज के सीजन की तरह इस बार भी रिंकी के साथ सचिव जी के रोमांस ने खूब सुर्खियां बटोरीं। सीरीज की स्टारकास्ट ने अब हाल ही में सचिव जी के इसी रोमांस पर खूब मजे लिए हैं।

सीरीज पंचायत के चौथे सीजन में भी सचिव जी और रिंकी के रोमांस ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। अभिनेता जितेंद्र कुमार और सांविका ने अपने-अपने किरदारों में पूरी जान डाली है। वैसे तो सीजन 4 में पूरी तरह से चुनावी माहौल था। लेकिन इतने सीरियस माहौल में भी सीरीज ने दर्शकों को खूब एंटरटेन और हंसाया है। अब फिल्म की स्टारकास्ट का एक इंटरव्यू सामने आया है जिसमें सभी बैठकर सीरीज के कुछ दिलचस्प पलों को याद करते हुए नजर आए। इस दौरान जितेंद्र कुमार के किरदार सचिव जी के रिंकी के साथ रोमांस के भी खूब मजे लिए गए।

**ओटीटी प्लेटफॉर्म ने शेयर किया वीडियो**

**‘ठग लाइफ’**

**सीरीज पंचायत के चौथे सीजन में भी सचिव जी और रिंकी के रोमांस ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। अभिनेता जितेंद्र कुमार और सांविका ने अपने-अपने किरदारों में पूरी जान डाली है।**

ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस वीडियो को शेयर किया गया है। वीडियो में एक्टर जितेंद्र कुमार के अलावा प्रह्लाद चा उर्फ फैसल मलिक और विकास उर्फ चंदन रॉय भी नजर आ रहे हैं। होस्ट सबसे पहले सवाल करते हैं कि आप लोगों का विधायक जी से कैसा रिश्ता है।



इस सवाल पर फैसल मलिक जितेंद्र की ओर इशारा करते हुए कहते हैं कि इनका रिश्ता काफी अच्छा है। इसके बाद होस्ट सचिव जी से कहते हैं कि पहले सीजन में आपके ऊपर बड़ा तरस आया कि कहां आकर फंस गए लेकिन फिर बाद में पता चला कि क्या फंसे हैं।

**स्टारकास्ट ने लिए सचिव जी के रोमांस के मजे**

इसके बाद पूरा टॉपिक सचिव जी के ऊपर ही घूम गया। उनके रिंकी के साथ रोमांस को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान होस्ट ने कहा कि आपने क्या ही टंकीबाजी की है। इसपर सभी लोग काफी हंसते हुए नजर आए। जितेंद्र कुमार खुद भी इस पर काफी मुस्कराते हुए दिखे। इसके अलावा वीडियो में जितेंद्र कहते हुए नजर आए कि आप लोग प्लीज पूरे कॉन्टेक्स्ट के साथ बोलिए क्योंकि ऐसे बहुत गलत साउंड कर रहा है। इस वीडियो को देखकर हर कोई अपनी हंसी नहीं रोक पा रहा है।

**यूजर्स ने दिए मजेदार रिएक्शन्स**

इस वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स की ओर से भी खूब मजेदार रिएक्शन्स देखने को मिले हैं। एक यूजर ने लिखा- क्या फंसा है तो बहुत निजी लग रहा है। वहीं एक और यूजर ने लिखा- मुझे तो बहुत ज्यादा दुख हुआ था जब सचिव जी और रिंकी पानी की टंकी पर थे और अचानक से लाइट ही आ गई थी।

**सीरीज को मिला अच्छा रिस्पॉन्स**

बता दें पंचायत सीरीज का चौथा सीजन 23 जून को रिलीज हुआ था। इस सीजन को भी पहले के सीजन की ही तरह अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस बार सीजन की कहानी थोड़ी इमोशनल थी, हालांकि ऑडियंस ने इसे भी खूब एन्जॉय किया और कलाकारों के ऊपर एक बार फिर प्यार बरसाया।

# 25 साल बाद शो को फिर से नहीं लाना चाहती थीं एकता कपूर, खुद बताया कारण

**मुंबई।** टेलिविजन का आइकॉनिक शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 25 वर्षों के बाद एक बार फिर वापसी कर रहा है। शो का पहला प्रोमो भी आ चुका है और शूटिंग शुरू हो चुकी है। वर्षों बाद एकता कपूर और स्मृति ईरानी की जोड़ी एक साथ काम कर रही है। इस शो को फिर से लाने के पीछे एकता की क्या सोच थी। क्या आप जानते हैं एकता पहले शो को वापस नहीं लाना चाहती थीं? जी हां खुद टीवी क्वीन एकता ने इस बात की जानकारी दी है।

क्योंकि को लेकर अब एकता कपूर ने एक पोस्ट किया है। उन्होंने बताया है कि जब सबसे पहले उनतक इसे फिर से लॉन्च करने का आइडिया आया तो उन्होंने सीधा-सीधा मना कर दिया। एकता का कहना है कि उन्हें नहीं पता था कि जो शो इंडियन टेलिविजन पर एक क्रांति ले आया उसे फिर से उसी तर्ज पर दिखाया जा सकेगा भी या नहीं। एकता ने अपने पोस्ट में कहा,



जब ‘क्योंकि सास भी कभी बहू थी’ के 25 साल पूरे होने वाले थे और इसके फिर से लॉन्च करने का विचार सामने आया, तो मेरी पहली प्रतिक्रिया थी नो! मैं क्यों उन पुरानी यादों को छेड़ना चाहूंगी? मैं अपने बचपन को जैसे याद करती हूं और वो वास्तव में जैसा था - वो हमेशा अलग रहेगा।

आगे लिखते हुए एकता ने कहा, टेलीविजन की दुनिया अब बदल चुकी है। जो कभी सिर्फ 9 शहरों पर निर्भर थी, अब दर्शक अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर बिखरे हुए कंटेंट को टुकड़ों में देखते हैं। क्या यह बदलाव क्योंकि की उस ऐतिहासिक TRP को हिला पाएगा, जिसे पहले और बाद में कोई नहीं छू सका? लेकिन क्या यही इस शो की असली विरासत थी? क्या ये सिर्फ एक हाई TRP वाला शो था?

एकता ने आगे बताया, क्योंकि सास भी कभी बहू थी वैश्विक स्तर पर पहुंच गया था, जिसने भारतीय कहानियों की परंपरा को पूरी दुनिया में पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि इसने घरेलू बलात्कार, वैवाहिक बलात्कार, उम्र को लेकर शर्मिंदा करने और इच्छा मृत्यु जैसे मुद्दों पर चर्चा को घर-घर तक पहुंचाया। यही थी इस कहानी की असली विरासत।

## मणिपुर में बेघर लोगों के लिए घर बनाने का टेंडर नहीं निकला



**इंफाल।** मणिपुर में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में हिंसा के दौरान बेघर हुए लोगों के लिए घर बनाने का टेंडर नहीं निकाला गया है। पार्टी ने इस मामले में जांच की मांग करते हुए राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा है।

मणिपुर में विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बेघर लोगों के लिए बनाए जा रहे प्री-फैब्रिकेटेड (तैयार ढांचे वाले) घरों के निर्माण में कोई टेंडर (निविदा) नहीं निकाली गई। कांग्रेस ने इस मामले की पूरी जांच कराने की मांग की है। राज्य कांग्रेस अध्यक्ष केशम मेघचंद्र ने बुधवार को विष्णुपुर जिले में दो निर्माण स्थलों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों जगहों पर बिना किसी सरकारी आदेश या टेंडर के ही निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, यह काम आधिकारिक रूप से नहीं हो रहा है। हम मांग कर रहे हैं कि जांच की जाए कि बिना टेंडर के ये घर कैसे बनाए जा रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि सैकड़ों करोड़ रुपये की गड़बड़ी हो रही है।

केशम मेघचंद्र, जो वांगखेम विधानसभा सीट से विधायक भी हैं, ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार दोनों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विस्थापित लोगों को जो भी आर्थिक सहायता दी जा रही है, वह सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाए। किसी बिचौलिये के जरिए पैसे न दिए जाएं।

# आधार, राशन और वोटर कार्ड शामिल करने पर विचार करे चुनाव आयोग

**निर्देश**

लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे।

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं के वकील ने पुनरीक्षण को गलत बताया। पुनरीक्षण में आधार कार्ड को दस्तावेजों की सूची से बाहर रखने पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।




बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है। हसुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगाई है, क्योंकि याचिकाकर्ताओं ने अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा कि हम सांविधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए। कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। वहीं याचिकाकर्ताओं को उसके एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अदालत के समक्ष जो मुद्दा है वह लोकतंत्र की जड़ और मतदान के अधिकार से जुड़ा है। याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के मतदान कराने के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय को भी चुनौती दे रहे हैं। इन तीन मुद्दों पर जवाब देने की जरूरत है।

इससे पहले सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि आप इस प्रक्रिया को नवंबर में होने वाले चुनाव से क्यों जोड़ रहे हैं? यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूरे देश के चुनाव से स्वतंत्र हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

## सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद दूर करने पर हरियाणा-पंजाब सहमत



**नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा के बीच जल बंटवारे के लिए दशकों पहले बनाई गई एसवाईएल नहर वर्षों से कानूनी और राजनीतिक विवाद का केंद्र है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय में अंतर-राज्यीय जल विवाद पर चर्चा के लिए हुई बैठक में दोनों राज्यों के बीच सहमति बन गई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि सरकार सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद को दूर करने पर पंजाब और हरियाणा सहमत हो गए हैं। दोनों पक्ष समाधान के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय में अंतर-राज्यीय जल विवाद पर चर्चा के लिए हुई बैठक के बाद जल शक्ति मंत्री ने यह दावा किया। बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी समेत दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि मंत्रालय जल संसाधनों के न्यायसंगत और बेहतर प्रबंधन के लिए दोनों राज्यों को पूरा सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि दिल्ली में सतलुज-यमुना लिंक नहर से जुड़े मुद्दों पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। भारत सरकार का जल शक्ति मंत्रालय दोनों राज्यों को एक संतुलित समाधान खोजने में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में सभी पक्षों ने खुलकर बातचीत की और समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की। पंजाब और हरियाणा के बीच जल बंटवारे के लिए दशकों पहले बनाई गई एसवाईएल नहर वर्षों से कानूनी और राजनीतिक विवाद का केंद्र है। अधिकारियों ने कहा कि आगे तकनीकी स्तर पर चर्चा होगी। दोनों राज्य केंद्र के मार्गदर्शन में वार्ता जारी रखने की इच्छा जता रहे हैं। अब अगली बैठक अगस्त में होगी, जहां चर्चा को आगे बढ़ाया जाएगा।

## मुंबई में सिंदूर पुल का उद्घाटन

**मुंबई।** जर्जर होने के बाद इस पुल को अगस्त 2022 में ट्रेनों के संचालन के लिए बंद कर दिया गया था। बीएमसी ने सेंट्रल रेलवे की डिजाइन के आधार पर इसे तैयार किया गया है। इस पुल की लंबाई 328 मीटर और चौड़ाई 70 मीटर है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को मुंबई में सिंदूर पुल का उद्घाटन किया। दक्षिणी मुंबई के कारनैक रोड ओवर ब्रिज के जर्जर होने के बाद इस नए पुल का निर्माण किया गया है, जिसे सिंदूर पुल नाम देकर ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस दिखाने वाले भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया है। सीएम फडणवीस ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह के पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, वह भारतीय सेना के साहस और रणनीतिक महारथ को दर्शाता है। सीएम फडणवीस ने कहा कि यह पुल हमारे सशस्त्र बलों और उनकी सैन्य क्षमताओं के लिए श्रद्धांजलि है। ब्रिटिश काल के कारनैक ब्रिज को, बॉम्बे प्रांत के पूर्व गवर्नर रहे जेम्स कारनैक के नाम पर रखा गया था। यह सेंट्रल रेलवे के ट्रेन ट्रैक के पूर्वी हिस्से को पश्चिमी हिस्से से जोड़ता है। साथ ही पीडी मेलो रोड को भी जोड़ता है। कारनैक साल 1839 से 1841 तक बॉम्बे प्रांत के गवर्नर रहे थे। अब जब इस पुल का पुनर्निमाण किया गया है तो इसे सिंदूर ब्रिज नाम दिया गया है। इस पुल के बनने के बाद ट्रैफिक से राहत मिलने की उम्मीद है। जर्जर होने के बाद इस पुल को अगस्त 2022 में ट्रेनों के संचालन के लिए बंद कर दिया गया था। बीएमसी ने सेंट्रल रेलवे की डिजाइन के आधार पर इसे तैयार किया गया है। इस पुल की लंबाई 328 मीटर और चौड़ाई 70 मीटर है। पुल पर भार क्षमता का परीक्षण हो चुका है और इसे सभी जरूरी सर्टिफिकेशन भी मिल गए हैं।

## आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में तीन सड़क हादसों में छह लोगों की मौत, छह अन्य घायल

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में गुरुवार को एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। वहीं तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में गुरुवार को तीन अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई। आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में एक एसयूवी के ट्रैक्टर से टकरा जाने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। ओरवाकल्लू मंडल के कलवाबुग्गा के पास हुई इस घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान शेख कामा बाशा (50) और मुन्नी (35) के रूप में हुई है।

# केरल में यूनिवर्सिटी गेट पर हंगामा, राज्यपाल पर लगाए आरोप

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम में डीवाईएफआई और एआईएसएफ कार्यकर्ताओं ने केरल यूनिवर्सिटी के बाहर प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर राज्य की यूनिवर्सिटियों का भगवाकरण कर रहे हैं। पुलिस ने वॉटर कैनन से प्रदर्शनकारियों को हटाया। छात्र संगठनों ने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

तिरुवनंतपुरम में उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) के कार्यकर्ता केरल यूनिवर्सिटी के गेट पर चढ़ गए और जोरदार विरोध प्रदर्शन करने लगे। इन संगठनों का आरोप है कि केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर राज्य के फंड से चलने वाली यूनिवर्सिटियों का भगवाकरण करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वॉटर कैनन यानी पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया गया। छात्र और युवा संगठन डीवाईएफआई और एआईएसएफ के कार्यकर्ता केरल यूनिवर्सिटी के बाहर विरोध जताने के लिए इकट्ठा हुए। प्रदर्शन उस वक्त तेज हो गया जब कुछ कार्यकर्ता यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट पर चढ़ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान राज्यपाल वापस जाओ, शिक्षा को भगवाकरण से बचाओ जैसे नारे सुनाई दिए। विरोध कर रहे छात्रों का कहना था कि राज्यपाल का व्यवहार एकतरफा और राजनीतिक एजेंडा चलाने वाला है। डीवाईएफआई और एआईएसएफ के नेताओं का आरोप है कि राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर राज्य की यूनिवर्सिटियों में आरएसएस और बीजेपी के विचारों को बढ़ावा दे रहे हैं। उनका कहना है कि विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता खत्म की जा रही है और वहां भगवा विचारधारा को थोपा जा रहा है। छात्रों का यह भी आरोप है कि नए कुलपति नियुक्त करने में पारदर्शिता

**आरोप**

छात्रों का आरोप है कि राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर राज्य की यूनिवर्सिटियों का भगवाकरण कर रहे हैं। पुलिस ने वॉटर कैनन से प्रदर्शनकारियों को हटाया।

नहीं बरती जा रही है और इसमें संघ समर्थित लोगों को आगे बढ़ाया जा रहा है। स्थिति को बिगड़ते देख केरल पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाला और प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। पानी की तेज बौछारों से प्रदर्शनकारियों को गेट से हटाया गया। इसके बाद पुलिस ने सभी एकजुट छात्रों को अलग-अलग करने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शन बिना अनुमति के हो रहा था और सार्वजनिक संपत्ति




को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई थी। विरोध प्रदर्शन के दौरान जब छात्र कन्नूर हेड पोस्ट ऑफिस परिसर में जुटे, तो केरल पुलिस ने उन्हें घसीटते हुए हिरासत में लिया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था. प्रदर्शन को लेकर छात्रों ने आगे भी आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। डीवाईएफआई और एआईएसएफ ने साफ कहा है कि अगर राज्यपाल अपने भगवाकरण एजेंडे को जारी रखते हैं तो राज्यभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि केरल की शिक्षा प्रणाली की स्वतंत्रता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। छात्र संगठनों ने राज्य सरकार से भी मांग की है कि वह राज्यपाल के हस्तक्षेप को सीमित करे और यूनिवर्सिटी की स्वायत्तता की रक्षा करे।

अब तक राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर या उनके कार्यालय की ओर से इस विरोध प्रदर्शन पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, इससे पहले वे कई बार कह चुके हैं कि विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनाना उनकी प्राथमिकता है। लेकिन छात्र संगठन इसे एकतरफा कार्रवाई मान रहे हैं। फिलहाल केरल में यह विवाद शिक्षा और राजनीति के टकराव का नया मोर्चा बनता जा रहा है।

# नेपाल में अचानक आई बाढ़ के बाद बचाव कार्य जारी; सामान्य बारिश में जलस्तर तेजी से बढ़ने की होगी जांच

**प्रभावित**

नेपाल में अचानक आई बाढ़ के बाद गुरुवार को भी राहत और बचाव कार्य जारी रहा। बाढ़ प्रभावित इलाकों से अभी भी लोगों को निकाला जा रहा है।



**काठमांडू।** राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के महानिदेशक दिनेश भट्टा के अनुसार, यह बाढ़ नेपाल-चीन सीमा के पास स्थित एक हिमनद झील के फटने के कारण आई हो सकती है। नेपाल में अचानक आई बाढ़ के बाद गुरुवार को भी राहत और बचाव कार्य जारी रहा। बाढ़ प्रभावित इलाकों से अभी भी लोगों को निकाला जा रहा है। नेपाल के रासुवा जिले में बारिश के बाद बाढ़ आई, जिसमें नौ लोगों की मौत हो चुकी है और 19 लोग अभी भी लापता हैं। रासुवा जिले के मुख्य जिला अधिकारी अर्जुन पौडेल ने बताया कि सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है और 150 से ज्यादा लोगों को बचाया गया है। इनमें 127 विदेशी नागरिक शामिल हैं। इन लोगों को एयरलिफ्ट कर काठमांडू ले जाया गया। पौडेल ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाके में बिजली और टेलीफोन सेवाएं बाधित होने से बचाव और अन्य अभियान बाधित हुए हैं। उन्होंने कहा, %हम फिलहाल चीन सीमा के ज़रिए सीमित संचार बनाए हुए हैं। टेलीफोन संपर्क बहाल करने और बिजली आपूर्ति फिर से शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। नेपाल पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह आई बाढ़ के बाद लापता हुए 19 लोगों की तलाशी अभियान भी जारी है। लापता लोगों में छह चीनी नागरिक और दो पुलिसकर्मी शामिल हैं। काठमांडू से 120 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित रसुवा जिले में आई बाढ़ में नेपाल को चीन से जोड़ने वाला मैत्री पुल भी बह गया है। साथ ही रसुवागढ़ी जलविद्युत संयंत्र और नेपाल-चीन सीमा के पास स्थित ड्राई पोर्ट का कुछ हिस्सा भी बाढ़ में बह गया है। नेपाली मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बाढ़ में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है, जिनके शवों का महाराजगंज स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। एक शव की पहचान हो गई है और बाकी की पहचान की कोशिश की जा रही है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के महानिदेशक दिनेश भट्टा के अनुसार, यह बाढ़ नेपाल-चीन सीमा के पास स्थित एक हिमनद झील के फटने के कारण आई हो सकती है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हालांकि, हम विशेषज्ञों की मदद से आपदा के वास्तविक कारण का अध्ययन कर रहे हैं।

# यूक्रेन को लेकर अमेरिकी नीति में असमंजस के हालात

**वॉशिंगटन।** बीते हफ्ते पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि यूक्रेन को किन हथियारों की आपूर्ति रोकी गई, उसकी वे जानकारी नहीं दे सकते और अमेरिकी राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री ही इस बारे में फैसला लेंगे।

यूक्रेन नीति को लेकर ट्रंप प्रशासन में असमंजस और समन्वय की कमी नजर आ रही है। दरअसल बीते दिनों खबर आई थी कि अमेरिका ने यूक्रेन को कई हथियारों की आपूर्ति रोक दी है। अब खबर आई है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई फिर से शुरू कर दी है। जो हथियार भेजे जा रहे हैं, उनमें 155 एमएम के गोला बारूद और गाइडेड रॉकेट शामिल हैं। हालांकि ये जानकारी नहीं दी गई है कि हथियारों की आपूर्ति कब शुरू हुई।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बीते हफ्ते यूक्रेन को हथियारों की

**प्रशासन**

अब खबर आई है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई फिर से शुरू कर दी है।

आपूर्ति रोकने का निर्देश दिया था। दरअसल पेंटागन द्वारा हथियारों के स्टॉक की समीक्षा के लिए आपर्ति रोकी गई थी। हालांकि इस फैसले पर व्हाइट हाउस ने हैरानी जताई है। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने बताया कि यूक्रेन को भेजे जाने वाले हथियारों पर कभी भी रोक नहीं लगाई गई थी। हालांकि सुरक्षा रणनीति के तहत अमेरिकी सेना के हथियारों के स्टॉक की समीक्षा की गई थी। बीते हफ्ते पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने मीडिया से




बात करते हुए कहा था कि यूक्रेन को किन हथियारों की आपूर्ति रोकी गई, उसकी वे जानकारी नहीं दे सकते और अमेरिकी राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री ही इस बारे में फैसला लेंगे। इससे साफ है कि यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के मुद्दे पर समन्वय की कमी है, जिससे असमंजस की स्थिति बनी।

पूर्व में जब हथियारों की सप्लाई रोकने की खबर सामने आई थी तो बताया गया कि पैट्रियट मिसाइलों, जीएमएलआरएस रॉकेट, हेलफायर मिसाइल, होवित्जर राउंड आदि की आपूर्ति रोकी गई। अब ये साफ नहीं है कि पैट्रियट मिसाइलों की आपूर्ति फिर शुरू की गई है या नहीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि अमेरिका, यूक्रेन को रक्षात्मक हथियार पहुंचाना जारी रखेगा। हाल ही में पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने इस सवाल को टाल दिया कि हथियारों की आपूर्ति रोकने का आदेश किसने दिया।

ट्रंप ने हथियारों की आपूर्ति पर रोक के लिए पेंटागन के अधिकारियों से निराशा जाहिर की। वही पेंटागन ने इस बात से इनकार किया है कि रक्षा मंत्री हेगसेथ ने राष्ट्रपति से सलाह लिए बिना कोई कार्रवाई की। अमेरिका का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज़ कर दिए हैं। ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की बात कही थी, लेकिन युद्धविराम समझौते पर सहमति नहीं बनने के बाद अब लग रहा है कि ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति पुतिन से खुश नहीं हैं और अमेरिका द्वारा हथियारों की आपूर्ति भी उसी ओर इशारा कर रही है।

# लॉस एंजिलिस में निर्माणाधीन सुरंग ढही; सुरक्षित निकाले गए 30 से अधिक श्रमिक



**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका में लॉस एंजिलिस शहर के विलमिंगटन में निर्माणाधीन एक विशाल औद्योगिक सुरंग का एक हिस्सा बुधवार को ढह गया था। जिसमें लगभग 30 से अधिक श्रमिक फंस गए थे। सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकाल लिया गया है। यह जानकारी लॉस एंजिलिस फायर डिपार्टमेंट ने दी है। फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि बुधवार को लॉस एंजेलिस में निर्माणाधीन एक औद्योगिक सुरंग का एक हिस्सा ढह गया था। जिसमें कुछ श्रमिक फंस गए थे। घटना के बाद चलाए गए राहत-बचावकार्य में 31 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। यह हादसा सुरंग के एकमात्र प्रवेश द्वार से 8 से 9.7 किलोमीटर अंदर हुआ। स्थानीय टेलीविजन की हवाई फुटेज में श्रमिकों को सुरंग के प्रवेश द्वार से निकालते हुए देखा गया है।

सुरंग के ढहे हुए हिस्से के दूसरी ओर मौजूद कुछ श्रमिक 12 से 15 फीट ऊंचे ढीली मिट्टी के टीले को पार कर अपने कुछ अन्य साथियों तक पहुंचे। इसके बाद सभी को एक विशेष सुरंग वाहन के जरिए छोटे-छोटे समूहों में प्रवेश द्वार तक लाया गया। सुरंग से बाहर निकाले गए 27 श्रमिकों की पैरामेडिक्स द्वारा जांच की जा रही है। यह सुरंग भविष्य में अपशिष्ट जल ले जाने के लिए बनाई जा रही है। फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, यह सुरंग 18 फीट चौड़ी है। घटनास्थल पर 100 से अधिक फायर डिपार्टमेंट के कर्मियों को तैनात किया गया था। जो संकीर्ण और सीमित स्थानों से बचाव में माहिर टीमें भी शामिल थीं।

# शेख हसीना पर प्रदर्शनकारियों की मौत के मामले में चलेगा मुकदमा, पुलिस प्रमुख ने कबूल किया गुनाह



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने मानवता के खिलाफ अपराध का केस दर्ज किया है। यह मामला पिछले साल छात्र आंदोलनों के दमन से जुड़ा है। पूर्व पुलिस प्रमुख ममून ने गुनाह कबूल कर गवाह बनने की याचिका दी है। हसीना भारत में हैं और ट्रायल उनकी गैरमौजूदगी में चलेगा। यह मामला बांग्लादेश की राजनीति में बड़ा मोड़ ला सकता है।

बांग्लादेश की सियासत में बड़ा उलटफेर हुआ है। सत्ता से बेदखल की जा चुकीं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अब एक गंभीर मामले में कानूनी घेरे में आ गई हैं। देश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने उन्हें मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में औपचारिक रूप से आरोपित किया है। यह मामला पिछले साल जुलाई-अगस्त में छात्र आंदोलनों के दमन से जुड़ा है, जब प्रदर्शनकारियों पर कथित रूप से अत्याचार किए गए थे। इस मामले में शेख हसीना के अलावा दो और अहम नाम भी शामिल हैं पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान और पूर्व पुलिस महानिदेशक अब्दुल्ला अल ममून। इन तीनों पर आरोप है कि इन्होंने मिलकर छात्र आंदोलनों को दबाने के लिए प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग किया और निर्दोष प्रदर्शनकारियों पर अत्याचार कराए। इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने इन पर मानवता के खिलाफ संगठित अपराध के तहत मुकदमा चलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले में गिरफ्तार एकमात्र व्यक्ति पूर्व पुलिस प्रमुख अब्दुल्ला अल ममून हैं। उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया है और अदालत से राज्य का गवाह बनने की इजाजत मांगी है। उनकी याचिका के बाद यह केस और भी अहम हो गया है, क्योंकि उनके बयान से शेख हसीना और अन्य पर आरोप तय करने की प्रक्रिया आसान हो सकती है। जानकारी के मुताबिक, शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को भारत आ गई थीं, जब उनकी सरकार को सत्ता से हटाया गया था। इस समय वे बांग्लादेश में मौजूद नहीं हैं, लेकिन ट्रिब्यूनल ने साफ किया है कि उनकी गैरहाजिरी में भी मुकदमा चलाया जाएगा। यही बात पूर्व गृह मंत्री पर भी लागू होगी, जो फिलहाल फरार हैं। यह बांग्लादेश की न्याय व्यवस्था में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

यह पूरा मामला पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए छात्र आंदोलनों से जुड़ा है। छात्रों ने देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और चुनाव में धांधली को लेकर बड़े स्तर पर प्रदर्शन किए थे। आरोप है कि उस वक्त सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता दिखाई, पुलिस ने लाठीचार्ज, गिरफ्तारी और टॉर्चर जैसी कार्रवाई की। यही आरोप अब मानवता के खिलाफ अपराध के रूप में सामने आया है।

इस मामले के सामने आने के बाद बांग्लादेश की राजनीति में नई बहस शुरू हो गई है। विपक्षी दलों का कहना है कि यह शेख हसीना की सत्ता में वापसी की हर संभावना को खत्म कर देगा। वहीं, अवामी लीग पार्टी के कुछ नेताओं ने इसे राजनीतिक साजिश बताया है। हालांकि, इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल का कहना है कि उनके पास पर्याप्त साक्ष्य हैं और कानून के तहत निष्पक्ष सुनवाई होगी।

# कांग्रेसियों ने विद्युत उपकेंद्र का किया घेराव

**बिजली कटौती कर सरकार किसानों के साथ कर रही है धोखाः राकेश**



**अवधनामा संवाददाता**

**खुटहन (जौनपुर)** क्षेत्र में लगातार बिजली की भीषण कटौती से आक्रोशित कांग्रेसियों ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी खुटहन के अध्यक्ष विपिन शर्मा के नेतृत्व में विद्युत उपकेंद्र पिलकिछा खुटहन का घेराव कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने कहा कि किसानों के धान के फसल कि रोपाई का समय चल रहा है, किसानों के इस महत्वपूर्ण समय पर सरकार बिजली की कटौती कर दिन में मात्र तीन घंटे बिजली देकर किसानों के साथ धोखा कर रही है। राकेश मिश्रा ने योगी सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव में चौबीस घंटे बिजली देने का वादा करने वाली भाजपा अब दिन में मात्र तीन घंटे बिजली देकर किसान, व्यापारी, छात्रों के साथ विश्वासघात कर रही है। कांग्रेस ने राकेश मिश्रा ने कहा कि विद्युत उपकेंद्र पिलकिछा खुटहन,एवं पट्टीनरेन्द्रपुर से बिजली की सप्लाई बहुत ही खराब हो रही है, क्षेत्र में दर्जनों ट्रांसफर जले हुए हैं किन्तु उनका समाधान नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस नेता ने सधनपुर गाव में हाइटेंशन तार की चपेट में दो लोगों की मौत का आरोप बिजली विभाग पर लगाते हुए कहा कि यह विभाग की घोर लापरवाही का नतीजा है, क्षेत्र में ऐसी बहुत सी घटनाएं घट चुकी है किंतु बिजली विभाग कुंभकर्णी नींद में सो रहा है। कांग्रेसियों ने बीस घंटे बिजली दिए जाने की मांग की।धरना प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव परवेज अहमद, विश्राम राम, शोशल मीडिया के प्रभारी शैलेन्द्र यादव,देवेश उपाध्याय, आशीष तिवारी, आशुतोष उपाध्याय, बबलू सिंह, संजय उपाध्याय, श्रीनाथ यादव, रुमान खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र में हो रही हिंसक घटनाओं के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर उत्तर भारतीय नागरिकों के साथ हो रही हिंसक घटनाओं के रोकथाम के लिए इलाहाबाद जन कल्याण समिति ने राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन एडीएम सिटी को सौंपा।

इलाहाबाद जनकल्याण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद हंजला फारुकी संस्थान के सदस्य और प्रतिनिधियों ने ज्ञापन देते हुए महाराष्ट्र राज्य, विशेषकर मुंबई, ठाणे, मिरा रोड, डोंबिवली, पोवाई आदि क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश एवं हिंदी भाषी नागरिकों के विरुद्ध हो रही योजनाबद्ध हिंसा की गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा महाराष्ट्र प्रदेश भी भारत का अंश है। वह भारत से अलग नहीं है। इन घटनाओं का मूल कारण केवल इतना है कि हिंदी भाषी नागरिक मराठी भाषा नहीं बोलते। साथ हो रही हिंसक घटनाओं के महाराष्ट्र सरकार को एक्शन लेना चाहिए।

इस प्रकार की हिंसा में कुछ राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं की भूमिका भी सामने आई है। यह भारत की एकता, नागरिक स्वतंत्रता और भाषाई अधिकारों पर खुला हमला है।

# गुरू पूर्णिमा पर भक्तों ने मां शीतला धाम में टेका मत्था

**जौनपुर।** मां शीतला चौकियां धाम में आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि में भक्तों ने माता रानी के दरबार में दर्शन पूजन किया।प्रातः मन्दिर के काल कपाट खुलने के पश्चात मन्दिर पुजारी शिव कुमार पंडा ने आरती पूजन किया। हवन–पूजन के साथ माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की गुरू पूर्णिमा तिथि होने से भोर से ही भक्तों की लंबी कतार माता रानी के दर्शन–पूजन करने के लिए लग गयी थी। दर्शनार्थी कतार में खड़े होकर बारी–बारी से माता रानी का दर्शन–पूजन के बाद हवन, पाठ करते नज़र आये। दोपहर में माता रानी का भव्य श्रृंगार करके आरती पूजन किया गया। वहीं माता रानी का दर्शन–पूजन करने के पश्चात काल भैरवनाथ मंदिर एवं मां काली में भक्तों ने दर्शन पूजन किया।

# सड़क दुघर्टना में तीन की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** टेंपो और बाइक के आमने-सामने टक्कर होने की वजह से तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने देखते ही मृतक घोषित कर दिया। आपको बता दे कि सिकरारा थाना क्षेत्र समाधगंज भवानीपुर मोड पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। दुर्घटना में बाइक और टेंपो के आमने-सामने की टक्कर से हुई थी मृतक की पहचान सौरभ कुमार पुत्र विनोद गौड़ निवासी मतरी मथुरा, श्वेता कुमारी पुत्री समरजीत गौतम निवासी टेकरी सिकरारा तथा रामपाल पुत्र शिव मूरत चौहान निवासी चक इंग्लिश हसनपुर सिकरारा के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उपचार के दौरान तीनों की मृत्यु हो गई घटना की सूचना मिलते ही सिकरारा थाना अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद अवसरों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है वहीं हादसे में शामिल टेंपो चालक को हिरासत में ले लिया है थानाध्यक्ष ने बताया कि यह एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है जिसमें तीन युवाओं की जान चली गई है पुलिस पूरे मामले की घटा से जांच कर रही है और आगे की विधि कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर अशोक की लहर दौड़ गई है मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## ऋण स्वीकृति, वितरण की समीक्षा आज

**मैनपुरी।** उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चन्द्र ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए गए आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति, वितरण की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु द्वारा दि. 11 जुलाई को अपराह्न 04 बजे जिला उद्योग केंद्र के सभागार में की जाएगी। उन्होंने जिला समन्वयक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, सेंट्रल बैंक, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्रा, यू.को. बैंक, आई.डी.बी.आई. बैंक, एच.डी.एफ. सी. बैंक, आई.सी.आई. सी.आई. बैंक, एक्सिस बैंक, जिला अग्रणी प्रबंधक, शाखा प्रबंधक, बंधन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक से कहा कि नियत तिथि को नियत समय, स्थान पर मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक में अद्यतन प्रगति के साथ समय से प्रतिभाग करें।

# आईजीआरएस की शिकायत के निस्तारण में जनपद को 11वां स्थान प्राप्त

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जन सुनवाई (आईजीआरएस) की शिकायत निस्तारण में जनपद-आजमगढ़ को 11वां स्थान प्राप्त हुआ। जनपद को कुल 140 के सापेक्ष 123 अंक प्राप्त हुए। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के निर्देशन में एक बार फिर जनपद ने शासन की प्राथमिकता वाली समन्वित जन शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में जनपद को 11वां स्थान जून में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण करने पर प्राप्त हुआ है। आई0जी0आर0एस0 प्रणाली के अन्तर्गत जन सुनवाई पोर्टल शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शुमार है। जनसामान्य द्वारा की जान वाली समस्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शुरू किये गये इस कार्यक्रम में जनपद माह जून में प्रदेश के समस्त जिलो में 11वां स्थान पर रहा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा शिकायतो के डिफाल्टर प्राप्त होने पर सम्बन्धित अधिकारियों के अफसरो को कड़े निर्देश के साथ वेतन रोकने व प्रतिकूल प्रविष्टि देने के भी आदेश दिये। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन जन सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जा रही है। जनपद में प्रत्येक कार्य दिवस जनता दर्शन आयोजित किया जाता है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जन शिकायतों के निस्तारणमें शत प्रतिशत शिकायत कर्ताओं से वार्ता किये जाने एवं फीडबैक लिये जाने के निर्देश समस्त कार्यालयाध्यक्ष को पूर्व में दिये गये है।



जनपद की निजामाबाद एवं फूलपुर तहसील को माह जून में प्रदेश में प्रथम स्थान के साथ सगड़ी को 32वां, सदर-52वां, लालगंज-58वां, बूढ़नपुर-87वां, मेंहनगर-128वां एवं मार्टिनगंज को 227वां स्थान प्राप्त हुआ है।

## कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आज

**प्रयागराज।** कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शुक्रवार को दोपहर एक बजे से सिविल लाइन्स के शंकर मेमोरियल हॉल में होगा।

मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव व पूर्वी जोन के प्रभारी राजेश तिवारी और इलाहाबाद के सांसद उज्ज्वल रमण सिंह शामिल होंगे। राजेश तिवारी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराएंगे और नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। गुरुवार को कार्यक्रम की तैयारियों के लिए चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष फुजैल हाशमी की अध्यक्षता में तैयारी बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया कि मुख्य अतिथि नवनियुक्त जिला और महानगर के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। बैठक में कांग्रेस नेता मानस शुक्ला, दीपचंद्र शर्मा, मो हसीन, मनोज पासी, अकबर खान, राकेश पटेल, शकील अहमद, तबरेज अहमद, शाश्वत मिश्रा, नफीस कुरैशी, अल्तमश, रामजी यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गंगा-यमुना का जलस्तर बढ़ा

**चार घंटे में गंगा में 8 और यमुना में 4 सेमी की वृद्धि**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर प्रयागराज में धीरे-धीरे बढ़ रहा है। गुरुवार को शाम 4 बजे तक की जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों नदियों में जलस्तर में संतुलित और नियमित बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

प्रशासनिक रिकॉर्ड के मुताबिक जनपद में बाढ़ का खतरे का स्तर 84.734 मीटर निर्धारित है। इस समय गंगा नदी का जलस्तर फाफामऊ में 78.96 मीटर और छतनाग में 78.06 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 78.54 मीटर है। बीते चार घंटों में गंगा में 8 सेमी और यमुना में 4 सेमी की वृद्धि दर्ज की गई है।

यह वृद्धि मानसून के दौरान सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है, और प्रशासन की ओर से इसे लेकर पूरी निगरानी की जा रही है। संगम क्षेत्र में भी जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है, और इसका असर कुछ प्रमुख घाटों पर दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से गऊघाट पुल को लेकर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। बाढ़ का पानी इस समय पुल से कुछ दूरी पर है, लेकिन यदि यही प्रवृत्ति बनी रही तो अगले 3 से 4 दिनों में पानी पुल तक पहुंच सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों ने सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की तैयारी शुरू कर दी है।

नगर निगम, सिंचाई विभाग और बाढ़ नियंत्रण टीमों द्वारा जलस्तर की रीयल-टाइम निगरानी की जा रही है। तटीय क्षेत्रों में सूचनाएं पहुंचाई जा रही हैं और सभी नागरिकों को प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है ताकि किसी भी संभावित परिस्थिति से प्रभावी रूप से निपटा जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जौनपुर (जफराबाद) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के हौज पोखरा गांव निवासी एक 18 वर्षीय युवती ने पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।घटना की सूचना पर सुबह पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ऊक्त गांव निवासी राम मैनेजर चौहान की पुत्री सोनम चौहान रात को खाना खाकर एक कमरे में सोने चली गयी।वह रात में किसी समय पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया।जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।राम मैनेजर चौहान के एक पुत्र व तीन पुत्रियां है।बड़े बेटे व बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है।बेटा दो दिन से ससुराल में था।घर मे माँ बाप के अलावा दो बहनें ही थी।सोनम दूसरे नम्बर की लड़की थी।वह इंटर की छात्रा थी।घटना के कारण का कभी कुछ पता नही चल सका है।गांव में घटना को लेकर चर्चा है। चौकी प्रभारी कस्बा जफराबाद राधेश्याम सिंह ने बताया कि शव को पुलिस ने दरवाजा की अंदर लगी कुंडी को तोड़कर शव को कब्जे में लिया।मौके पर कुछ नही मिला।हालांकि घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम भी आयी।

### लूट की रेकी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर (जफराबाद) अवधनामा संवाददाता।** थाना पुलिस ने गुरूवार के दोपहर हौज तिराहे से मुकदमे में वांछित चल रहे रेकी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि 1 जुलाई को हुई चैन की लूट का मुख्य आरोपी पहले गिरफ्तार किए जा चुके है । रेकी करने वाला मुखबीर की सूचना पर हौज तिराहे पर से पूर्व के मुकदमे में वांछित चल रहे करन राजभर पुत्र रामाश्रय राजभर कल्याणपुर थाना मड़ियाहूं को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त पर कार्रवाई करते हुए उनका चालान न्यायालय भेज दिया गया ।

### इंटरसिटी ट्रेन पर पत्थरबाजी करने वालों पर मुकदमा

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** बरसठी थाना क्षेत्र में बुधवार कटवार हाल्ट स्टेशन पर जौनपुर रायबरेली गाड़ी संख्या 14201 इंटरसिटी पर अराजकतत्वों ने पत्थराव कर गाड़ी को क्षतिग्रस्त करते हुए यात्रियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पत्थराव करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पत्थरबाजी में गाड़ी के कई खिड़की का शीशा टूट गया। इसमें कुछ यात्री भी घायल हो गए। लेकिन घायलों को ट्रेन में होने के कारण उनका नाम पता नहीं चल पाया है।अचानक ट्रेन पर हुए पत्थरबाजी से यात्रियों में भय का माहौल फैल गया। ट्रेन कुछ देर बाद वहां से रवाना हो गई। आरपीएफ प्रभारी जंघई प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि ट्रेन जब कटवार हाल्ट स्टेशन पहुंची तभी 100 मीटर पहले चैन पुलिंग कर दिया गया। ट्रेन के रुकते ही करीब 6 लोग ट्रेन पर पत्थर चलाने लगे। यह देख कोच में बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। लोग कोच में ही आड़ लेकर छुपने लगे। जिससे कोच के कई शीशे टूट गए और कई यात्री भी पत्थर लगने से घायल हो गए। कुछ देर बाद वहां से गाड़ी चल दी। पत्थर चलाने का कारण अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं हो सका। बरसठी थाना पर जंघई स्टेशन मास्टर कोमल सिंह के तहरीर पर 4 से अधिक अज्ञात पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# वकीलों ने निकाला पैदल मार्च, मांगी सुरक्षा



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** अधिवक्ताओं ने अपनी सुरक्षा के लिए कानून की मांग को लेकर गुरुवार को प्रयागराज में जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ता विचार मंच के बैनर तले हजारों वकील बार काउंसिल कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च में शामिल हुए। यात्रा प्रमुख देवधर तिवारी ने कहा कि वे लंबे समय से अधिवक्ता सुरक्षा कानून की मांग कर रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। तिवारी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री कार्यालय का भी घेराव करेंगे। अधिवक्ता जितेंद्र तिवारी ने कहा कि वकील दूसरों को न्याय दिलाते हैं। लेकिन आज उन्हें खुद की सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा है। उन्होंने योगी सरकार से मांगों पर विचार करने की अपील की। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

# किसान रेशम के कोया उत्पादन कर आय को करें दोगुना

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** प्रदेश में अधिकतर रेशम उत्पादक किसान सीमांत और लघु कृषक होते हैं। खाद्यान्न की आवश्यकता के दृष्टिगत किसानों ने खेतीबाड़ी की पुरानी परम्पराओं को अभी तक अपनाया हुआ हैं। रेशम उत्पादन की पद्धतियों को भी देखा जाय तो यही बात सामने आती है की अधिकतर किसान पुराने तरीकों को छोड़ने के लिए राजी नहीं होते है। इस लिए जरूरी है उनकी भूमि के एक भूखंड से ही कृषि कार्यों में विविधता लाकर आमदनी बढ़ाई जाय। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश सरकार ने शहतूत वृक्षारोपण का एक सहफसली प्रारूप केंद्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान पांपोर, केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा तकनीकी स्थानांतरण हेतु स्वीकृत किया है। किसान अपनी कृषि युक्त भूमि पर इस प्रकार से शहतूत वृक्षारोपण करते हैं कि परंपरागत कृषण कार्य भी चलता रहे और रेशम कीट पालन हेतु उसी खेत से उच्च गुणवत्ता युक्त शहतूत की पत्तियाँ भी प्राप्त हो रही है। केवल पहले वर्ष में नियमित पैदावार लगभग 20 प्रतिशत प्रभावित होगी, दूसरे वर्ष से इसी खेत से अतिरिक्त आय आनी शुरु हो जाती है। यदि कोई किसान अपने खेत में 300 शहतूत के पेड़ नयी पद्धति से लगा ले और केवल दो फसलों की पत्ती बेचने का काम करे तो भी वह दूसरे वर्ष में लगभग 05 हजार रूपये से 08 हजार रूपये एवं अगले 4-5 वर्षो से इसी खेत से वह लगभग 18 हजार रूपये से 25 हजार रूपये वार्षिक की अतिरिक्त आय कर केवल पत्ती बेच कर प्राप्त कर सकते है। किसान इसी शहतूत उद्यान से साल में दो फसल भी बाइवोल्टाईन रेशम कीटपालन कार्य करता है तो उचित उत्पादन के साथ वह दूसरे साल से 10 हजार रूपये का कोया उत्पादन कर सकता है और चौथी पाँचवी साल में वह 30-35 हजार मूल्य का रेशम कोया, 300 शहतूत पेड़ो की उचित रखरखाव और सफल कीटपालन से उत्पादित कर सकता है। अगर कोई किसान अपने खेत में गेहूं और मक्के की खेती कर रहा है और इसी खेत में शहतूत के पेड़ भी लगा देते हैं तो अगले 4-5 वर्षो में इसी खेत से किसान विशाल रेशम कीटपालन के साथ कुल आय दुगुनी कर सकता है। उचित लाभ प्राप्ति हेतु कम से कम 100 पेड भी स्थापित किए जा सकते है, पर 300 पेड़ का उद्यान स्थापित हो तो आर्थिक लाभ हेतु उत्तम रहता है। जितने अधिक पेड होंगे उसी अनुपात में पत्ती एवं तदनुसार रेशम कोया का उत्पादन अधिक होगा। यदि किसी किसान के पास जमीन कम है पर वह अधिक पेड लगाना चाहता है तथा रेशम कीटपालन से अधिक आय प्राप्त करना चाहता है, तो वह मेड़ के बाद खेत के बीच में सीधी कतार में पेड़ लगा सकता है, खेत की चौड़ाई के अनुसार कतार की संख्या निर्धारित होगी, क्योंकि दो कतारों के बीच में कम से कम 18 फीट की दूरी होनी चाहिए। इस प्रकार से एक खेत में परम्परागत खेती को प्रभावित किए बगैर किसान अपने लिए अतिरिक्त आय का एक सशक्त माध्यम कम से कम अगले 20-25 साल तक आसानी से कर सकता है। इस पद्धति से एक एकड़ जमीन में 300 शहतूत पेड़ लग सकते है। भूमि की उपलब्धता के आधार पर 100 पेड़ से 300 पेड़ तक का शहतूत उद्यान आसानी से स्थापित किया जा सकता है। प्रदेश के हजारो किसान सहफसली खेती कर खाद्यान्न के साथ-साथ रेशम के कोया उत्पादन कर अपनी अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर रहे हैं।

## कोर्ट नोटिस

मा.प्रधान न्यायाधीश परिवार न्याया. सहारनपुर प्रकीर्ण वाद संख्या 11 सन 2025 राजसिंह आयु 34 वर्ष पुत्र रमेशचंद निवासी ग्राम नल्हेडा गुर्जर, रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर हाल निवासी भारत इलैक्ट्रोनिक्स लि0 सेन्ट्रल रिसर्च लैबोरिट्री साईट, 4 इंडस्ट्रीयल ऐरिया, भारत नगर पोस्ट साहिबाबाद, जि.गाजियाबाद (वादी)...बनाम...1- श्रीमती श्रुति गौतम पत्नी राजसिंह पुत्री श्री संजय गौतम निवासी बलियाखेडी ब्लॉक नियर कमिश्नर ऑफिस, दिल्ली रोड, थाना सदर बाजार , जिला सहारनपुर। मो नं 8126987398 2-आम जनता (विपक्षीगण) इत्तिला दी जाती है कि दरखास्त बगरज कस्टडी नाबालिग शोर्य आयु करीब डेढ वर्ष पुत्र राजसिंह सायल मजकूर ने गुजरानी है लिहाजा यह इत्तला बमुराद इजहार उजरदारान और दर पेशी मुकदमे हेतु जारी किया जाता है कि अगर आपको या किसी को निसबत दरखास्त के उज्र हो तो दि018.8.25 को 10 बजे दिन असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में पेश हो कर उज़र अपना पेश करें दारसूरत इंकजाए तारीख फिर उजर किसी को नहीं सुना जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्ब दरखास्त से सादिर होगा दिनांक 27.5.25 को जारी हुआ आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी

**प्रधान न्यायधीश परिवार सहारनपुर**

## कोर्ट नोटिस

यायालय सिविल जज सी.डि. सहारनपुर प्रकीर्ण बाद संख्या 92 सन 2025 1- शीतल पुत्री स्वाः रुपनारायण उम्र 23 वर्ष आधार नम्बर 7001 4836 5167 निवासी म.नं. 5/1. देहरादून रोड, रिमाउण्ट डिपो , सडक दूधली, सहारनपुर। आधार नम्बर 7991 4936 5157 2- कु0 अन्नू उम्र 15 वर्ष नाबालिगा पुत्री स्व0 रूपनारायण द्वारा अपनी सगी बहन व संरक्षिका शीतल पुत्री स्व.रूपनारायण नि.म.नं 5/1,देहरादून रोड जुबली मण्डी, रिमाउण्ट डिपो,सड़क दूधली, सहारनपुर आधार न.543587757521 (आवेदक) बनाम.....(आम जनता) दरख्वास्त मुसम्मा शीतल आदि ने वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल जर 16,63000 रुपये. किफायत द्वारा दरख्वास्त मुसम्मा उक्त मुतवफफा रजनी देवी अपने बसूजिब ऐक्ट 7 सन 1889 ई0 बकैद 16,63000 रूपये मुसम्मा उक्त ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजारी है दि. 14/7/25 वारते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है जिस किसी को कोई उज़र हो तो आप स्वयं या वकालतन दस बजे दिन मेरे न्यायालय में पेश हो कर उज़र अपना पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जाएगा। दिनांक 3 जुलाई 25 को जारी हुआ।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर**

# सावन में शिव भक्तों पर ऑपरेशन सिंदूर का क्रेज

**कांवड़ियों की पहली पसंद बनी ऑपरेशन सिंदूर टी-शर्ट**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** पूरे देश में सावन महीने की शुरुआत 11 जुलाई से हो रही है। माना जा रहा है इस साल कावड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों का जोश अधिक देखने को मिलेगा। ऐसे में बाजारों में केसरिया अपना रंग जमने लगा है। संगम नगरी प्रयागराज में कांवड़ियों में उत्साह भरने के लिए ÷भारत की शान ऑपरेशन सिंदूर÷ टी शर्ट के साथ साथ पीएम नरेंद्र मोदी , मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो युक्त टी-शर्ट अभी से ही खूब बिक रही हैं। आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान से हुए युद्ध में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के शूरवीरों ने पाकिस्तान को जबरदस्त शिकस्त दी जिसके बाद पूरे देश में खुशी की लहर उठी और अब सावन महीने में कांवड़ियों के लिए खास तौर पर भारत की शान ऑपरेशन सिंदूर की शर्ट की धूम है। दारागंज क्षेत्र मे बिक रही इन टी-शर्ट पर अनोखा संगम भी देखने को मिला है। टी शर्ट में फाइटर जेट प्लेन, भगवान शिव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगाई गई है। दुकानदार आनंद जायसवाल का कहना है कि खास तौर पर इस बार ऑपरेशन सिंदूर की शर्ट को मंगवाया गया है क्योंकि संगम तट पर पूरे महीने लाखों की संख्या में कांवड़िये आएंगे और भारत की शान ऑपरेशन सिंदूर की टी-शर्ट को खूब पसंद करेंगे। इसके साथ ही साथ बाबा बुलडोजर की भी शर्ट है जिसमें योगी आदित्यनाथ की भी तस्वीर लगी हुई है। अपराधियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश में हो रही कार्रवाई के बाद बुलडोजर शर्ट की भी धूम है उधर ग्राहकों की बात माने तो अभी से ही शिव भक्त ऑपरेशन सिंदूर की शर्ट को अधिक पसंद कर रहे हैं एक तरफ दुकानदार कहना है कि सबसे अधिक ऑपरेशन सिंदूर की शर्ट पिछले दो दिनों में बिक रही है ऐसे में उनको दो दिन के अंतराल में ही हजारों टीचरों का ऑर्डर फिर से देना पड़ा हैं। शिव भक्त ग्राहको की बात माने तो वह भारत की शान ऑपरेशन सिंदूर की शर्ट को पहन करके कावड़ यात्रा करने पर गौरवान्वित महसूस करेंगे।

# गुरु पूर्णिमा पर शिष्यों ने गुरुजनों का लिया आशीर्वाद



**बड़ी संख्या में शिष्यों ने लिया गुरु मंत्र**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर प्रयागराज के संत, महात्माओं के आश्रम में सुबह से गुरु पूजन शुरू हुआ। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महराज के अलोपीबाग स्थित आश्रम में भव्य आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में देश के कोने कोने से बड़ी संख्या में शिष्यों ने गुरु मंत्र लिया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के बाद विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह श्री बाघम्बरी मठ, अल्लापुर में महंत बलवीर गिरी के नेतृत्व में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। अखाड़ा परिषद के ब्रह्मलीन अध्यक्ष स्वामी नरेंद्र गिरी के पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, बाद में शिष्यगण महंत बलबीर गिरी का पूजन और गुरुमंत्र (दीक्षा) लिया। श्रृंगवेरपुर धाम के जगद्गुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य महराज के आश्रम श्रृंगवेरपुर में विशाल गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन सुबह पांच बजे से किया गया, जहां पर बड़ी संख्या में शिष्यगण परिवार सहित गुरु पूर्णिमा महोत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुए। पांच दर्जन से ज्यादा शिष्यों ने गुरु दीक्षा ली। प्रयागराज में सबसे विशाल अन्नक्षेत्र चलाने वाली संस्था लाल महेंद्र शिव शक्ति समिति ओम नमः शिवाय प्रयागराज की ओर से ईसीसी के पीछे गऊघाट आश्रम में विशाल रूद्र महायज्ञ गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर सुबह बजे से शुरू होकर दोपहर तक चला। अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पीठाधीश्वर स्वामी रामाश्रम महराज ने बताया कि गढवा, नवाबगंज स्थित आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसी तरह परमहंस स्वामी प्रभाकर महराज की ओर से गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम सिद्ध विनायक गेस्ट हाउस दूबे तालाब नैनी एफसीआई गोदाम के पास नियर सेमस्टार स्कूल के सामने गली में हुआ। स्वामी प्रभाकर महराज ने बताया कि महारुद्राभिषेक सुबह आठ बजे से शुरू हुआ है।

### संगम स्नान के बाद गुरु स्वरूप पूजे गए बांध पर बजरंग बली



**प्रयागराज।** गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व गुरुओं के प्रति श्रद्धा, सम्मान और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। यह दिन व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है और महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में मनाया जाता है। हिन्दू धर्म में गुरु को ईश्वर के समकक्ष माना गया है, और यही कारण है कि यह पर्व विशेष आध्यात्मिक महत्व रखता है। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम तट पर स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने से न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और आत्मिक शुद्धि का भी अनुभव होता है। श्रद्धालुओं का मानना है कि गुरु पूर्णिमा के दिन संगम में स्नान करने से जीवन की नकारात्मकता दूर होती है और मन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। संगम स्नान के बाद बड़ी संख्या में भक्त बंधवा स्थित बड़े हनुमान जी के मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। यह मंदिर हनुमान जी की लेटी हुई मुद्रा के लिए प्रसिद्ध है और देश का एकमात्र ऐसा स्थान है जहां हनुमान जी इस रूप में विराजमान हैं।

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **04.08.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे** यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल **ireps** पोर्टल पर उपलब्ध **ऑनलाइन भुगतान प्रणाली** में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **निविदा सूचना सं.** | **08202025 दिनांक 08.07.2025** | | |
| **कार्य का नाम** | 1. वरि० मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ०रे०/लखनऊ के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियन्ता/वाराणसी के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता–कार्य/वाराणसी के खण्ड में ए०ई०एन० कॉलोनी, लोको कॉलोनी, एल०टी० कॉलोनी, वाराणसी–दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी–बीरापट्टी तथा वाराणसी–लोहता खण्ड में विभिन्न कॉलोनियों के स्टाफ क्वार्टरों की सफेदी व रंगाई पुताई तथा वार्षिक मरम्मत का कार्य। **(सिंगल पैकेट पद्धति)**<br>2. वरि० मण्डल अभियन्ता–तृतीय/उ०रे०/लखनऊ के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियन्ता/जौनपुर के अधीन खेतासराय–तुलसीनगर खण्ड में किमी० 852 से किमी० 880 तक (वन्दे भारत मार्ग) सुरक्षा फेन्सिंग (एंटी क्रैश बैरियर/आर०सी०सी० दीवार आदि) का प्रावधान। **(दोहरी पैकेट पद्धति)** | | |
| **अनुमानित लागत** | 1. ₹2,99,99,872.02 | 2. ₹38,24,56,874.53 | |
| **धरोहर राशि** | 1. ₹3,00,000/- | 2. ₹20,62,300/- | |
| **कार्य समापन की अवधि** | **क्र.सं. 1 तथा 2 के लिए:** | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह | |
| **निविदा डालने का प्रारंभ** | **क्र.सं. 1 तथा 2 के लिए:** | 21.07.2025 | |
| **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** | **क्र.सं. 1 तथा 2 के लिए:** | 04.08.2025 को 15:00 बजे | **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in |

**नोट:** 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नई दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015.

**2065/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भिखारियों के पुनर्वास को लेकर सरकार ने बनाई खास रणनीति, केंद्र ने किया स्माइल योजना में संशोधन

**नई दिल्ली।** केंद्र ने भिखारियों के लिए अपने प्रमुख पुनर्वास योजना स्माइल को संशोधित किया है। इसका वार्षिक बजट 37 करोड़ रुपये रखा गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे आत्मनिर्भरता और सम्मानपूर्ण जीवन की ओर बढ़ें।

सरकार ने भिखारियों को सम्मानपूर्ण जीवन देने के लिए अपनी प्रमुख स्माइल योजना में संशोधन किया है। इसका वार्षिक बजट 37 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि संशोधित स्माईल योजना दंडात्मक दृष्टिकोण से हटकर अधिकार आधारित पुनर्वास मॉडल को अपनाती है। इसका उद्देश्य कमजोर वर्गों को संरचित सहायता प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा में लाना है।

**नई योजना चार स्तंभों पर आधारित**

नई स्माइल (आजीविका और उद्यम के लिए हाशिए पर पड़े व्यक्तियों को सहायता) योजना चार स्तंभों पर आधारित है। इसमें सर्वेक्षण एवं पहचान, संपर्क एवं जागरूकता, बचाव एवं आश्रय, और समग्र



पुनर्वास शामिल हैं। इन उपायों के माध्यम से देश के सबसे हाशिये पर पड़े समूहों को दीर्घकालिक पुनर्वास और सामाजिक सम्मान दिलाने की कोशिश की जाएगी।

**कहां लागू होगी योजना?**

यह योजना राज्य प्रशासन और संबंधित संगठनों के साथ साझेदारी में देश भर के तीर्थस्थलों, धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक स्थलों और पर्यटन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लागू की जाएगी। योजना के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, धार्मिक ट्रस्ट और तीर्थस्थल बोर्ड भी तीर्थस्थलों और धार्मिक स्थलों पर योजना के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**सरकार का तीन वर्षों बजट**

केंद्र ने इस योजना के लिए तीन वर्षों में 100 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं , 2023-24 के लिए 30 करोड़ रुपये, 2024-25 के लिए 33 करोड़ रुपये और 2025-26 के लिए 37 करोड़ रुपये। धनराशि तीन किस्तों में जारी की जाएगी, सर्वेक्षण और लामबंदी के लिए 30 प्रतिशत, आश्रय और पुनर्वास के लिए 50 प्रतिशत, तथा सत्यापित प्रगति और पुनः एकीकरण की स्थिति के आधार पर 20 प्रतिशत।

**सरकार का लक्ष्य**

सरकार का लक्ष्य पहले वर्ष में 2,500, दूसरे वर्ष में 6,000 और तीसरे वर्ष में 8,000 लोगों का पुनर्वास करना है। प्रत्येक आश्रय गृह को भोजन, स्टाफिंग, परामर्श, कौशल विकास और जागरूकता अभियानों सहित संचालन लागतों को पूरा करने के लिए 48.7 लाख रुपये का वार्षिक बजट आवंटित किया गया है।

**कैसे किया जाएगा सर्वेक्षण?**

नगर निकाय और जिला प्रशासन लाभार्थियों की आयु, लिंग, कानूनी स्थिति और स्वास्थ्य स्थितियों जैसे कारकों के आधार पर विस्तृत सर्वेक्षण करेंगे। एकत्रित आंकड़ों को वास्तविक समय की निगरानी के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक राष्ट्रीय पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

## सरकार एलआईसी में अल्पमत हिस्सेदारी बेचेगी



**नई दिल्ली।** सरकार जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में और हिस्सेदारी बेचने पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार विनिवेश विभाग इस सौदे की विस्तृत जानकारी तैयार करेगा। सरकार के पास वर्तमान में एलआईसी में 96.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

सरकार जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में और हिस्सेदारी बेचने पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार विनिवेश विभाग इस सौदे की विस्तृत जानकारी तैयार करेगा। सरकार के पास वर्तमान में एलआईसी में 96.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उसने मई 2022 में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 902-949 रुपये प्रति शेयर के मूल्य बैंड पर 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी। इस शेयर बिक्री से सरकार को लगभग 21,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

सूत्रों ने बताया कि सरकार ने ओएफएस मार्ग के माध्यम से एलआईसी में आगे शेयर बिक्री के लिए अपनी मंजूरी दे दी है और इस पर चर्चा अभी प्रारंभिक चरण में है। एक सूत्र ने कहा, बाजार की स्थिति को देखना और हिस्सेदारी बिक्री का फैसला लेना विनिवेश विभाग पर निर्भर है।

सरकार को 16 मई, 2027 तक अनिवार्य 10 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी में 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी और बेचने की आवश्यकता है।

सूत्र ने बताया कि हिस्सेदारी बिक्री की मात्रा, कीमत और समय पर निर्णय समय पर लिया जाएगा। एलआईसी का वर्तमान बाजार पूंजीकरण 5.85 लाख करोड़ रुपये है। बीएसई पर एलआईसी के शेयर 924.40 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे, जो पिछले बंद भाव से 2.27 प्रतिशत कम है।

## तेजी से बढ़ रहा क्विक कॉमर्स बाजार



**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार भारतीयों ने वित्त वर्ष 2025 में ब्लिंकिट और इंस्टामार्ट जैसे त्वरित-वाणिज्य प्लेटफार्मों से 64,000 करोड़ रुपये का सामान ऑर्डर किया। वहीं प्लेटफार्मों ने वित्त वर्ष 25 में शुल्क के माध्यम से 10,500 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया।

वित्त वर्ष 2025 में ब्लिंकिट और इंस्टामार्ट जैसे त्वरित-वाणिज्य प्लेटफार्मों से 64,000 करोड़ रुपये का सामान ऑर्डर किया गया। यह आंकड़े पिछले वित वर्ष के 30,000 करोड़ रुपये से दोगुना से भी अधिक है। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2028 तक सकल ऑर्डर मूल्य (जीओवी) तीन गुना से अधिक बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

**वित्त वर्ष 2025 में 10,500 करोड़ रुपये का राजस्व**

इसमें कहा गया कि प्लेटफार्मों ने वित्त वर्ष 25 में शुल्क के माध्यम से 10,500 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया। यह वित्त वर्ष 2022 के 450 करोड़ रुपये के मुकाबले बहुत बड़ी वृद्धि है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2028 तक राजस्व बढ़कर 34,500 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। इसके अलावा प्रति स्टोर औसत राजस्व में 25 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इसमें बताया गया कि प्रमुख प्लेटफॉर्म्स द्वारा शुल्क में की गई बढ़ोतरी के चलते राजस्व में यह तेज उछाल देखने को मिला है। इसके अलावा कुल जीओवी में भी भारी इजाफा हुआ है।

**प्लेटफॉर्म मुनाफे पर ध्यान दे रहें**

प्लेटफॉर्म अब हाइपरग्रोथ (तेज विकास) की रणनीति से हटकर मुनाफे को दोबारा पटरी पर लाने पर ध्यान दे रहे हैं। इसके लिए वे विज्ञापन, सब्सक्रिप्शन, प्राइवेट लेबल और तकनीक आधारित इन्वेंटरी ऑप्टिमाइजेशन जैसे विकल्पों का सहारा ले रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्लेटफॉर्म द्वारा हर लेनदेन पर वसूली जाने वाली फीस यानी टेक रेट वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 18 फीसदी तक पहुंच गई है। यह वित्त वर्ष 2022 में 7 से 9 फीसदी थी।

**उपभोक्ताओं की सुविधाओं में बदलाव से विकास की संभावना**

रेटिंग्स शाखा की प्रमुख तन्वी शाह ने कहा कि तकनीक आधारित नवाचार और टियर-2 और टियर-3 शहरों में प्रवेश इस क्षेत्र के विकास के अगले चरण को परिभाषित करेगा। कंपनी के सहायक निदेशक आमिर शेख ने कहा कि भारत की किराना मांग का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही क्यू-कॉम उद्योग में स्थानांतरित हो गया है। लेकिन उपभोक्ताओं की पसंद में सुविधा और आराम की ओर स्पष्ट बदलाव देखा जा रहा है। इसके कारण इस क्षेत्र में आगे तेजी से विकास होगा।

**2024 में ई-कॉमर्स बाजार 23.8 प्रतिशत बढ़ा**

भारत में 2024 में 270 मिलियन से अधिक ऑनलाइन खरीदार थे। जिससे यह वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा ई-रिटेल उपयोगकर्ता आधार बन गया। जबकि ई-कॉमर्स बाजार 2024 में एक साल पहले की अवधि की तुलना में 23.8 प्रतिशत बढ़ा है। भारत में 2025 की शुरुआत तक 1.12 अरब से अधिक मोबाइल कनेक्शन देखे गए और स्मार्टफोन अपनाने की दर भी तेजी से बढ़ रही है।

**डार्क स्टोर क्यू-कॉम के लिए परिचलान इंजन**

रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती डिस्पोजेबल आय और उच्च खर्च क्षमता से भी क्यू-कॉम की वृद्धि को बढ़ावा मिलने की संभावना है। डार्क स्टोर या माइक्रो-वेयरहाउस, जो माल की त्वरित डिलीवरी सुनिश्चित करते हैं, क्यू-कॉम सेक्टर के लिए परिचालन इंजन हैं।

## युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए द गोट ट्रस्ट प्रशिक्षण संस्थान पशुपालन का प्रशिक्षण देगा



**लखनऊ।** भारत सरकार की मेक इन इंडिया योजना के अंतर्गत युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए द गोट ट्रस्ट प्रशिक्षण संस्थान युवाओं को पशुपालन का प्रशिक्षण देगा। प्रो. संजीव कुमार ने आज अंतर्राष्ट्रीय बकरी प्रबंधन संस्थान-द गोट ट्रस्ट, रसूलपुर सदात लखनऊ में पत्रकार वार्ता में बताया कि युवाओं को रोजगारपरक व्यवसाय से जोड़ने की दिशा में द गोट ट्रस्ट कौशल संस्थान पशुपालन क्षेत्र में एक से तीन वर्ष का प्रशिक्षण देगा। प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिभागियों को संस्था द्वारा स्थायी रोजगार भी प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें एक सम्मानजनक आय भी प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बकरी प्रबंधन संस्थान-द गोट ट्रस्ट कौशल संस्थान युवाओं को कृषि विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान और स्वास्थ्य क्षेत्र में तीन से छह माह का प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम विगत वर्षों से पूरे भारतवर्ष में संचालित किया जा रहा है, जो वर्तमान में भारत के 18 राज्यों में अपने 8 प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों के साथ स्थापित और प्रभावशाली रूप में कार्यरत है। संजीव कुमार ने बताया कि संस्था के प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा प्रतिभागियों को कंप्यूटर कौशल, कृषि विज्ञान, चिकित्सालय, पशु औषधि, चारा-दाना, प्रयोगशाला कार्य तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने एवं व्यवसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

# क्रोमा की 'बैक टू कैंपस सेल' में लैपटॉप खरीदें, सिर्फ 28,990 से आगे की कीमतों में

**नई दिल्ली।** भारत का पहला और टाटा समूह का भरोसेमंद ओमनी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, क्रोमा में शुरू हो रहा है 'बैक टू कैंपस' सेल। आधुनिक शिक्षा में तकनीक सबसे महत्वपूर्ण है, इस बात को मद्देनज़र रखते हुए क्रोमा ने अपने अभियान को छात्रों और तकनीक के प्रति उत्साही लोगों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। चाहे आप एक महत्वाकांक्षी डिज़ाइनर हों, AI-फर्स्ट कोडर हों, या नेक्स्ट-जेन गेमर हों, क्रोमा में आपको लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टफोन और एक्सेसरीज़ पर छात्रों के लिए आसान कीमतों पर आकर्षक डील मिल रही हैं। बड़े-बड़े ब्रांडों के उत्पाद, शून्य-लागत EMI कैशबैक और छात्रों के लिए विशेष योजनाओं का लाभ उठाकर अपने शैक्षणिक और क्रिएटिव भविष्य में निवेश करने का बहुत बढ़िया अवसर क्रोमा दे रहा है। कुछ चुनिंदा ऑफ़र: मैकबुक एयर एम2: कीमत ?46,390 से शुरू, छात्रों के लिए डिस्काउंट, एक्सचेंज बोनस और ?10,000 तक कैशबैक के साथ सैमसंग गैलेक्सी टैब एस9 5G– हर महीने सिर्फ़ 3,849 - लेक्कर, मल्टीटास्किंग और मनोरंजन के लिए बेहतरीन एआई विंडोज़ लैपटॉप: कीमत 55,990 से शुरू, Microsoft Office के साथ, 24 महीने तक की ज़ीरो-कॉस्ट EMI और 10,000 तक का कैशबैक 200 से ज़्यादा शहरों में 560 से ज़्यादा स्टोर का क्रोमा का व्यापक नेटवर्क यह सुनिश्चित करता है कि मेट्रो, टियर-2 शहरों और दूसरे कई इलाकों के छात्रों को एक्सक्लूसिव क्यूरेटेड योजनाएं और छूट के लाभ मिल सकें: सभी मेट्रो शहर– AI-PC की कीमतें 54,990 से शुरू (एक्सचेंज शामिल) मुफ़्त कीबोर्ड-माउस कॉम्बो, एंटीवायरस और नॉइज़ विक्टर वॉच (कीमत 2,499) के साथ। ?52,990 से शुरू होने वाले गेमिंग लैपटॉप में माइक्रोसॉफ्ट होम एंड स्टूडेंट, गेमिंग माउस और प्रीमियम एंटीवायरस (कीमत 2,590) शामिल हैं।

मुंबई, पुणे और बैंगलोर– रीज़न 5 लैपटॉप की कीमतें ?39,990 से शुरू होती हैं, जिसमें एक्सचेंज और कैशबैक, साथ ही वायरलेस माउस और एंटीवायरस (कीमत ?999) शामिल हैं। दिल्ली एनसीआर, तमिलनाडु, गुजरात (क्षेत्र 2)और हैदराबाद मेट्रो– इंटेल i5 लैपटॉप की कीमतें ?47,990 से शुरू होती हैं, जिसमें एक्सचेंज, KBM कॉम्बो, एंटीवायरस और नॉइज़ विक्टर वॉच (कीमत 2,499) शामिल हैं

पूरे भारत में– रीज़न 3 लैपटॉप की कीमतें ?28,990* से आगे हैं, जिसमें एक्सचेंज, बंडल वायरलेस माउस और एंटीवायरस (कीमत 999) शामिल हैं राजस्थान, गोवा, केरल, यूपी, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, एनई, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, एपी, तेलंगाना, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश– इंटेल i3 लैपटॉप ?32,990 से शुरू, एक्सचेंज सहित, वायरलेस माउस और एंटीवायरस के साथ (कीमत 999) गुजरात (क्षेत्र 1) : रीज़न 5 लैपटॉप 39,990 एक्सचेंज और कैशबैक के साथ, साथ ही वायरलेस माउस और एंटीवायरस (कीमत 999) हाई-परफॉरमेंस गेमिंग– महानगरों के अलावा दूसरे शहरों में, गेमिंग लैपटॉप की कीमतें 52,990 से शुरू, एक्सचेंज सहित, गेमिंग माउस और एंटीवायरस के साथ (कीमत 2,590) आप अपने नजदीकी क्रोमा स्टोर पर जाकर या 222.croma.com पर ऑनलाइन शॉपिंग करके ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी96 5जी स्मार्टफोन




**नई दिल्ली।** मोटोरोला, मोबाइल टेक्नोलॉजी में दुनियाभर में मशहूर और भारत के अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला, ने आज मोटो जी96 5जी को लॉन्च किया। यह इस साल का पहला जी-सीरीज फोन है और पिछले साल के सबसे लोकप्रिय 20 हजार से कम कीमत वाले फोन मोटो जी96 5जी का अगला संस्करण है। इस फोन में शानदार फीचर्स दिए गए हैं।इसमें सेगमेंट का सबसे बेहतरीन 144 हट्र्ज 3डी कर्व्ड पोलण्ड एफएचडी + डिस्प्ले है, जो आईपी68 वाटरप्रूफ सुविधा के साथ आता है। साथ ही, 50एमपी ओआईएस सोनी एलवाईटीआईए 700सी कैमरा है, जो मोटो एआई और सभी लेंसों से 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है। यह फोन प्रीमियम वीगन लेदर डिज़ाइन में आता है, और बेहद हल्का एवं पतला है। इसे चार खूबसूरत पैनटोन रंगों में बाजार में उतारा जाएगा और इसमें 5500 एम ए एच की बैटरी दी गई है, जो 42 घंटे तक चलती है। मोटो जी 96 5जी में सेगमेंट का सबसे बेहतरीन स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 प्रोसेसर है, जो 4एनएम तकनीक पर बना है। यह तेज़ और भरोसेमंद प्रदर्शन देता है, बैटरी को कम खर्च करता है।

इस लॉन्च के बारे में, टी.एम. नरसिम्हन, मैनेजिंग डायरेक्टर, मोबाइल बिजनेस ग्रुप - इंडिया ने कहा, मोटोरोला का लक्ष्य है आधुनिक टेक्नोलॉजी को और उपयोगी व सभी के लिए सुलभ बनाना मोटो जी 96 5जी के साथ हम प्रीमियम तकनीक को और अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं।यह लॉन्च दिखाता है कि हम बेहतरीन फीचर्स को किफायती दामों पर लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि ज्यादा लोग उन स्मार्ट और हाई-परफॉर्मेंस तकनीकों का फायदा उठा सकें, जो पहले सिर्फ महंगे फ्लैगशिप फोन्स में मिलती थीं। यह बेहतर स्मार्टफोन अनुभव को सभी के लिए आसान बनाने की दिशा में हमारा एक कदम है।

## टीसीएस का शुद्ध मुनाफा अप्रैल-जून तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ रुपये हुआ, परिणााम जारी




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने गुरुवार को बताया कि जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का राजस्व पिछले वर्ष की समान अवधि के 62,613 करोड़ रुपये से 1.3 प्रतिशत बढ़कर 63,437 करोड़ रुपये हो गया। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने गुरुवार को बताया कि जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ रुपये हो गया। टाटा समूह की कंपनी ने पिछले वर्ष इसी अवधि में 12,040 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी का राजस्व पिछले वर्ष की समान अवधि के 62,613 करोड़ रुपये से 1.3 प्रतिशत बढ़कर 63,437 करोड़ रुपये हो गया, लेकिन स्थिर मुद्रा के परिप्रेक्ष्य में इसमें 3 प्रतिशत की गिरावट आई।


कंपनी के बयान के अनुसार, अप्रैल-जून की अवधि में इसका परिचालन लाभ मार्जिन तिमाही आधार पर 0.30 प्रतिशत बढ़कर 24.5 प्रतिशत हो गया। इसके प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. कृतिवासन ने कहा, ÷निरंतर वैश्विक वृहद आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण मांग में कमी आई है। तिमाही के दौरान कंपनी ने 9.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए सौदों पर हस्ताक्षर किए, जबकि तिमाही के अंत में कुल कर्मचारियों की संख्या 6,13,069 थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6,000 से अधिक थी।

## टाटा के कैरेटलेन ने वित्तीय वर्ष '26 में स्ट्रेटेजिक विस्तार करके उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को मज़बतू किया

**लखनऊ।** टाइटन कंपनी लिमिटेड का 100 प्रतिशत स्वामित्व और भारत के अग्रणी ओम्नी-चैनल ज्वेलरी ब्रांड कैरेटलेन ने क्षेत्रीय विस्तार की अपनी नीति के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में उत्तर प्रदेश पर अपने ध्यान को और सुदृढ़ किया है। ब्रांड राज्य में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है। शहरी और नए उभरते हुए बाज़ारों में लगातार बढ़ती उपभोक्ता मांग और मजबूत ओम्नी-चैनल प्रदर्शन के साथ, कैरेटलेन उत्तर प्रदेश में अपनी जड़ों को और मजबूत कर रहा है। कैरेटलेन के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौमेन भौमिक ने कहा, उत्तर प्रदेश न केवल अपने पैमाने की वजह से, बल्कि ऑफ़लाइन और ऑनलाइन, दोनों में स्पष्ट और लगातार वृद्धि के कारण भी हमारे लिए एक प्रमुख बाज़ार के रूप में उभरा है। अब हम नए शहरों में कदम रखकर, उपभोक्ताओं के साथ संबंधों को मजबूत करते हुए, और उनके आभूषणों की खरीदारी के तरीकों में लगातार नवाचार करते हुए राज्य में अपनी उपस्थिति को और अधिक सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वित्त वर्ष '26 में, कैरेटलेन राज्य-भर में 15 नए स्टोर लॉन्च करके उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और गहरा करेगा। इसमें आठ नए टियर-2 और टियर-3 शहर - जौनपुर, आज़मगढ़, रायबरेली, मुज़फ़्फ़रनगर, सुल्तानपुर, गाज़ीपुर, आदि शामिल हैं।

इसे नए उभरते हुए बाज़ारों में ब्रांड के रिटेल विस्तार की अगली लहर के रूप में देखा जा सकता है। कैरेटलेन आने वाले सप्ताह में लखनऊ में एक नया स्टोर खोलेगा, जो ब्रांड के लिए एक महत्वपूर्ण रिटेल और उपभोक्ता केंद्र बनेगा और इस शहर में ब्रांड की लोकप्रियता एवं पहुंच को बढ़ाएगा।

## भारतीय कंपनियों के लिए एचपी ने लॉन्च किए ऑटो-डुप्लेक्स की खूबी वाले लेजर एम300 प्रिंटर्स



**नई दिल्ली।** एचपी ने आज भारत में एचपी लेजर एम300 सीरीज लॉन्च करने का एलान किया। लेजर प्रिंटर्स की इस रेंज को विशेष रूप से भारत के तेजी से बढ़ते सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों, स्थानीय कारोबारियों एवं प्रिंट शॉप की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस सीरीज में पांच मॉडल्स- लेजर एमएफपी 323एसडीएनडब्ल्यू, 323डीएनडब्ल्यू, 323डी, 303डीडब्ल्यू और 303डी हैं। इनसे किफायती कीमत में फास्ट ऑटो-डुप्लेक्स प्रिंटिंग, शार्प प्रिंट क्वालिटी और एनर्जी एफिशिएंसी मिलेगी।

नई एचपी लेजर300 सीरीज को ऐसी भारतीय कंपनियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिन्हें स्पीड, कॉम्पैक्ट डिजाइन, कम मेंटेनेंस और इको फ्रेंडली प्रिंटिंग चाहिए। 30 पेज प्रति मिनट (ए4) तक की स्पीड और सभी मॉडल में ऑटोमैटिक टू-साइडेड प्रिंटिंग के साथ यह सीरीज अपने यूजर्स को आसानी से हाई वॉल्युम वर्कलोड को संभालने में सक्षम बनाएगी। इस सीरीज में शार्प ब्लैक टैक्स्ट एवं ग्राफिक्स के लिए एडवांस्ड टोनर का प्रयोग किया गया है। एचपी स्मार्ट एप के माध्यम से इससे आसानी से मोबाइल प्रिंट भी किया जा सकेगा।

एचपी इंडिया के सीनियर डायरेक्टर - प्रिंट कैटेगरी - इंडिया बीडीएसएल मार्केट सतीश कुमार ने कहा, 'एचपी में हर इनोवेशन की शुरुआत ग्राहकों की जरूरतों को लेकर गहरी समझ से होती है। भारत के नौकरीपेशा लोग, छोटे व्यवसायी और उद्यम ज्यादा मांग वाले और तेजी से दौड़ रहे माहौल में काम करते हैं, जहां सफलता के लिए एफिशिएंसी, भरोसे और किफायत की जरूरत है। हमारा मानना है कि सिस्टम डाउनटाइम का एक मिनट की कारोबार पर असर डालता है। एचपी लेजर एम300 सीरीज को कम मेंटेनेंस में तेज, हाई-क्वालिटी डुप्लेक्स प्रिंटिंग के लिए तैयार किया गया है, जिससे भारत के डायनामिक बिजनेस इकोसिस्टम में कंपनियों की प्रगति एवं दृढ़ता को समर्थन मिल सके।' प्रोडक्टिविटी एवं परफॉर्मेंस की नई उड़ान 30 पीपीएम (ए4) तक की तेज प्रिंट स्पीड और 15 आईपीएम तक की डुप्लेक्स प्रिंट स्पीड मात्र 8.5 सेकेंड में पहले पेज की प्रिंटिंग बेहतरीन वर्कफ्लो के लिए 256 एमबी मेमोरी एवं 60 मेगाहट्र्ज प्रोसेसर सभी मॉडल में प्रिंट ओनली या मल्टीफंक्शन (प्रिंट, स्कैन एवं कॉपी) का विकल्प हाई-वॉल्युम की जरूरत के लिए अतिरिक्त मल्टीपर्पज ट्रे के साथ 250 शीट तक की इनपुट कैपेसिटी भरपूर किफायत ऑटोमैटिक डुप्लेक्स प्रिंटिंग से कागज का प्रयोग एवं परिचालन लागत कम करने में मिलेगी मदद 1,500 से 3,000 पेज तक की प्रिंटिंग के साथ हाई-यील्ड एचपी 181ए और 181एक्स टोनर कार्ट्रिज, जिससे प्रति पेज लागत कम होती है।

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 4 का आगाज - 19 नवंबर से 13 दिसंबर, 2025 तक आयोजन की घोषणा

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) - एक ग्लोबल क्रिकेट प्रॉपर्टी ने एक बार फिर शानदार आयोजन का आगाज कर दिया है। खेल के इस महाकुंभ में कुछ सबसे बड़े दिग्गज आएंगे! फ्रेंचाइज़ी फ़ॉर्मेट में आयोजित सीज़न 4 का बेसब्री से इंतजार था और आगामी 19 नवंबर से 13 दिसंबर, 2025 तक पूरे भारत के 7 शहरों में इस आयोजन की घोषणा के साथ क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पिछला सीज़न बेहद सफल रहा। सीज़न 4 उससे भी अधिक दमदार, बड़ा और शानदार होने वाला है। पहले से कहीं अधिक मैच, अधिक स्टार खिलाड़ी और अधिक शहरों की भागीदारी होगी। खेल के दीवानों के लिए मैदान में एक्शन का रोमांच रहेगा। गर्मजोशी के माहौल में क्रिकेट के दिग्गजों के शानदार खेल प्रदर्शन की कल्पना मात्र से रोमांच बढ़ रहा है। ''हम बड़े हर्षोल्लास से लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 4 की घोषणा कर रहे हैं। इस साल हम नए कीर्तिमान करने वाले हैं - अधिक मैच, अधिक जगह आयोजन और दिग्गज खिलाड़ियों का बड़ा जमावड़ा होगा। यह क्रिकेट का कुंभ है और हम एक बार फिर भारत का नाम रौशन करने के लिए तैयार हैं,'' लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अध्यक्ष विवेक खुशलानी ने कहा। यह टूर्नामेंट कई शहरों में आयोजित किया जाएगा। जाहिर है, लीजेंड्स लीग क्रिकेट का रोमांच पूरे देश के प्रशंसकों को एकजुट करेगा।

# मैक्स अस्पताल, लखनऊ ने अपनी 24×7 इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर की एडवांस सुविधा को प्रमुखता से दर्शाया

**लखनऊ।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने अपनी 24×7 इमरजेंसी और ट्रॉमा सेवाओं को लगातार नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। तेज़ रिस्पॉन्स, सटीक इलाज और संवेदनशील अप्रोच के लिए पहचान बनाने वाला मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ, गंभीर और जीवनरक्षक इलाज के लिए शहर के सबसे भरोसेमंद चिकित्सा संस्थानों में गिना जाता है। मैक्स अस्पताल, लखनऊ का इमरजेंसी विभाग हर स्तर के ट्रॉमा मामलों को संभालने में सक्षम है - हल्की चोटों से लेकर गंभीर आपात स्थितियों तक (लेवल 1 से 5 तक)। यहां हर मरीज को उसकी स्थिति की गंभीरता के अनुसार तुरंत और उपयुक्त इलाज मिलता है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में इमरजेंसी मेडिसिन के इंचार्ज, डॉ. सौरभ कुमार सिंह बताते हैं, इमरजेंसी में देरी का




मतलब खतरा होता है, इसलिए हमने सबसे जटिल ट्रॉमा मामलों को संभालने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम तैयार की है। हमारे पास 9 बेड वाला एक डेडीकेटेड इमरजेंसी आईसीयू है, जिसे 'न्यूरो और हार्ट कमांड सेंटर' के तौर पर तैयार किया गया है। यहाँ दिल का दौरा, स्ट्रोक और बच्चों की इमरजेंसी जैसे संवेदनशील मामलों को तुरंत सँभालने की व्यवस्था है। इसके साथ ही बर्न केसेज़ और संक्रामक बीमारियों के लिए अलग आइसोलेशन रूम भी मौजूद हैं। हमारी टीम न सिर्फ़ तेज़ी से काम करती है, बल्कि हर मरीज़ को समझदारी और संवेदनशीलता से संभालती है।

इलाज के दौरान हर मिनट कीमती होता है। हमारा पूरा ध्यान उस वक्त सबसे बेहतर इलाज देने पर होता है जब मरीज़ को इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत होती है। डॉ. सिंह ने आगे कहा कि, ÷सिर्फ अस्पताल में ही नहीं बल्कि मैक्स की एम्बुलेंस सेवा भी आईसीयू स्तर की सुविधा से लैस है। मैक्स एम्बुलेंस में वेंटिलेटर, कार्डियक मॉनिटर, डिफिब्रिलेटर और जीपीएस ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं होती हैं। इलाज एम्बुलेंस में शुरू हो जाता है और अस्पताल तक आने में एक पल की भी देरी नहीं होती। इमरजेंसी रेस्पॉन्स और पेंशट केयर के लिए हमारे पास अत्याधुनिक तकनीक से लैस 5त्र एम्बुलेंस है, जो कि मुश्किल समय में मरीज की जीवनरक्षा में महत्वपूर्ण है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में कार्डियोलॉजी के चेयरमैन, डॉ. नकुल सिन्हा ने कहा कि, हार्ट अटैक जैसी इमरजेंसी में जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर एक-एक सेकंड का होता है।

हमारा हार्ट कमांड सेंटर इसी सोच के साथ बनाया गया है ताकि सबसे मुश्किल हालात में भी सही वक्त पर सही इलाज मिल सके। हमारे लिए सबसे ज़रूरी बात यही है कि ज़रूरत के समय मरीज़ को उच्चतम स्तर की देखभाल दी जाए।

अवधनामा



# जर्जर हालत में मथौली का कस्तूरबा विद्यालय

## हैंडओवर होते गिरने लगी थी कस्तूरबा विद्यालय की दीवारें, वर्षों से दबी थी भ्रष्टाचार की फाइलें

- डीएम ने लिया संज्ञान, अब पुनः जांच का दिए आदेश, बीएसए ने कार्यालय में दबा दी गई थी फाइलें
- सीडीओ के नेतृत्व में होगी जांच, पांच टीमें गठित




अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मोतीचक ब्लॉक के मथौली नगर पंचायत में बना कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के भवन में भ्रष्टाचार का ऐसा घुन लगा कि बनते ही जर्जर हो गया। आरोप है कि पूर्व में हुई जांच के बाद भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ तो बीएसए कार्यालय में इसकी फाइल दबा दी गई। निर्माण कराने वाली फर्म को नोटिस जारी कर जिम्मेदार अपना बचाव करते रहे और यहां के छात्रों को दूसरे स्कूलों में शिफ्ट कर दिया गया। संज्ञान में आने के बाद भवन निर्माण में हुए भ्रष्टाचार का दोबारा जांच कराने के लिए डीएम ने फाइल तलब कर ली है। सीडीओ के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम जांच के लिए गठित की गई है। निष्पक्ष तरीके से इसकी जांच हो जाए तो फर्म मालिक के साथ-साथ कई जिम्मेदारों की गर्दन फंस सकती है।

मोतीचक ब्लॉक में कस्तूरबा विद्यालय वर्ष 2008-2009 में 36 लाख रुपए की लागत से बनाया गया था। भवन दो अक्टूबर 2010 को बेसिक शिक्षा विभाग को हैंडओवर किया गया था। पांच साल बाद ही भवन का फर्श टूटने लगा। दीवारों के प्लास्टर गिरने और छत में कंपन होने लगा। इससे बच्चे डर गए और शिक्षक भी भवन के अंदर जाने से कतराने लगे। पूर्व विधायक रामानंद बौद्ध ने तत्कालीन डीएम से इसकी शिकायत की तो इसकी जांच टेक्निकल टीम की मदद से की गई। टीम ने विद्यालय भवन को जर्जर बताते हुए इस भवन में बच्चों को पढ़ाना खतरनाक बताया। आनन-फानन में इसे खाली कर मोतीचक बीआरसी परिसर स्थित विद्यालय भवन में शिफ्ट करा दिया गया। सूत्र बताते हैं कि उस दौरान हुए जांच में बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों के अलावा भवन का निर्माण कराने वाली फर्म दोषी मिली थी, लेकिन कार्रवाई के बजाए इस फाइल को बीएसए कार्यालय में दबा दिया गया। डीएम के निर्देश पर जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है, लेकिन टीम अभी जांच के लिए मौके पर नहीं पहुंची है। कुछ दिन बाद में वहां से बच्चों को कसया व रामकोला विद्यालय में शिफ्ट किया गया। इसके बाद बच्चों की संख्या बढ़ी तो मोतीचक ब्लॉक के गांव नरायनपुर के राजकीय जूनियर हाईस्कूल के भवन में शिफ्ट कर दिया गया।

इन दिनों बाद मथौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर में छात्राओं के रहने के लिए एक नया भवन का निर्माण कराया गया है। इसमें बालिकाएं रहती हैं। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि जांच टीम बनाई गई है। रिपोर्ट आने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

# 18 केंद्रों पर 27 जुलाई को होगी आरओ-एआरओ की परीक्षा

**कुशीनगर।** जिले के 18 केंद्रों पर 27 जुलाई को समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए सभी केंद्रों पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। 8208 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि परीक्षा के लिए 8208 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। 8:45 पर सभी परीक्षा केंद्रों के गेट बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर उप प्रधानाचार्य व परीक्षा कार्य में अनुभवी शिक्षक को सह केंद्र व्यवस्थापक और स्वयं के विद्यालय के 50 फीसदी शिक्षक परीक्षा केंद्रों पर तैनात किए जाएंगे। वहीं 50 फीसदी बाहरी शिक्षक बाहर के विद्यालयों के तैनात किए जाएंगे।

# सील समिति का डीएम के आदेश से तहसीलदार ने खुलवाया ताला

अवधनामा संवाददाता




**बोदरवार, कुशीनगर।** बोदरवार बाजार में संचालित सील साधन सहकारी समिति को डीएम कुशीनगर के आदेश पर तहसीलदार कप्तानगंज ने ताला खोलवा कर बगल की समिति घोडादेउर के सचिव शेषमणि सिंह को चार्ज सौपकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम के सदस्यों में उपजिलाधिकारी कप्तानगंज जिला प्रबंधक पीसीएफ, एडीसीओ, एआर कोआपरेटिव है।

बता दें कि उक्त समिति से 655.61 कुंतल गेहूं गायब का संज्ञान लेते हुए एडीएम कुशीनगर के आदेश पर जिला प्रबंधक पीसीएफ, एडीसीओ, एआर कोआपरेटिव, नायब तहसीलदार एकता त्रिपाठी की मौजूदगी में बोदरवार समिति के पांच कमरों को सील कर दिया गया था। गुरुवार को जिलाधिकारी के आदेश पर तहसीलदार कप्तानगंज चंदन कुमार, एआर कोआपरेटिव नीरज कुमार गोड, एडीसीओ राधेश्याम सिंह, जिला प्रबंधक पीसीएफ सौरभ कुमार, एडीओ प्रदीप त्रिपाठी मौके पर पहुंच कर सभी कमरों का सील तोडकर कमरे के अंदर का जायजा लिया, कमरों अंदर दो तीन बोरी फटे खाद के बोरो के अलावा मेज, कुर्सी, बेंच और कागज पत्तल के अलावा कुछ नहीं मिला। इन सभी का एक लिस्ट बनाकर टीम ने बगल की समिति घोडादेउर के सचिव शेष मणि सिंह को चार्ज सौप दिया ताकि समय रहते किसानो की समस्याओं का निदान हो सके और उन्हें खाद आदि के लिए अनयंत्र भटकना न पड़े। एक प्रश्न के जवाब में एआर कोआपरेटिव नीरज कुमार गोड ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के आदेश से सील समिति का ताला गठित टीम की देखरेख में खोला गया है, कागज तैयार किया जा रहा है, नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र यादव ने सील समिति का ताला खोले जाने पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानो के हित मे यह कदम अच्छा है, जल्दी से जल्दी समिति पर वितरण हेतू यूरिया सुलभ हो जाय।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मृतक के परिवार की आर्थिक मदद की



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना विधानसभा व जटहां बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत माघी कोठिलवा टोला मुर्गहवा निवासी रहे शैलेन्द्र चौहान की बीते दिनों बीमारी से अचानक मौत हो गई। परिवार के कमाऊ व्यक्ति की मौत से परिवार पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा। सपा नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख विक्रमा यादव की पहल पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को 50 हजार की आर्थिक मदद की।

सपा नेता विक्रमा यादव ने राजधानी पहुंचकर अध्यक्ष अखिलेश यादव को परिवार की आर्थिक तंगी के बारे में बताया। पूर्व मुख्यमंत्री ने दरियादिली दिखाते हुए तुरंत 50 हजार का चेक काटकर दिया और साथ में यह भी कहा कि सभी समाजवादी लोग पीड़ित परिवार में पहुंचकर ढांढस बढ़ाएं। उनके निर्देश पर जिलाध्यक्ष राम अवध यादव की अगुवाई में विक्रमा यादव, राजेन्द्र यादव मुन्ना, विजेंद्र पाल यादव बब्लू व विधानसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने मृतक के ब्रम्हभोज में पहुंचकर परिवारीजनों को 50 हजार का चेक सौंपा और हरदम मदद करने का आश्वासन दिया।

# सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**अमेठी/तिलोई।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के रायबरेली-अयोध्या राजमार्ग पर अलाईपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। सड़क दुघर्टना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेजा है।

फतेहपुर जिले में थाना मलवा के अस्ता दमापुर गांव निवासी आकाश दीप रैदास (23) और सर्वेश कनौजिया (25) बाइक से कहीं जा रहे थे।

थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । कार को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजन को सूचना दे दी गई है।

# उचित दर दुकानों के माहवार भौतिक सत्यापन हेतु नामित किए गए अधिकारी

- भौतिक सत्यापन हेतु अधिकारियों को दिए गए बिंदुआर निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि शासन के निर्देश पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन समयबद्ध रूप से गंभीरता से सम्पादित कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त के अनुपालन समस्त सम्बन्धित को विस्तृत निर्देश दिए गये हैं। शासनादेश में निहित प्रक्रिया के क्रम में जनपद के समस्त उचित दर दुकानों पर माहवार खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारियों तथा पारदर्शी वितरण हेतु पर्यवेक्षण अधिकारियों को नामित कर वितरण कराया जा रहा है, के क्रम में प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त सम्बन्धित को पुनः बिंदुआर निर्देशित किया है।

भारतीय खाद्य निगम पर नियुक्त प्रेषण प्रभारी द्वारा प्रेषित खाद्यान्न की रीयल टाईम ऑनलाईन फीडिंग कराई जायेगी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि किस दुकान का खाद्यान्न, किस समय व किस वाहन से पहुंचेगा। दुकान पर खाद्यान्न के पहुंचने की सूचना पूर्ति निरीक्षक द्वारा उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित चुने हुए सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों एवं नोडल तथा पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को व्हाट्सएप/एसएमएस के माध्यम से समय से दी जायेगी। उचित दर विक्रेता को परिवहन/हैंडलिंग ठेकेदार द्वारा प्राप्त कराई गई खाद्यान्न की सम्पूर्ण मात्रा एवं उपयुक्त गुणवत्ता की पुष्टि का मिलान संबंधित पूर्ति निरीक्षक व विपणन निरीक्षक द्वारा खाद्यान्न डिलेवरी के स्थान पर ही किया जायेगा। संबंधित पूर्ति निरीक्षकों का दायित्व है कि उचित दर विक्रेताओं से खाद्यान्न वस्तुओं की रिसीविंग नियमानुसार ई-पॉस ऐप के माध्यम से नियत समय सीमा अन्तर्गत सुनिश्चित कराए।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा उक्त का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। प्रत्येक उचित दर दुकान पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन हेतु माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर, 2025 तक के लिए नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया गया है कि उनके द्वारा आवंटित दुकान पर प्राप्त खाद्यान्न की मात्रा व गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन कर सत्यापन रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को प्रस्तुत की जायेगी। उप जिलाधिकारियों द्वारा उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न का सत्यापन नोडल अधिकारी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण होने से पूर्व सुनिश्चित कराया जायेगा।

# घायल राष्ट्रीय पक्षी मोर का प्रधान ने कराया इलाज, विभाग को सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**बोदरवार, कुशीनगर।** गुरुवार को थानाक्षेत्र कप्तानगंज के बोदरवार बाजार स्थित बगहावीर बाबा स्थान के पास मुख्य मार्ग किनारे एक मोर घायल अवस्था में पड़ा था। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया ने घायल मोर का प्राथमिक उपचार कराया और वन विभाग को सौप दिया।

कप्तानगंज गोरखपुर मुख्य मार्ग पर बोदरवार बाजार के दक्षिण मवन नाले के समीप बगहावीर बाबा का प्रसिद्ध स्थान है। किसी ने आज दोपहर 1:00 बजे के करीब किसी राहगीर ने सड़क किनारे तड़पते हालत में एक मोर को देखा और आसपास खेत में काम कर रहे स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया को फोन से सूचना दी।ग्राम प्रधान अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान ने मोर को सुरक्षित वहा से उठाकर एक निजी चिकित्सालय में पहुंचे जहां के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ, विप्लव विश्वास ने मोर का प्राथमिक उपचार किया। प्रधान ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों को इसकी तुरन्त सूचना दी। मय वन कर्मियों के साथ पहुंचे हाटा क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव ने मोर को कब्जे में लेकर अहिरौली थाना क्षेत्र के बगरादेउर वन विभाग के नर्सरी पर वन कर्मियों को सुपुर्द कर दिया। रेंजर श्रीवास्तव ने बताया प्रथम दृष्टया लगता है मोर को किसी छुट्टा पशु ने हमला कर घायल कर दिया होगा।

# वृक्ष धरती के श्रृंगार, प्रकृति की सुरक्षा को वर्षा जल संचयन और पौधरोपण दोनों जरूरी



- परिषदीय विद्यालयों में वृहद पौधारोपण अभियान में उत्साह से शामिल हुए बच्चे

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** वृहद पौधारोपण अभियान में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। बारिश के बावजूद बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण हुआ है।

कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में प्रधानाध्यापक शिव सिंह के साथ शिक्षकों और बच्चों ने पौधरोपण किया। पौधरोपण के बाद सहायक अध्यापक संजीव कुमार,देवांशु सिंह और अवनीश वर्मा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के महत्व की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक शिव सिंह ने कहा कि वृक्ष धरती के श्रृंगार हैं। धरती पर हरियाली बढ़ने से ही पर्यावरण के संकट दूर हो सकते हैं। सहायक अध्यापक संजीव कुमार ने कहा कि प्रकृति की सुरक्षा और धरती को सदा नीरा बनाए रखने के लिए वर्षा जल का संचयन और पौधरोपण दोनों जरूरी है। संकुल शिक्षक देवांशु सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृहद पौधारोपण अभियान का उद्देश्य हर व्यक्ति को पौधरोपण और पौधों की सुरक्षा से जोड़ना है। उन्होंने बच्चों को लगाए गये पेड़ों की सुरक्षा स्वयं करने के लिए प्रेरित किया। सहायक अध्यापक विजय कुमार ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटान से देश के कई बड़े शहरों में स्वच्छ प्राण वायु का संकट पैदा हो गया है। आक्सीजन प्राण वायु है। जीवन के लिए आक्सीजन और पानी दोनों जरूरी है। पेड़ हमें बहुत सारी चीजें प्रदान करते हैं। शिक्षामित्र शिवकरन ने औषधीय वृक्ष नीम और तुलसी से होने वाले लाभ की जानकारी दी। सहायक अध्यापिका संध्या गुप्ता,स अ गणेश प्रसाद शर्मा, यूको क्लब इंचार्ज अवनीश वर्मा, लालती देवी, अनुदेशक कौशलेंद्र सिंह के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्री रेखा,आभा सिंह और सहायिका किरन देवी ने भी बच्चों के साथ पौधरोपण किया।

राजकीय बालिका इंटर कालेज अमेठी,शिव प्रताप इंटर कालेज, अग्रसेन महिला महाविद्यालय,आर आर पी जी कालेज, रणबीर इंटर कालेज, अमेठी पब्लिक स्कूल, रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय, कम्पोजिट विद्यालय अमेठी,कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया, राजकीय इंटर कालेज टीकरमाफी, पी एम श्री विद्यालय सवनगी, उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर, इस्माइलपुर, सरायखेमा ,हारीपुर आदि विद्यालयों में छात्र छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया।

# भारतीय संस्कृति की आत्मा है गुरु-शिष्य परम्परा : पवन मिश्र



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर देवरिया नगर स्थित श्री रामजानकी मंदिर के पुजारी जयप्रकाश महाराज जी को किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने अंगवस्त्र और बजरंगबली का चित्र भेंट कर उनका पूजन किया।

इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने पुजारी जी का तिलक लगाकर पूजन करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा को हर व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण पर्व है, हमारे धर्मग्रन्थो में गुरु में गु का अर्थ अंधकार या अज्ञान और रू का अर्थ प्रकाश है, इसलिए अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरु कहा जाता है।

उन्होंने कहा कि गुरु का महत्व का हर व्यक्ति के जीवन मे होता है। गुरु-शिष्य परम्परा भारतीय संस्कृति की आत्मा है।

इस अवसर पर मुख्य रुप से अम्बिकेश पाण्डेय, कुँवर राय, विजेंद्र चौहान, अंकुर राय, सुमन्त चतूर्वेदी,अनिल प्रसाद, सन्नी चतूर्वेदी उपस्थित रहे।

# व्यक्ति को सत्य और असत्य का बोध कराते हैं गुरु : अजय कुमार दुबे

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा भाटपार रानी मंडल के कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे के नेतृत्व में भाटपार रानी उपनगर स्थित दुर्गा मंदिर एवं हनुमान मंदिर के पुजारी को अंग वस्त्र देकर के सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय कुमार दुबे ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही गुरुओं की भूमिका काफी अहम रही है। चाहे प्राचीन कालीन सभ्यता हो या आधुनिक दौर, समाज के निर्माण में गुरुओं की भूमिका को अहम माना गया है। उनकी इस भूमिका का सरल और गुढ़ रूप में संत कबीर दास ने अपने दोहे के माध्यम से भी दर्शाया है।

गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पांय।

बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताएं।।

उन्होंने कहा कि जब तक गुरु की कृपा प्राप्त नहीं होती है, तब तक कोई भी मनुष्य अज्ञान रूपी अंधकार में भटकता हुआ माया मोह के बंधनों में बना रहता है। उसे मोक्ष नहीं मिलता। गुरु के बिना उसे सत्य और असत्य के भेद का पता नहीं चलता, उचित और अनुचित का ज्ञान नहीं होता। गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का त्यौहार है। भाजपा नेता सुरेश तिवारी ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गुरु पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास का जन्म दिवस माना जाता है। वेदव्यास ने महाभारत, 18 पुराण, श्रीमद् भागवत महापुराण,ब्रह्म सूत्र जैसे महान ग्रंथ की रचना की थी और चारों वेदों का संकलन भी किया था। इसलिए गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडेय, सुरेश तिवारी, आनंद पीयूष उपाध्याय,चंद्र किशोर द्विवेदी, राजेंद्र जायसवाल ,जगनारायण शर्मा, विजय बरनवाल, सुभंजय सिंह,जितेंद्र जायसवाल उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्या को लेकर युवक कांग्रेस ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी/गौरीगंज।** किसानों की समस्यायों और धान की रोपाई के समय अघोषित बिजली कटौती को लेकर गुरुवार को जिला युवक कांग्रेस ने राज्यपाल को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया।

जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने कहा कि, ÷किसानों की समस्याओं का समाधान करना मेरा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि जन्मसिद्ध अधिकार है। किसान अन्नदाता हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था और जीवन प्रणाली का आधार हैं। अगर उन्हें रोपाई के समय बिजली, पानी और खाद जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलेंगी, तो यह शासन की गंभीर विफलता है।

ज्ञापन में मुख्य रूप से नहरों में पानी की आपूर्ति न होना, लगातार बिजली कटौती, और खाद की भारी किल्लत जैसे मुद्दों को उठाया गया। बताया गया कि किसान घंटों लाइन में लगते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें खाद नहीं मिलती। बिजली न होने के कारण सिंचाई कार्य बाधित हो रहा है, जिससे फसलों को नुकसान पहुंच रहा है।

यूथ कांग्रेस ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने शीघ्र इन समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो संगठन सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगा।

इस मौके पर दुर्गेश प्रताप सिंह, मोहम्मद अमान, मोहम्मद रेहान खान, विधानसभा अध्यक्ष लोहा सिंह, जीशान आलम, शिवांशु राणा, राहुल मिश्रा, रवि मौर्य, अंशु तिवारी, करन सिंह, शुभम तिवारी, रोहित दुबे, दीपक सिंह, कुलदीप मौर्य, नीरज मौर्य, सूरज यादव, अमन राजपूत, दिवस प्रताप सिंह, अजय गांधी, अभय शुक्ला, आतिफ जायस, वैभव शरण सिंह आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ के लिए बस शुरू, यात्रियों का हुआ स्वागत, लोगों में खुशी

- लखनऊ से हाटा, मथौली, रगड़गंज होते हुए पडरौना को जाएगी बस

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** लखनऊ से हाटा व मथौली रगड़गंज मार्ग होते हुए पडरौना तक जाने वाली बस का संचालन गुरुवार को शुरू हो गया। इस मार्ग पर बस सेवा प्रारंभ होने से गांव के लोगों को लखनऊ की यात्रा करने में काफी आसानी होगी। इस बस के संचालन की जानकारी होने पर पर लोगों ने खुशी जताई है।

लखनऊ के लिए सीधी बस पकड़ने के लिए लोगों को घंटो समय बर्बाद करने के साथ अधिक किराया देना पड़ता था। किसी कार्य या इलाज कराने के लिए प्रदेश की राजधानी के लिए लोगों को कसया, पडरौना या गोरखपुर जाकर बस पकड़नी पड़ती थी। इस क्षेत्र के लोग लखनऊ तक सीधी बस सेवा संचालन की काफी समय से मांग कर रहे थे। अकटहां मिश्र गांव के निवासी व समाजसेवी नंदलाल मिश्रा ने परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से मिलकर बस सेवा प्रारंभ करने की मांग की थी। यात्रियों को लेकर जब बस नं यूपी 78 केटी 7556 मथौली होते हुए अकटहां पहुंची तो समाजसेवी नंदलाल मिश्रा ने एआरएम जयप्रकाश, चालक अविनाश शर्मा, परिचालक आदित्य कुमार दुबे व अन्य यात्रियों का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मंगलेश मिश्रा, राकेश मिश्रा, लकी मिश्रा, संदीप वर्मा, श्यामसुंदर यादव, रणधीर यादव, ज्ञानचंद सहित अन्य लोगों ने खुशी जताते हुए परिवार मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

# शहर कांग्रेस संगठ सृजन अभियान के तहत बैठक

**देवरिया।** शहर कांग्रेस कमेटी के अगुआई में शिंधी मिल वार्ड 13 में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि कोर्डिनेटर प्रदेश महासचिव अवधेश सिंह ने कहा कि देश की जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है। हम सभी को जनता के हर सुख दुःख में समीलित होकर जनता से जुड़े आने वाला आगामी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। आप सभी अभी से पूरी तैयारी में जुट जाएं।

शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्सेद ने कहा की शहर की सभी वार्डो में कांग्रेस मजबूती के साथ जनता के समस्याओं के साथ संघर्ष करेंगी और जनता के हर लड़ाई में कांग्रेस खड़ी है। इस दौरान सुहैल अंसारी, पवन किशोर मिश्र, अभय प्रताप शुक्ल, अभिनव तिवारी, आयुष गुप्ता, संजय गुप्ता, जवाहर लाल बर्नवाल, सहनवाज जफर, मेघनाथ मदेशिया, आरिफ खान, मनीष चतुर्वेदी, अमित कुमार मिश्र, विशाल पाठक, दिलीप शर्मा, अशीष शुक्ल, ऋषिकेश बर्नवाल, प्रदीप गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुरैनी कुटी पर वृक्षारोपण, भजन एवं कीर्तन के साथ हुआ भंडारा



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक ग्राम पंचायत पुरानी स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में गुरुवार को वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसके उपलक्ष्य में भजन एवं कीर्तन के साथ भंडारे संपन्न हुआ।

वृक्षारोपण के मुख्य अतिथि रहे पूर्व विधायक रामकोला मदन गोविंद राव ने कहा कि पर्यारवण को हरा भरा रखने के लिए सरकार कटिबद्ध है। इसी को देखते हुए 9 जुलाई को वृक्षारोपण महा अभियान की शुरुआत हुई, जिसमें हर व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम लगाया। श्री राव ने कहा कि जितनी आवश्यकता वृक्ष लगाने कि है उससे ज्यादा कहीं संरक्षण भी इसका जरूरी है। वृक्ष है तभी मानव जीवन हैं, अन्यथा कल्पना नहीं की जा सकती है। मंडल अध्यक्ष टेकुआटार राजेश राव ने कहा कि पेड़ पौधे हमें जीवन देते हैं, इस लिए हम सभी लोग बढ़ चढकर हिस्सा लें। इसके पूर्व मंदिर परिसर में भजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। प्रधान प्रतिनिधि छोटेलाल कुशवाहा, भाजपा नेता पारस नाथ कुशवाहा, रामलौट दास, कुलदीप सिंह, प्रमोद केजरीवाल, संतोष सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद बहराइच, बलरामपुर व श्रावस्ती के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सभापति डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि सरकार, शासन, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का यही उद्देश्य है कि सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े ज़रूरतमन्दों तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन की समस्याओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाय ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से भागदौड़ न करनी पड़े। सभापति डॉ. त्रिपाठी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि जनप्रतिनिधियों को मानक प्रोटोकाल के अनुसार सम्मान दिया जाय। यदि किसी जनप्रतिनिधि या आमजन का फोन आता है तो उसको अवश्य रिसीव किया जाय। उन्होंने कहा कि यदि किसी अपरिहार्य कारणों से आप द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया है तो समय मिलते ही कालबैक कर सम्बन्धित की बात अवश्य सुने। बैठक के दौरान पशुपालन, समाज कल्याण, संस्थागत वित्त, पंचायती राज, गन्ना विकास, सहकारिता, सूक्ष्म व लघु उद्योग, पर्यावरण, धर्मार्थ कार्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, गृह, नगर विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, राजस्व, न्याय, उच्च, माध्यमिक व बेसिक शिक्षा इत्यादि विभागों से सम्बन्धित बिन्दुओं पर चर्चा की गई। पशुपालन विभाग पर चर्चा के दौरान समिति ने सड़कों पर निराश्रित घूमने वाले गोवंशों को अभियान चलाकर गौआश्रय स्थलों में संरक्षित कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित जिलाधिकारियों को दिये गये। समिति ने यह भी सुझाव दिया कि लेखपाल व सचिवों के माध्यम से छुट्टा जानवर छोड़ने वाले पशु स्वामियों के विरूद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की जाय। गन्ना कृषकों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान पर चर्चा के दौरान जिला गन्नाधिकारी ने बताया कि जनपद की 03 चीनी मिलों द्वारा शत-प्रतिशत भुगतान की कार्यवाही की गई है। जबकि 01 चीनी मिल के भुगतान से सम्बन्धित वाद न्यायालय में विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रभावी पैरवी कर वाद का निस्तारण कराते हुए कृषकों को अवशेष गन्ना मूल्य का भुगतान कराया जाय।

# हज 2026 हेतु आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि हज-2026 हेतु आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित है। आवेदन के समबन्ध में उ.प्र. राज्य हज समिति द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए श्री खालिद ने बताया कि पासपोर्ट मशीन पठित होना चाहिए हस्तलिखित मान्य नही होगा। आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई या उससे पूर्व का जारी किया हुआ पासपोर्ट जिसकी वैधता 31 दिसम्बर 2026 तक होना अनिवार्य है। खालिद ने बताया कि हज-2026 हेतु सामान्य 40 दिवस की यात्रा के अतिरिक्त छोटी 20 दिवसीय हज यात्रा हेतु आवेदन करने का विकल्प भी रखा गया है जिसमें कम सीटे उपलब्ध है एवं व्यय अधिक होने की सम्भावना है, तथा ऐसा विकल्प चयनित करने वालों के लिए मात्र 07 उड़ान स्थल अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोच्चि, दिल्ली, हैदराबाद व मुम्बई निर्धारित हैं। सामान्य यात्रा हेतु निर्धारित शर्तें हज 2025 की भाति ही रहेंगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक हज यात्रियों को ऑनलाइन आवेदन करते समय पासपोर्ट साइज फोटो, पासपोर्ट का प्रथम व अन्तिम पृष्ठ, ऐड्रेस प्रूफ, बैंक खाते का विवरण जिसमे निरस्त चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति भी आवदेनकर्ता को अपलोड करनी होगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने इच्छुक हज यात्रियों को सुझाव दिया है कि फार्म भरने से पूर्व हज कमेटी ऑफ इण्डिया तथा उ.प्र. राज्य हज समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा निर्देशों का अवलोकन अवश्य कर लें। उन्होंने बताया कि हज-2026 हेतु अधिकतम 05 लोग एक साथ आवेदन कर सकते है परन्तु सभी आवेदनकर्ता का एक ही श्रेणी का होना एवं स्वयं का मोबाइल नम्बर अंकित करना आवश्यक होगा। बिना महरम की श्रेणी अन्तर्गत 65 वर्ष व 65 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएं आवेदन कर सकती हैं।

## मंदिर की बेशकीमती संपत्ति को अवैध तरीके से विक्रय करने का मामला

**सुल्तानपुर।** नगर क्षेत्र के अंतर्गत म.न. 512 लखनऊ नाका पर सैकड़ों वर्षो से स्थित उदासीन संगत आश्रम मंदिर की बेशकीमती संपति जिसकी कीमत लगभग 20 से 25 करोड़ है और जिसमें दशकों से किरायेदार निवास कर रहे है।उसी को समाजवादी पार्टी सुल्तानपुर के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि उर्फ राजू चौधरी पुत्र स्व. सूर्यप्रकाश निवासी म.न. 521 पुरानी हनुमान गढ़ी लखनऊ नाका थाना कोतवाली नगर सुल्तानपुर और उनके परिवारजनों आदि द्वारा फर्जी तरीके से स्वामी बनकर उक्त संपत्ति को बेचा जा रहा है।

उक्त संपत्ति में से एक फर्जी बैनामा जिसमें दुकान और मकान शामिल है, भूमाफिया संतोष कुमार सुत स्व. गुलाबचंद्र निवासी म.न. 520 लखनऊ नाका थाना कोतवाली नगर जनपद सुल्तानपुर एवं लोकनाथ पुत्र स्व. बृजकुमार निवासी 944/10 अ वैष्णव नगर गभड़िया थाना कोतवाली नगर जनपद सुल्तानपुर द्वारा खालसा लाउडस्पीकर सेंटर के स्वामी सरदार जगदीप सिंह पुत्र स्व. सुरजीत सिंह निवासी म.न. 20 खैराबाद थाना कोतवाली नगर जनपद सुल्तानपुर को किया गया है।

## स्कूली वाहनों पर परिवहन विभाग का शिकंजा, दो वाहन सीज, चार का चालान



**बांदा, अवधनामा संवाददाता।** जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। इसी क्रम में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत परिवहन प्रवर्तन अधिकारी (पीटीओ) राम सुमेर यादव के नेतृत्व में तिंदवारी क्षेत्र में अभियान चलाया गया। जांच के दौरान मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर दो स्कूली वाहनों को सीज कर तिंदवारी थाने में निरुद्ध किया गया, वहीं चार वाहनों का चालान किया गया। इससे पहले 07 जुलाई 2025 को अतर्रा क्षेत्र में भी दो स्कूली बसों को मानकों के अनुरूप न होने पर चालान किया गया था। पीटीओ राम सुमेर यादव ने स्पष्ट किया कि स्कूली बच्चों के वाहनों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों और विद्यालय प्रबंधन से अपील की कि वे केवल उन्हीं वाहनों का उपयोग करें जो फिटनेस, परमिट, चालक की योग्यता, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र जैसे सभी आवश्यक मानकों को पूरा करते हों। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, जो वाहन मानक के अनुरूप नहीं होंगे, उनके विरुद्ध चालान, सीज करने और जुर्माना जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए सभी वाहन मालिक यह सुनिश्चित करें कि उनके वाहन पूरी तरह से फिट और नियमों के अनुसार हों।÷ परिवहन विभाग का यह अभियान जनपद में आगे भी जारी रहेगा।

## किसान का लाखों रुपए डकार गया गल्ला व्यापारी

**धम्मौर, सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र के सोन बरसा, रामा पुर निवासी नंदलाल दुबे पुत्र बाबूराम दुबे ने थाना क्षेत्र के ग्राम भाई निवासी गल्ला व्यवसाई भगेलू राम पुत्र श्रीराम पर लाखों का गल्ला लेकर पैसा न देने का आरोप लगाया है।मामले की शिकायत उक्त किसान नंदलाल दुबे ने पुलिस अधीक्षक से करके उसके मेहनत की कमाई के पैसे गल्ला व्यापारी से दिलवाने की गुहार लगाई है।पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में थाना धम्मौर क्षेत्र के गांव सोन बरसा, रामापुर निवासी नंदलाल दुबे पुत्र बाबूराम दुबे ने बताया है कि वह उसके खेत में पैदा होने वाली फसल गेहूं, धान,मसूर,सरसों थाना क्षेत्र के ही भाई निवासी भगेलू राम को दिया था।लगातार तीन साल उसकी उपज लेने के बाद उसका मूल्य कुल लगभग 4 लाख,90 हजार में से एक लाख तीस हजार रुपए तो दे दिया,बाकी के 3 लाख 60 हजार रुपए देने से मना कर रहा है। पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत थाना धम्मौर पर की।थानाध्यक्ष धम्मौर के सामने गला व्यापारी ने बाकी पैसे धीरे धीरे वापस करने की बात कही। पीड़ित किसान ने बताया कि अब उक्त गल्ला व्यापारी उसके बकाए रुपए 3 लाख 60 हजार रुपए वापस नहीं कर रहा है। उसने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय लिए जाने की गुहार लगाई है।

## दो दिवसीय निःशुल्क रोज़गार मेला 13-14 जुलाई को

**फिरोजाबाद, अवधनामा संवाददाता।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षित युवाओं को सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगार युवाओं एव राजकीय-निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित युवाओं को सेवायोजित कराये जाने के उद्देश्य से संयुक्त तत्वाधान में 13.07.2025 एंव 14.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे, स्थान- एम0जी0 गर्ल्स कॉलेज, स्टेशन रोड, जनपद फिरोजाबाद में दो दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लगभग 1000 अभ्यर्थियों तथा 50 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किये जाने की सम्भावना है तथा 15.07.2025 को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर स्थान विकास भवन, सभागार फिरोजाबाद में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों-कर्मचारियों-प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा अपने अपने कार्यो-दायित्वों का निर्वहन नियमतः कराना सुनिश्चित करें।

## राजनैतिक व सरकारी कार्यालय में लगाए गए एक पेड़ मां के नाम पौधे



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** राजनैतिक व सरकारी कार्यालयों में एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत भाजपा के पदाधिकारियों व सरकारी कर्मचारियों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। तहसील प्रांगण में भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। अभियान में भाजपा के पदाधिकारियों ने जगह-जगह पौधे लगाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पेड़ पृथ्वी का हार हैं। पेड़ों को लगाने के बाद उनको अपने बच्चों की तरह देखरेख करें। नवनियुक्त एसडीएम रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्ष एक तरह से इंसान की नब्ज है। पौधे ही जलवायु परिवर्तन में अपनी अहम भूमिक निभाते हैं। बीडीओ प्रभात रंजन ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के फैंफड़े के समान है। पौधे पृथ्वी की सुदंरता बढ़ाते हैं। सीएचसी अधीक्षक सोनू चतुर्वेदी ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। पर्यावरण की रक्षा करने में लापरवाही बरतने का अर्थ अपना विनाश करने है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख सतीश धनगर, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, शिवशंकर शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा, योगेंद्र उपाध्याय, पूरन सिंह निषाद, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय आजीविका मिषन का गठन

**फिरोजाबाद।** स्वतंत्रता के बाद महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा किया गया सबसे उल्लेखनीय कार्य राष्ट्रीय आजीविका मिशन का गठन है, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी है, बल्कि उनके अंदर की प्रतिभा और हुनर को भी नया आयाम मिला है, स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर महिलाओं का सामाजिक दायरा बढ़ा है, साथ ही साथ आपसी समन्वय और सहभागिता भी बढ़ी है, स्वयं सहायता समूह ने महिलाओं को वह आत्मबल प्रदान किया है, जिसके माध्यम से महिलाओं ने सदियों से व्याप्त बंदिशों और रूढ़ियों को खंडित करने का कार्य किया है। इस समूह से जुड़ने के पश्चात् महिलाएं आज अपने परिवार के लिए एक मजबूत आधार बन गई है, अगर हम जनपद फिरोजाबाद की बात करें तो जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के नेतृत्व में जिले में अब तक 7850 समूहों का गठन किया जा चुका है।

## धूमधाम से निकलेगी आदि योगी कांवड़ रथ यात्रा, लोगों से स्वागत की अपील

**शिकोहाबाद।** श्रावण मास के पहले सप्ताह में आदि योगी कांवड़ रथ यात्रा धूमधाम से निकाली जायेगी। रथयात्रा 16 जुलाई बुधवार को दोपहर 12 बजे नगर में प्रवेश करेगी। दोपहर एक बजे चौमुखी महादेव मंदिर पर पहुंचेगी और जलाभिषेक होगा। इसके बाद रथयात्रा दोपहर तीन बजे टुइयां वाले मंदिर पर पहुंचेगी और वहां भी जलाभिषेक किया जायेगा। नगर के नौजवानों ने इस बार श्रावण मास के पहले सप्ताह में ही आदि योगी कांवड़ रथयात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया है। इसमें लगभग 16 युवक शामिल हैं। यह सभी युवक लहरा घाट से गंगा जल लेकर मंगलवार सुबह चार बजे रथयात्रा प्रारंभ करेंगे। पूरे दिन और रात चलते हुए रथयात्रा 16 जुलाई बुधवार को दोपहर 12 बजे नगर में प्रवेश करेगी। नगर प्रवेश पर रथयात्रा का भव्य स्वागत किया जायेगा। एटा चौराहा से चौमुखी महादेव मंदिर तक पुष्प वर्षा के बीच रथयात्रा मंदिर पहुंचेगी। यहां पर जलाभिषेक किया जायेगा। इसके बाद रथयात्रा नगर भ्रमण करते हुए दोपहर तीन बजे मेलावाला बाग स्थित टुइयां वाले मंदिर पर पहुंचेगी और जलाभिषेक के बाद विश्राम होगा। समिति के पदाधिकारियों ने नगर की सभी भक्तों से रथयात्रा में शामिल होने और स्वागत करने की अपील की है। वार्ता के दौरान राजेश यादव, कुनाल गुप्ता, सुगंध बंसल, वरुण उपाध्याय, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, वरुण गुप्ता, सक्षम गुप्ता, प्रशांत, सार्थक उपाध्याय, मोहित कुमार, गौरव, गोलू, ऊं ठाकुर, बिक्की, गौरव ठाकुर, अर्पित जैन, सिद्धू, छोटू और हिमांशू गुप्ता , कृष्णा गुप्ता, कुलदीप राठौड़ आदि शामिल रहें।

# सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने समितियों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर समस्त सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा फील्ड में समितियों पर जाकर निरीक्षण किया गया जिसमें सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा पुवायों तहसील के विकास खण्ड-खुटार एवं सिंधौली के बी.-पैक्स समिति रौतापुर कलां, बी.-पैक्स लि. दिउरिया गुटैया (गंगसरा), बी.-पैक्स लि. रामपुर ताहरपुर पर उर्वरक वितरण का निरीक्षण किया गया तथा स्थानीय कृषकों से बात की गयी। अपर जिला सहकारी अधिकारी तहसील-तिलहर के द्वारा तिलहर तहसील के बी.-पैक्स वतलैया रूजवारी, सुरजूपुर समितियों का भ्रमण किया गया। अपर जिला सहकारी अधिकारी तहसील-कलान के द्वारा बी.-पैक्स मौजमपुर, ददरौल एवं खिरियाहीर समितियों का भ्रमण किया गया। सहायक विकास अधिकारी (सह.), विकास खण्ड-निगोही के द्वारा बी.-पैक्स निगोही, बिछौली एवं बनासदेवी समितियों का भ्रमण किया गया। अपर जिला सहकारी अधिकारी तहसील सदर के द्वारा तहसील सदर के बी.-पैक्स जमुनिया दौलतपुर, कुर्रियाकलां समितियों का भ्रमण / निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार सभी सहायक विकास अधिकारी (सह.) एवं अपर जिला सहकारी अधिकारी अपने क्षेत्र में समितियों भ्रमण कर उर्वरक का वितरण कराया गया तथा कृषको से वार्ता की गयी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता से किसानों से वार्ता कर बताया गया कि खाद लगातार मिल रही है तथा किसी भी प्रकार की ओवरेटिंग नही है। आज विभिन्न विकास खण्डों के 28 समितियों पर सीधे रैक प्वाइण्ट से 530 एम.टी. डी.ए.पी. भेजी गयी है तथा आगे लगातार डी.ए.पी./ फास्फेटिक का प्रेषण किया जायेगा। जनपद में यूरिया सभी समितियों पर उपलब्ध है तथा लगातार उसका वितरण कराया जा रहा है।

# आकांक्षी विकास खंडों की प्रगति पर हुई समीक्षा बैठक

■ डीएम जे. रीभा ने दिए जरूरी निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बांद।** जिले के आकांक्षात्मक विकास खंडों में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित क्षेत्रों में संचालित योजनाओं को पूर्ण संतृप्ति तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराने, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण रजिस्टर तैयार करने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा टीबी, हाईपरटेंशन और डायबिटीज जैसी बीमारियों के रोगियों को चिन्हित कर बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आकांक्षात्मक विकास खंडों में सभी सैम/मैम बच्चों की पहचान कर उन्हें एनआरसी (न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर) में भर्ती कराया जाए। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जल संरक्षण पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को बढ़ावा देने और अत्यधिक जल दोहन पर रोक लगाने के लिए कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने बिसंडा और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी में सुधार के लिए बीएसएनएल अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। शिक्षा क्षेत्र में सुधार को लेकर डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि कक्षा 8 के बाद स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को पुनः स्कूल में दाखिला दिलाया जाए।

वहीं, कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत आईटीआई प्रधानाचार्य को युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश भी दिए। साथ ही, दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए गए। इस समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, पीडी डीआरडीए, सभी खंड विकास अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत गीता आधारित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज विकास भवन सभागार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह द्वारा श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में कुल 248 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से प्रथम स्थान पर 6, द्वितीय स्थान पर 8, तृतीय स्थान पर 8 एवं सांत्वना पुरस्कार हेतु 226 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 11,000 की धनराशि एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को 5,100 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 2,100 की धनराशि के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

योग क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खुटार की 16 छात्राओं को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर घड़ी एवं स्कूल बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी श्रृंखला में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भावलखेड़ा की 16 छात्राओं को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर घड़ी एवं स्टेशनरी बॉक्स भेंट किए गए, जबकि तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मिर्जापुर की 16 छात्राओं को घड़ी प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

प्रतियोगिता में चयनित सभी 248 छात्र-छात्राओं को कुल 3,49,600 की धनराशि उनके बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी गई है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों में आध्यात्मिक चेतना एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान को जागृत करती हैं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होती हैं। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई कर्मयोग हस्तपुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

# आक्रोशित किसान नेताओं ने माधौगंज फीडर घेरा

अवधनामा संवाददाता

■ मौके पर पहुंचे एसडीओ को दो घंटे जमीन पर बैठा कर समस्या सुनाई

**शिकोहाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुधवार दोपहर 12 बजे के करीब माधवगंज फीडर का घेराव किया। कई गावों में विद्युत ना आने से किसानों और ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। समस्या सुनने पहुंचे एसडीओ को दो घंटे तक जमीन पर बैठाये रखा। जबतक समस्या का ठोस समाधान का आश्वासन नहीं दिया गया, तब तक उन्हें नहीं जाने दिया। एसडीओ ने बिजाली चालू कराकर और आपूर्ति सुचारू रखने का आश्वासन देने के बाद ही उन्हें जाने दिया। धरना प्रदर्शन भाकियू के मुख्य सचिव योगेश यादव के नेतृत्व में किया गया। किसान नेताओं ने कहा कि शहजलपुर फीडर पर कम बोल्टेज की समस्या विगत दो माह से लगातार बनी हुई है। मुहल्ला शंभूनगर में पानी टंकी के पास भी कम बोल्टेज की समसंया है। नगला बुद्धसेन में कुंवर पाल सिंह के घर के पास का लट्ठा दो महीने से टूटा है, जिसे तत्काल लगाया जाए। स्वामीनगर में बिजली की समस्या बरकार बनी हुई है। जिसे तत्काल सुधारा जाए। बिजलीघर माधौगंज पर तैनात एसएसओ राजेश जनता किसान यूनियन केपदाधिकारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। इनके विरुद्द कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही कई समस्याओं को लेकर किसान नेताओं ने एसडीओ हरी सिंह को मौके पर बुलाया। उन्होंने एसडीओ को दो घंटे जमीन पर बैठा कर समस्याओं के समाधान की बात कही। लगभग ढाई घंटे बाद एसडीओ के ठोस आश्वासन के बाद ही उन्हें जाने दिया। इस अवसर पर ग्रामीण और नगर की जनता के अलावा भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा वृक्षारोपण

**शिकोहाबाद।** हरितमा अमृत बन महोत्सव एवं शासन के वृक्षारोपण वर्षाकाल 2025 के लक्ष्य के अनुरूप महाविद्यालय शिकोहाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा जगह-जगह वृक्षारोपण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जनपद फिरोजाबाद के जिला समन्वयक डॉ एमपी सिंह ने बताया कि जिस प्रकार आज के दिन वृक्षारोपण में छात्रों, समाजसेवियों, ग्रामवासियों एवं शिक्षकों ने उत्साह दिखाया है उसी के अनुरूप आज के बाद इन पौधों की देखभाल करना नितांत आवश्यक होगा। अगर हम ऐसा नहीं करते हैं तो आज के वृक्षारोपण का कोई महत्व नहीं रहेगा क्योंकि पौधों की परवरिश परिवार के बच्चों की तरह करनी होगी तभी हम यह लक्ष्य सार्थक कर पाएंगे इस दौरान डॉ प्रेम प्रभाकर, कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय डॉ टी एच नकवी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डॉ सुशील कुमार, एनसीसी के प्रभारी डॉ आरबी पांडे, राम सिंह, आकाश, अनीशा, सुहाना, रुचि वर्मा आदि अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम शारिब था जिसको बदलकर शारिब सिद्दीकी रख लिया है। अब मुझे शारिब सिद्दीकी के नाम से जाना पहचाना वह पुकारा जाए।

शारिब सिद्दीकी पुत्र मो0 अरशद ग्राम - मसदा मोहनपुर पोस्ट-बेला परसा थाना - बसखारी जनपद अंबेडकर नगर

# महर्षि विद्या मंदिर में मना गुरु पूर्णिमा का पर्व

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** महर्षि विद्या मंदिर सुल्तानपुर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक विचारक कमल नयन पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामचंद्र मिश्र उपस्थित रहें। विद्यालय की छात्रा अनामिक वर्मा व अंशिका तिवारी ने मुख्य अतिथियों को बैज लगाकर तथा प्रधानाचार्य जे एन उपाध्याय ने बुके भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात ध्यान एवं सिद्धि प्रशासक शैलेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में सभी ने परंपरागत गुरु पूजा की, तदोपरांत प्राणायाम व भावातीत ध्यान का सामूहिक अभ्यास किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य के साथ मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। इसी कड़ी में विद्यालय की छात्रा पल्लवी वर्मा, नैन्सी, रिद्धिमा, वंशिका के द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया,स्वागत गीत से अतिथियों के साथ-साथ सभी उपस्थित जन भाव विभोर हो उठें। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी और भावातीत ध्यान पर प्रकाश डालते हुए आपने कहा कि मानव अपने जीवन में प्रतिदिन इसका अभ्यास करके अपनी चेतना में सकारात्मकता का विकास कर सकता है जिससे वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकता है। प्रधानाचार्य जे एन उपाध्याय ने महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी लोग योग, भावातीत ध्यान एवं सिद्ध का अभ्यास करते हुए अपने दिनचर्या में रामचरितमानस, श्रीमद् भागवत गीता, हनुमान चालीसा, श्री राम स्त्रोत आदि का समयानुसार वाचन करें, इससे उनके जीवन में सकारात्मकता का विकास होगा और इस प्रकार समाज में समरसता आएगी और विश्व शांति की स्थापना होगी। प्रधानाचार्य ने महर्षि संस्थान के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश के आशीर्वचन को पढ़कर सुनाया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं के द्वारा समूह गान गुरुवर तेरे चरणों की, मनुस्मृति ,कशिश एवं उनकी सहयोगी छात्रा बहनों ने समूह गान देश छोड़कर जाऊं कहीं ना बड़े ही सुंदर भाव से प्रस्तुत किए, सभी उपस्थित लोगों ने समूह गान की भूरि भूरि प्रशंसा की। मुख्य अतिथि कमलनयन पाण्डेय ने बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन ही प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है ,साथ ही साथ आपने मनोवृत्ति को स्पष्ट करते हुए कहा कि अपने मन को चंचल होने से बचाना चाहिए क्योंकि मन की चंचलता लक्ष्य प्राप्ति में बाधक होती है। महर्षि के सिद्धांतों को स्पष्ट करते हुए आपने कहा कि मन की चंचलता को शांत करने का सबसे बड़ा साधन भावातीत ध्यान है। विशिष्ट अतिथि रामचंद्र मिश्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु की महत्ता अद्वितीय होती है बिना गुरु के ज्ञान संभव नहीं है और ज्ञान नहीं तो सब कुछ बेकार है।

इसी कड़ी में समूह नृत्य ये गुरुवर तो ज्ञान का सागर है तथा गुरु ब्रह्मा ,गुरु विष्णु विद्यालय की छात्राओं के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। जिससे सभी आनंदित हुए।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., रायबरेली

पत्रांक : 2106/1ए0/2025-26 दिनांक : 05/07/2025

**ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, रायबरेली द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी-ए, बी, सी, डी, अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने सम्बन्धित नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रायबरेली | सेमरी रायबरेली परशदेपुर बारा ननौती (प्र0जि0मा0-103सी) मार्ग पर पॉट होल्स एवं पैंच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 09 Month | प्रान्तीय खण्ड, लो..नि.वि, रायबरेली | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | रायबरेली | बहराइच बांदा (एस0एच0-13) मार्ग पर पॉट होल्स एवं पैंच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 09 Month | ---तदैव--- | ---तदैव--- | ---तदैव--- |
| 3 | रायबरेली | मौरावां बछरावां महराजगंज निगोहा (प्र0जि0मा0-102सी) मार्ग पर पॉट होल्स एवं पैंच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 09 Month | ---तदैव--- | ---तदैव--- | ---तदैव--- |

➤बिल ऑफ क्वान्टिटी में अंकित दरों में जी0एस0टी0 छोड़कर लगायी गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 14.07.2025 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 22.07.2025 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 22.07.2025 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदा का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर द्वारा किया जाना है, जिसका विवरण एन0आई0टी0 के बिड डाक्यूमेन्ट में उपलब्ध है। निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(महीपाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रा.खं., लो.नि.वि.,
रायबरेली।
For on behalf of Governor of UP

UPID-235772 Dated-08-07-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# गुरु पूर्णिमा हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है: सरिता

**गुरु पूर्णिमा पर सम्मान**

**वहाज अली निहाल**



**गुरु की कृपा से ही शिष्य अज्ञान से आत्मबोध और अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ता है : अन्नू गुप्ता**

**इटावा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सनातन धर्म इंटर कॉलेज में जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता व कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे के संयोजन में गुरुजन सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया व जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता सहित मंचस्थ पार्टी पदाधिकारियों द्वारा गुरुजनों व कवियों को शॉल उड़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि गुरु पूर्णिमा हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है, जिसे हर साल आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाता है। इस दिन गुरुजनों की उपासना और उनके प्रति आभार व्यक्त करने का विधान है। हम सभी के जीवन में गुरु का विशेष स्थान होता है। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि गुरु की कृपा से ही शिष्य अज्ञान से आत्मबोध और अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ता है। गुरु शिष्य को संस्कार, सेवा और सत्य से जोड़कर उच्चतम आदर्शों का मार्ग दिखाते हैं। सम्मान समारोह को प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, अजय धाकरे, रमेश राजपूत, बबुआ ठाकुर आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम सह-संयोजक व जिला मंत्री जितेंद्र गौड़ ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, के के राज, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, रामकुमार चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमाकांत शर्मा, अजय धाकरे, जितेंद्र जैन, जिला मंत्री राहुल राजपूत, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सौरभ दीक्षित, सतेंद्र राजपूत, बासु चौधरी, सत्यम राजपूत, आयुष राज, समीर सक्सेना, प्रभात चौधरी, प्रीति दुबे सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**इनका हुआ सम्मान**

कार्यक्रम में सनातन धर्म इंटर कॉलेज प्रासिपल संजय शर्मा, महेश चंद्र तिवारी, कवि कमलेश शर्मा, बबुआ ठाकुर, गौरव पाठक, जितेंद्र त्रिपाठी, आचार्य महेश तिवारी, ओपी गुप्ता, राजीव गोयल, एस एस दुबे, शिवकुमार राजपूत, रमेश चंद्र राजपूत, उमा माहेश्वरी, अनूप जादव, मनोज गुप्ता, कवि सतीश चंद्र दीक्षित अनपढ़, कवि अवनीश त्रिपाठी, मंजुल चतुर्वेदी, स्वीटी मधुरिया, इकबाल अहमद, नईमु हसन, शैली चौहान, प्रभा पाल, करिश्मा, रामविलास शाहू, प्रीति कुशवाहा, विनय वर्मा, देश दीपक तिवारी आदि को सम्मानित किया गया।

# अन्नू गुप्ता ने किया मदर्स हार्ट प्ले स्कूल का शुभारंभ

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** गुरुपूर्णिमा के शुभ अवसर लोहान्ना चौराहा पर मदर्स हार्ट प्ले स्कूल का गुरुवार को शुभारंभ जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के कर कमलों द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने रिबन काट कर एवं सरस्वती मां को माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। इस अवसर पर धीरेन्द्र चौबे, महामंत्री जितेंद्र गौड़, विकास भदौरिया, कृष्ण मुरारीजी, सतेंद्र राजपूत, हैप्पी जैन, सत्यम राजपूत अनुज, प्रीति दुबे उपस्थित रही।

स्कूल के प्रबंधक डॉ.संजीव कुमार अग्रवाल ने माला पहनकर एवं शॉल पहनकर मुख्यातिथि का स्वागत किया एवं प्राचार्या नमिता तिवारी ने बुके भेंट कर अध्यक्ष का स्वागत किया, साथ ही आए हुए सभी अतिथियों का संजीव कुमार अग्रवाल ने माला एवं पटका पहनकर स्वागत किया। प्रीति दुबे का स्कूल प्राचार्या ने बुके देकर एवं शॉल ओढ़कर स्वागत किया। मंच पर आसीन कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि बच्चों की नींव की शुरुआत प्ले ग्रुप से होती है। बच्चे को जैसा ढाला जाता है उन्हीं संस्कारों के साथ आगे बढ़ता है। जितेंद्र भदौरिया ने बताया कि बच्चे गीली मिट्टी की तरह होते है उनको आकार देने का कार्य एक कुशल शिक्षक का होता है उम्मीद है स्कूल उस पर खरा उतरेगा। जितेंद्र गौड़ ने कहा कि स्कूल की एक ब्रांच चौगुर्जी में है जहां बच्चों को पिछले 25 वर्षों से विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा दी जा रही है जो कि आज के समय की यह जरूरत है तो यहां स्थित विद्यालय में भी बच्चे स्कूली ज्ञान के साथ-साथ प्रैक्टिकल ज्ञान एवं व्यावसायिक माहौल भी प्राप्त करेंगे। स्कूल प्राचार्या ने बताया कि पिछले 25 वर्ष से चौगुर्जी में मदर हार्ट प्ले स्कूल एवं एस बी एम जूनियर हाई स्कूल चल रहा है। साथ ही आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं प्राचार्या ने स्कूल स्टॉफ पुनीत कौशिक, अंजु वर्मा, शालिनी दुबे, दीप्ति, भूमि, अनजनी, दिव्या, कल्पना, शायना, रीना, अफजाल, रवींद्र एवं आए हुए सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर पौधा रोपण भी किया गया।

# शादी से पहले युवती जेवरात और नकदी लेकर फरार

**हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के इलाही तालाब मोहल्ले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां शादी से पहले एक युवती तीन लाख रुपये के जेवरात और 50 हजार रुपये नकदी लेकर फरार हो गई। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला इलाही तालाब निवासी बरदानी पुत्र राम आसरे ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी बेटी अंजली की शादी नवंबर 2025 में तय थी और तैयारियां चल रही थीं। जेवरात आदि बनवाए जा चुके थे। बीते 6 जुलाई की रात करीब 10 बजे मोहल्ले के ही विशाल, बंटू, धीरज और चंदा उनके घर आए, और अंजली को बहला-फुसलाकर भगा ले गए। बरदानी के अनुसार, अंजली अपने साथ तीन लाख रुपये के जेवरात और 50 हजार रुपये नकदी भी ले गई। पीड़ित ने पहले कोतवाली में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की थी, लेकिन अब चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मौदहा पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गुरु पूर्णिमा पर्व पर पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हुआ गुरु वंदन समारोह



गुरु पूर्णिमा पर्व पर डॉ.कैलाश यादव का सम्मान करते शिक्षक

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल, मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बायपास पर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा प्रधानाचार्य डॉ.कैलाश चंद्र यादव, डीटीसी सीबीएसई इटावा को छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक साथियों ने पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक महाराज सिंह ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु की महत्ता को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि ÷गुरु÷ शब्द केवल एक व्यक्ति नहीं, अपितु एक विचार है, जो अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाता है। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्य डॉ.कैलाश चंद्र यादव ने गुरु शिष्य परंपरा की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान देना नहीं, अपितु बच्चों को संस्कारों और नैतिक मूल्यों से भी संपन्न बनाना है।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा गुरु वंदना, भाषण एवं कविता पाठ कर गुरुजनों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की गई। विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# दिशिता महिला मंडल, रेनुसागर द्वारा छाता वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**अनपरा/सोनभद्र।** दिशिता महिला मंडल, रेनुसागर ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत वर्षा ऋतु की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बुधवार को एक सराहनीय पहल करते हुए जरूरतमंदों को छाता वितरित किए। इस कार्यक्रम का आयोजन दिशिता मण्डल के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और महिला मंडल को धन्यवाद दिया। इंदु सिंह ने कहा कि वर्षा के मौसम में दैनिक कार्यों के लिए बाहर जाने वाले कई लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए महिला मंडल ने छाता वितरण का निर्णय लिया।एक कार्यक्रम आयोजित कर 62 जरूरतमंद व्यक्तियों को छाते वितरित किए गए। इसी क्रम में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्याएं विभा शैलेश सिंह एवं निशा पाण्डेय ने संयुक्त रूप से कहा कि दिशिता महिला मंडल रेनुसागर भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन दिशिता महिला मंडल की सचिव तूलिका श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ सदस्याएं कंचन पाठक , मेनका अरोड़ा, विभा सिंह , रितु हर्षवर्धन, स्मृति लेखा पटनायक, नूतन सिंह, रेखा सिंह, करली दास मिश्रा, जौंसी सोनी तथा अन्य सदस्याएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

# एक दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विकास भवन के नवीन सभागार में आर.जी.एस.ए. योजनान्तर्गत पंचायत एडवांसमेन्ट सूचकांक(ब्र्ह्र)जनपद स्तरीय गठित कमेटी के अधिकारियों, मॉडल ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों व मीडिया प्रतिनिधियों का एक दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सदर द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त कार्यशाला में जिलाधिकारी, उप निदेशक (पं0), कानपुर मण्डल, कानपुर एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण में सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्ष/प्रतिनिधि, जिला पंचायत राज अधिकारी, मण्डलीय कन्सलटेन्ट, प्रशिक्षक, डी.पी.आर.सी.फर्रुखाबाद, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी(पं0), जिला कन्सलटेन्ट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, जिला परियोजना प्रबन्धक-पंचायतराज, सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं सम्बन्धित पंचायत सचिव उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यशाला में ग्राम पंचायत विकास योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में 09 थीमों के बारे में अवगत कराया गया। पंचायत एडवांसमेन्ट सूचकांक के डाटा पॉइन्ट को ग्रामपंचायत में अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया गया। मण्डलीय कन्सलटेन्ट द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत ग्रामों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत सोखता गड्ढा, खाद का गड्ढा, लीच पिट, नाडेप आदि के प्रयोग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यशाला में समस्त प्रतिभागियों को जलपान एवं मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था करायी गयी तथा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत समस्त प्रतिभागियों को कार्यशाला में समय सारणी एक पेन व एक नोटपेड तथा जी.पी.डी.पी.के अन्तर्गत समस्त गतिविधियों को एक फोल्डर के रूप में वितरित किया गया।

# दिशिता महिला मंडल, रेनुसागर द्वारा छाता वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**अनपरा/सोनभद्र।** दिशिता महिला मंडल, रेनुसागर ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत वर्षा ऋतु की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बुधवार को एक सराहनीय पहल करते हुए जरूरतमंदों को छाता वितरित किए। इस कार्यक्रम का आयोजन दिशिता मण्डल के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और महिला मंडल को धन्यवाद दिया। इंदु सिंह ने कहा कि वर्षा के मौसम में दैनिक कार्यों के लिए बाहर जाने वाले कई लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# श्री सत्यनारायण समाज सेवा संस्थान ने ग्राम चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक

**इटावा।** जनसंख्या नियंत्रित करने के लिए, महिलाओं का शिक्षित व जागरूक होना जरूरी है। जब सास अपनी बहू से यह कहती है कि उसे पोता चाहिए, जबकि वह खुद एक औरत होकर लड़की का विरोध करती है। जबकि माँ के लिए बेटी भी प्यारी होती। यह बात श्री सत्यनारायण समाज सेवा संस्थान की सचिव डॉ ज्योति वर्मा ने विश्व जनसंख्या दिवस के पूर्व दिवस पर ग्राम कल्यानपुर में जनसंख्या पर आयोजित महिला चौपाल में कही। उन्होंने कहा कि यह बात समानता की है। इसलिए मन की मानसिकता बदलने की जरूरत है। बेटा- बेटी हैं एक समान। मंजू सिंह ने कहा कि जागरूकता शिक्षा से आती है। जनसंख्या के बारे कोन सोचेगा, इसलिए महिलाओं को जागरूक होना चाहिए। परिवार छोटा होगा, तभी वह ध्यान दे पाएंगी। अर्पणा शर्मा ने कहा कि जनसंख्या बढ़ने पर खाने, पीने से लेकर रहने तक की समस्या आएगी, जंगलों में पेड़ काटकर रहेंगे तो ग्लोबल वार्मिंग बढ़ेगी, आपदाएं भी बढ़ेंगी। इसलिए महिलाओं को समझदारी दिखानी चाहिए।

# सिसोलर के सत्यम तिवारी बने एनपीसीआईएल में वैज्ञानिक

**गांव और क्षेत्र का बढ़ाया मान**

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा (हमीरपुर)** मौदहा विकासखंड के ग्राम सिसोलर निवासी एक प्रतिभाशाली युवक ने विषम परिस्थितियों को पीछे छोड़ते हुए देश की प्रतिष्ठित संस्था न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में वैज्ञानिक पद पर चयनित होकर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। गांव के सत्यम तिवारी पुत्र शिवकुमार उर्फ नत्थू तिवारी ने प्रारंभिक शिक्षा महोबा नवोदय विद्यालय से और इंटरमीडिएट की पढ़ाई लखनऊ नवोदय विद्यालय से की। इसके बाद उन्होंने एचबीटीयू, कानपुर से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया और गेट परीक्षा उत्तीर्ण की। गेट में सफलता मिलने के बाद उन्हें आईआईटी मुंबई में एमटेक में प्रवेश मिला, लेकिन इसी बीच उन्होंने एनपीसीआईएल की वैज्ञानिक भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल कर ली।

सत्यम के पिता शिवकुमार तिवारी करीब 20 वर्ष पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए थे। ऐसे मुश्किल समय में भी सत्यम ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी मां अर्चना तिवारी और मामा राजकरण शुक्ला को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया और शिक्षा के प्रति उनका मार्गदर्शन किया। गांव में सत्यम की इस उपलब्धि से खुशी की लहर है और लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

# ट्रक ने फास्ट फूड ठेले को मारी टक्कर, एक की मौत

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर (सुमेरपुर)** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-34 पर आज दोपहर करीब 3:20 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक 17 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा तपोवन के सामने स्थित गायत्री विद्या मंदिर स्कूल के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार ट्रक (संख्या P32 LN1251) ने सड़क किनारे खड़े फास्ट फूड ठेले में जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे में ठेला मे फास्ट फूड बेच रहे अजीम खान पुत्र अल्लादीन (उम्र करीब 17 वर्ष), निवासी ऊंचा थोक, थाना सुमेरपुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, ठेले से सटे सड़क किनारे खड़ी एक ई-रिक्शा भी ट्रक की चपेट में आ गई, जिसमें बैठे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों में शामिल हैंन्लम पत्नी बलवीर यादव (उम्र 52 वर्ष), वीरू सिंह पुत्र रामबरन (उम्र 27 वर्ष), गुल्लू तिवारी पुत्र कल्लू (उम्र 8 वर्ष), सौरभ तिवारी पुत्र गया तिवारी (उम्र 17 वर्ष)शिवरती पत्नी कालका (उम्र 45 वर्ष)गया तिवारी पुत्र मुन्ना तिवारी (उम्र 55 वर्ष)

सभी घायल ग्राम बिरखेड़ा, थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर के निवासी हैं। थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा सभी घायलों को तत्काल सीएचसी सुमेरपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद नीलम देवी को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय हमीरपुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही सुमेरपुर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की गई है। हादसे को अंजाम देने वाले ट्रक और उसके चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। तहरीर मिलने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल राजमार्ग पर यातायात सामान्य रूप से संचालित हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### राठ में कुशवाहा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित



**राठ (हमीरपुर) अवधनामा संवाददाता।** जिला कुशवाहा महासभा के तत्वावधान में सरसई गांव में मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुन्ना लाल बौद्ध सिंह ने की। मुख्य अतिथि चरखारी ब्लॉक प्रमुख जयराम कुशवाहा ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा समाज में परिवर्तन का प्रमुख माध्यम है। कुशवाहा समाज के बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जिन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज को एकजुट होने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम संचालक मदन गोपाल शक्य ने समाज को संगठित और प्रगतिशील बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में वैजनाथ, गयाप्रसाद गुलाब, मनोज, बालकिशन, प्रताप, किशोर, गुलाब सिंह, नवल किशोर, दीनदयाल, अजय कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, जीतेंद्र कुमार, मनोज कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**सोनभद्र/रेणुकूट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी अभियान एक पेड़ माँ के नाम को साकार रूप देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के आह्वान पर क्षेत्र के डीएफओ कमल किशोर द्वारा विशेष आमंत्रण पर रोटरी क्लब रेणुकूट ने अपना योगदान दिया। इसके अंतर्गत रेणुकूट- मुर्धवा क्षेत्र के वनखंड में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एक लाख सत्तर हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर अपना योगदान देते हुए बड़ी संख्या में पौधे लगाए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वन विभाग के अधिकारियों के साथ- साथ रोटरी क्लब रेणुकूट के अध्यक्ष सुनील कांत पांडेय, शशि तिवारी, अजीत अस्थाना के साथ अन्य सदस्यों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

### एनटीपीसी विंध्याचल ने गहिलगढ़ पश्चिम शासकीय स्कूल के छात्रों को वितरित किए स्कूल बैग



**सोनभद्र/विंधनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल अपनी नैगम सामाजिक दायित्व नीति के तहत पिछले कई वर्षों से आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित कर रहा है। इसी प्रयास के तहत 10 जुलाई 2025 को विंध्याचल सीएसआर द्वारा गाहिलगढ़ पश्चिम स्थित शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल बैग का वितरण किया गया। एनटीपीसी-विंध्याचल सीएसआर द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) नीति के तहत शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में 10 जुलाई 2025 को विंध्याचल सीएसआर द्वारा गाहिलगढ़ पश्चिम स्थित शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना और उन्हें शिक्षा के प्रति उत्साहित करना था।

# सीवीओ, कोल इंडिया ने एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं का किया



**भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर कोल इंडिया को बनायें देश की सफलतम कम्पनी : ब्रजेश कुमार त्रिपाठी**

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोल इंडिया, ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने एनसीएल की जयंत,खड़िया और दुधीचुआ परियोजनाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जयंत परियोजना की खनन गतिविधियों एवं ऑपरेटर इंडिपेंडेंट ट्रक डिस्पैच सिस्टम (ओआईटीडीएस) का निरीक्षण किया। साथ ही त्रिपाठी ने जयंत परियोजना में वे- ब्रिज एवं टीएफएम प्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंने, सतत विकास के आलोक में एनसीएल की हरित कोयला प्रेषण को समर्पित एफएमसी परियोजनाओं की सराहना की। तत्पश्चात सीवीओ, सीआईएल एनसीएल खड़िया परियोजना गए एवं उन्होंने डिजिकोल के अंतर्गत निर्मित सीएचपी-डिजिटल ट्विन की कार्यप्रणाली को प्रेजेंटेशन के माध्यम से परखा। इस अवसर पर उन्होंने एआई की भूमिका को रेखांकित करते हुए एनसीएल सहित कोल इंडिया की आधुनिक मशीनीकृत खनन प्रणाली की सराहना की। श्री त्रिपाठी ने एनसीएल के डिजिटल एवं नवाचारी पहलों को अनुकरणीय बताया। साथ ही उन्होंने दुधीचुआ क्षेत्र में 10 मिलियन टन प्रतिवर्ष (एमटीपीवाई) क्षमता के सीएचपी/साइलो के संचालन का भी निरीक्षण किया। एनसीएल दौरे के दौरान श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सीवीओ, सीआईएल ने एनसीएल की दुधीचुआ परियोजना में 'Ignorance of Law is no Excuse' के थीम पर (Mission Brand CIL@50) के तहत व्याख्यान दिया।इस दौरान उन्होंने सभी को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि जैसे कोयला खुद को जलाकर राष्ट्र का निर्माण करता है, आइए हम भी वैसे ही अपने कर्म से उजाला फैलाएं। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा, जब आवे संतोष धन, सब धन धूरि समान जब व्यक्ति के भीतर संतोष होता है, तो बाकी सब भौतिक सुख-साधन तुच्छ लगते हैं। श्री त्रिपाठी ने उपस्थित सभी को भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए पारदर्शी कार्य संस्कृति विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कोल इंडिया को राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी कर्मियों से कोल इंडिया को देश की सबसे सफल कंपनी बनाने की दिशा में कार्य करने हेतु आह्वान किया।

# वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट में गुरुवार को विद्यालय के इको क्लब के तत्वावधान में वन महोत्सव- 2025 एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत विद्यालय परिसर में सागौन, बेल, आँवला, आम, नीम आदि के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिण्डाल्को मानव संसाधन उप-प्रमुख एवं विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिन्हा एवं विषिष्ट अतिथि हिण्डाल्को जनसंपर्क प्रमुख यशवन्त कुमार का विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल व उप-प्रधानाचार्य विजय भागवत पाटिल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इको क्लब प्रभारी शशांक शेखर तिवारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य व रूपरेखा से सभी को परिचित कराया। इस अवसर पर छात्राओं ने संगीत शिक्षिका ज्योति मिश्रा द्वारा तैयार कराया हुआ स्वागत गीत प्रस्तुत किया साथ ही मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, वरिष्ठ शिक्षकों व शिक्षिकाओं के साथ-साथ विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा 150 से अधिक पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने जलवायु परिवर्तन के लिए उत्तरदायी कारकों के विषय में जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षों की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला साथ ही छात्र-छात्राओं को सदैव पेड़-पौधे लगाते रहने का संकल्प लेने को कहा।

# मजलिस का मक़सद क़ुरआन के मुताबिक़ तालीमाते-नबवी और तालीमाते-अहल-ए-बैत को आम करना है

अवधनामा ब्यूरो



■ अगर वाक़िया कर्बला ना होता तो दुनिया में वही इस्लाम पहचाना जा रहा होता जो यज़ीद पेश कर रहा था
■ इमाम बारगाह मेह्दी अमीनाबाद में आयतुल्लाह हमीदुल हसन का मजलिस में ख़िताब

**लखनऊ।** मआल मजलिस और मुफ़ाद मजलिस ये है कि क़ुरआन के मुताबिक़ तालीमाते-नबवी और तालीमाते-अहल-ए-बैत को बिला-तफ़रीक दीन व मज़हब और बिला-इम्तियाज़ फ़िर्क़ा-ओ-मसलक अवाम तक पहुंचाया जाये। अगर वाक़िया कर्बला ना होता तो दुनिया में वही इस्लाम पहचाना जा रहा होता जो यज़ीद पेश कर रहा था। अगर कर्बला ना होती तो आज लोग उस इस्लाम पर चल रहे होते जिसने इमाम हुसैन को शहीद किया। मज़हब और दीन हमें बेबसों, बे-कसों और मज़लूमों की हिमायत के लिए कहता है, करमुल्लाह वजहू का मतलब ये कि अल्लाह ने उनके चेहरे को बुज़ुर्ग रखा। पूरी दुनिया में ज़ुल्म-ओ-जबर के ख़िलाफ़ एहतिजाज करने वालों में कोई ना मिला जो ये कहता कि आयतुल-उज़्मा अल-सैयद खामना-ई ग़लत हैं। चंद सौ लोगों का इंतिक़ाम कई लाख लोगों से लिया जा चुका है, और इस इंतिक़ाम की कोई हद नहीं मुक़र्रर की गई है। क़ुरान करीम में जो कुछ है उसे हम शरीयत कहते हैं यानी उसूल-ए-दीन। मज़हब सबके पास है, यहां तक कि जो ला-दीन हैं उनका मज़हब भी ला-दीन होना है। इन फरमूदात का इज़्हार मौलाना हमीदुल-हसन ने कल्लन की लाट अमीनाबाद में स्थित इमाम बारगाह मेह्दी में किया।

काबिल-ए-ज़िक्र है कि इमाम बारगाह मेह्दी में गुज़िश्ता साल की तरह इस साल भी एक मजलिस बराए ईसाल-ए-सवाब मरहूम सय्यद मुंतज़िर मेह्दी इब्ने सैयद अता हुसैन, सैयद ज़ायर हुसैन इब्ने सैयद अता हुसैन, इसरार फ़ातिमा बिंते सैयद शब्बीर हुसैन और वक़ार मेह्दी रिज़वी इब्ने सैयद मुंतज़िर मेह्दी बरपा की गई। जिसे मौलाना हमीदुल-हसन अपने मख़्सूस अंदाज़ में ख़िताब कर रहे थे। मजलिस का आग़ाज़ अली सय्याद सल्लमहू ने तिलावते कलाम रब्बानी से किया, बादहू कई शोराएकिराम ने बारगाहे इमाम में मंज़ूम ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश किया। निज़ामत के फ़राइज़ आरिफ़ रिज़वी ने अंजाम दिए।

मौलाना हमीदुल-हसन ने दुरूद-ओ-सलाम के बाद क़ुरआन-ए-करीम के सूरह-ए-तौबा आयत 119 का तर्जुमा भी पेश किया और कहा कि इस आयत में ईमान वालों को ये ख़िताब किया गया है कि वो परहेज़गारी इख़्तियार करें और सच्चों के साथ हो जाएं। उन्होंने मजलिस का मक़सद बयान करते हुए कहा कि मेरे नज़दीक मआले-मजलिस और मुफ़ादे-मजलिस ये है कि क़ुरआन-ए-करीम की हिदायात के मुताबिक़ जो तालीमात हुज़ूर अकरम और उनके अहल-ए-बैत की हैं वो लोगों तक पहूंचे, ख़्वाह वो किसी मज़हब के हरों या किसी मसलक से हों या किसी भी नज़रिया के मानने वाले हों। उन्होंने दीन के मक़सद पर गुफ़्तगु करते हुए कहा कि दुनिया में वो मज़हब भी हैं जो क़ुरआन-ए-करीम के नुज़ूल से पहले से मौजूद हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि मैं नुज़ूले-क़ुरआन से पहले की बात कर रहा हूँ। इस्लाम की बात नहीं, इस क़ुरान में जो कुछ है उसे हम अपनी शरीयत कहते हैं, शरीयत से मुराद वो क़वानीन और उसूल जिन पर हम और आप अमल करते हैं। जैसे नमाज़, रोज़ा, ज़कात, हज इत्यादि। ये शरई उसूल हैं। लेकिन इसी के साथ साथ ये भी है कि नमाज़ हमें ये नहीं बताती कि माँ बाप के साथ कैसे रहना है। नमाज़ हम को ये नहीं बताएगी कि पड़ोसी के साथ हमारा सुलूक कैसा हो। क़ुरआन हमें एक एक बात बताता है लेकिन क़ुरआन जो कुछ बताता है इसको ज़िंदगी में कैसे ढालना है, कैसे इस पर अमल करना है, ये बातें आपको आपके बुज़ुर्ग बताएँगे और उनको उनके बुज़ुर्ग बताएंगे और उनके बुज़ुर्गों को उनके बुज़ुर्ग। यहां तक कि आप चौदह सौ बरस पहले की फ़िज़ा और माहौल में पहूंच जायेंगे।

मौलाना हमीदुल-हसन ने मज़हब पर गुफ़्तगु करते हुए कहा कि मज़हब सब के पास है। यहां तक कि जो नास्तिक यानी ला-दीन हैं उनका मज़हब भी नास्तिक होना या ला-दीन होना है। मज़हब आपको सुकून अता करता है। जो सुकून आपको मिलना चाहिए अगर वो सुकून आपको नहीं मिल पा रहा है तो कहीं कुछ ग़लत ज़रूर है। तो कोशिश करें कि वो रास्ता इख़्तियार करें जिससे किसी को टेंशन ना हो तकलीफ़ ना हो। सूरह-ए-बक़्र की आयत की तिलावत करते हुए मौलाना ने फ़रमाया कि दीन का मतलब है रास्ता और अल्लाह के नज़दीक रास्ता इस्लाम है। यानी इसका दिया हुआ रास्ता सलामती है। मज़ाहिब ने हमें जीने का रास्ता सिखाया है। मज़हब में यक़ीन रखने वालों ने मौजूदा दौर में इन्सान का इन्सान पर जब ज़ुल्म देखा तो उन्होंने उसको पसंद नहीं किया। और ज़ुल्म के ख़िलाफ़ एहतिजाज किया।

उन्होंने कहा कि तरक्क़ी के नाम पर ये हुआ कि कल का इन्सान एक दूसरे को बचाता था और आज का इन्सान एक दूसरे के मारने और हलाक करने पर तुला है। कल का इन्सान अपने बच्चों को बचाने के लिए लड़ाई करता था आज का इन्सान अपनी बड़ाई साबित करने के लिए सारी दुनिया को ख़त्म करने की ताक़त रखते हैं। यानी हम बड़े हैं, हमको बड़ा मानो। इन सब चीज़ों को मज़हब रोकता है। लेकिन मौजूदा दौर ने इन्सान का इन्सान पर जो ज़ुल्म देखा इससे बड़ा ज़ुल्म तारीख़ ने ना देखा होगा कि नन्हे और मासूम बच्चों को उनकी माओं की गोद में हलाक कर दिया जाये और फिर फ़ख़्र से कहा जाये कि हम फ़ुलां बात का इंतिक़ाम ले रहे हैं। अगर इंतिक़ाम की बात है तो चंद सौ लोगों का इंतिक़ाम कई लाख लोगों की जानों से लिया जा चुका। नसलों को ख़त्म किया जा रहा है। चंद सौ लोगों का इंतिक़ाम कई लाख लोगों से लिया जा चुका है, और इस इंतिक़ाम की कोई हद नहीं मुक़र्रर की गई है। हद तो ये है कि आप ही वकील हैं और आप ही जज भी हैं आप ही ज़ालिम भी हैं और आप ही मज़लूम भी हैं। मौलाना ने कहा कि ऐसे दौर में एक शख़्सियत उठी। इस शख़्सियत का नाम नामी आयतुल्लाह अल-उज़्मा सैयद अली खामना ई है। अगर ये शख़्सियत ग़लत होती तो दुनिया में जहां-जहां ज़ुल्म के ख़िलाफ़ लोगों ने जुलूस निकाले और पूरी दुनिया में एहतिजाज किया, उन्होंने कोई बदअमनी वाला काम नहीं किया। इन ज़ुल्म के ख़िलाफ़ एहतिजाज करने वालों में कोई ना मिला जो ये कहता कि वो ग़लत हैं जिनका नाम नामी अभी मैंने लिया यानी आयतुल्लाह अल-उज़्मा खामना ई। क्योंकि वो दीन के साथ दुनिया को समझाना चाहते थे ज़ुल्म के साथ नहीं। मौला अली के बारे में गुफ़्तगु करते हुए फ़रमाया कि मौला अली रसूल के मोजज़ात में से एक मोजिज़ा हैं। उन्होंने बयान किया कि रज़ियुल्लाह अनहू और करमुल्लाह वजहू यानी अल्लाह उनसे राज़ी हो गया और अल्लाह ने उनके चेहरे को बुज़ुर्ग रखा। ये दोनों ख़िताब किसी सहाबी-ए-रसूल को अता नहीं हुए ये सिर्फ़ और सिर्फ मौला अली को अता हुए। रज़ियुल्लाह अनहू सब के लिए और करमुल्लाह वजहू सिर्फ अली लिए।

> इस्लाम और इन्सानियत के हवाले से गुफ़्तगु करते हुए उन्होंने बयान किया कि हुज़ूर अपने साथियों के साथ तशरीफ़ फ़र्मा थे कि इतने में एक यहूदी औरत का जनाज़ा निकला जिसे देखकर आप खड़े हो गए।
> जनाज़ा गुज़र जाने के बाद आपके साथियों ने पूछा कि हुज़ूर ये यहूदी और वो भी औरत, उसके जनाज़े को देखकर आप खड़े हो गए? मौलाना ने कहा कि तारीख़ में हुज़ूर का ये जुमला महफ़ूज़ हो गया कि क्या ये इन्सान ना थी। उन्होंने फ़रमाया कि इस्लाम में सलाम करना मुस्तहब है वाजिब नहीं लेकिन सलाम का जवाब ना देना गुनाह है। अगर एक शख़्स ने मजमा आते वक्त सलाम किया और मजमा में किसी ने जवाब ना दिया तो सब गुनहगार होंगे। मौलाना ने कहा कि अगर किसी का आख़िरत पर यक़ीन है तो वो मोमिन है और अगर आख़िरत पर यक़ीन नहीं है तो वो मोमिन नहीं है। जन्नत के हुसूल का रास्ता पुल सिरात से कामयाबी के साथ गुज़रना है, जो बाल से ज्यादा बारीक है। अगर दामन अहल-ए-बैत है तो इन्सान बाआसानी पुल सिरात से गुज़र जाएगा। मौलाना ने फ़रमाया कि ईमान की पुख़्तगी और सब्रो-ज़ब्त की मंज़िलें देखना हो तो कर्बला आईए। अगर वाक़िया कर्बला ना होता तो आज दुनिया में वही इस्लाम पहचाना जा रहा होता जो यज़ीद पेश कर रहा था। आखिर में मौलाना ने शहीदान-ऐ-कर्बला के मसाइब बयान किए तो मजमा पर रिक्क़त तारी हो गई और सब की आँखों से बे-इख़्तियार आंसू छलक पड़े। मजलिस का इख़्तेताम दुआ पर हुआ।

## आरटीओ आफिस और डीटीटीआई अयोध्या में हुआ वृक्षारोपण

■ वृक्ष लगाकर और वाहनों को फिट रखकर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

अवधनामा ब्यूरो



**अयोध्या/लखनऊ।** शासन के महत्वकांक्षी वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम में आरटीओ कार्यालय अयोध्या और डीटीटीआई अयोध्या में वृक्षारोपण कर आरटीओ प्रशासन अयोध्या सुश्री ऋतु सिंह और अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने पर्यावरण रक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर अशोक, नीम, आम, अमरूद, सागौन, अर्जुन, पिलखन आदि के 1200 पेड़ अयोध्या जनपद में परिवहन विभाग द्वारा लगाये गये एवं मण्डल के सभी जिलों- अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी में भी एआरटीओ से प्राप्त सूचना के अनुसार दिये गये लक्ष्य के अनुसार विभिन्न स्थानों पर कुल 4800 पौधे रोपित किये गये। आरटीओ अयोध्या ऋतु सिंह ने इस अवसर पर संदेश दिया कि एक पेड माँ के नाम लगाकर हम धरती माँ द्वारा प्रदत्त प्राकृतिक संसाधनों के लिए और अपनी माँ के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं और जिस प्रकार एक माँ अपने बच्चे की देखभाल करती है वैसे ही सभी वृक्षों की हमें भी देखभाल कर पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए जिससे ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरण और जलवायु असंतुलन जैसी चुनौतियों का सामना किया जा सके। वाहनों से निकलने वाली कार्बन मोनो आक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड, सल्फर डाई आक्साइड, पार्टिकुलेट मैटर आदि पर्यावरण को अशुद्ध करते हैं। अतः सदैव अपने वाहनों को फिट रख कर पाल्यूशन अंडर कण्ट्रोल सर्टिफिकेट बनवाना चाहिए। 15 साल से पुरानी सरकारी और व्यावसायिक वाहनों व वैध आयु सीमा पूरे हो चुके वाहनों को भी स्क्रैप कराकर सड़क पर फिट वाहनों को ही चलाना चाहिए व स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा दें।

## पत्रकार दिलीप सिन्हा का निधन

■ दिलीप सिन्हा बहुत मिलनसार और मृदु स्वभाव के थे

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त समिति के सदस्य दिलीप सिन्हा का मार्ग दुर्घटना में देहांत हो गया दिलीप सिन्हा कहीं काम से जा रहे थे की जियामऊ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए उनको इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों में उन्हें मृत घोषित कर दिया पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। दिलीप सिन्हा बहुत मिलनसार और मृदु स्वभाव के थे जनहित की समस्याओं के साथ ही पत्रकारों के हित के मुद्दों को हमेशा प्रखर रूप से उठाते थे समय समय पर पत्रकारों से जुडी जानकारी को साझा करने वाले दिलीप सिन्हा पत्रकारों की पेंशन स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर एक मुहीम चला रखी थी, उन्होंने उच्च स्तर तक उल्लेखनीय प्रयास जारी रखा था।

श्री सिन्हा अपने पीछे पत्नी और दो बेटियां छोड़ गए हैं उनका अंतिम संस्कार 11 जुलाई को सुबह 10:30 बजे बैकुंठधाम में होगा। दिलीप सिन्हा के निधन की खबर से पत्रकारिता के क्षेत्र में गम की लहर दौड़ गयी। अवधनामा कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर दिलीप सिन्हा को श्रृद्धांजलि दी गयी।

## नियामक आयोग के समक्ष निजीकरण के विरोध में उतरे विद्युत कर्मचारी

■ निजी घरानों को फायदा पहुंचाने की साजिश का आरोप

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के खिलाफ अपनी मुहिम तेज कर दी है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने आरोप लगाया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण झूठे आंकड़ों और धमकी के बल पर किया जा रहा है। समिति ने घोषणा की है कि 11 जुलाई को वाराणसी में टैरिफ सुनवाई के दौरान नियामक आयोग के समक्ष निजीकरण का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा और इस प्रक्रिया को तत्काल रद्द करने की मांग की जाएगी। यह विरोध प्रदर्शन लगातार 225वें दिन जारी रहा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ही विद्युत वितरण निगमों ने निजीकरण से पहले टैरिफ में 45 प्रतिशत तक की वृद्धि का प्रस्ताव नियामक आयोग को भेजा है। उनका दावा है कि यह कदम निजीकरण के बाद बिजली दरों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि का स्पष्ट संकेत है। समिति के पदाधिकारी और बिजली कर्मी वाराणसी में नियामक आयोग के सामने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के मुद्दे को मजबूती से उठाएंगे। संघर्ष समिति ने यह भी बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में उपभोक्ताओं को कुल 6327 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। इसमें 2024-25 के लिए टैरिफ सब्सिडी (5321 करोड़ रुपये), निजी नलकूपों के लिए सब्सिडी (376 करोड़ रुपये) और बुनकरों के लिए सब्सिडी (630 करोड़ रुपये) शामिल है।

समिति का आरोप है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन सरकार की कैश फंडिंग के नाम पर इस सब्सिडी को कैश गैप में जोड़कर निगम को घाटे में दिखा रहा है। उनका मानना है कि यह निजीकरण के बाद किसानों, बुनकरों और गरीब घरेलू उपभोक्ताओं की सब्सिडी खत्म करने की तैयारी है। समिति ने 2024-25 के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम ने उपभोक्ताओं से 13297 करोड़ रुपये का राजस्व वसूल किया।

## आबादी के बीच प्लास्टिक कारखाने में भीषण आग

अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** थाना पारा अंतर्गत हंस खेड़ा चौकी क्षेत्र में नई काशीराम के सामने नई आबादी में स्थित एक प्लास्टिक कारखाने में बीती रात भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसकी लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की लगभग आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद घंटों में आग पर काबू पाया।

## पौधरोपण कर 5000 पौधों के संकल्प को दिया गया बल



**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** आरडीएसओ द्वारा वर्ष 2025 में 5000 पेड़ लगाने के संकल्पके अभियान के अंतर्गत एक हरित भविष्य के लिए महानिदेशक आरडीएसओ,उदय बोरवणकर के नेतृत्व में आरडीएसओ परिसर में खाली पड़ी भूमि पर श्रमदान के पश्चात वृक्षारोपण किया गया एवं पौधों के संरक्षण एवं देखरेख हेतु समुचित जिम्मेदारी निर्धारित की गई। इस अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से फलदाई, वातावरण शुद्ध रखने वाले, झाड़ीदार एवं जड़ी बूटी वाले पौधे लगाये गए।

## चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति ने रक्षामंत्री का मनाया जन्मदिन



**लखनऊ।** चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के तत्वावधान में रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम कुड़िया घाट पर सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चन्द्र बाहदुर सिंह ( पार्षद) एवं रिद्धि किशोर गौड़ ने सहभागिता की। कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित जन पंडित नीरज अवस्थी, अंकुर दीक्षित, आशीष अग्रवाल, पंडित राजेश शुक्ल, राजेश सिंह,संजय तिवारी, आनन्द तिवारी, गोपाल नाथ शर्मा, संजय अवस्थी, प्रदीप कुमार वर्मा (अध्यक्ष) द्वारा कार्यक्रम किया गया। पंडित नीरज अवस्थी ने कहा कि रक्षामंत्री ने देश के लिए बहुत त्याग किया है हम सब प्रभु से यही प्रार्थना करते हैं कि दीर्घायु हो और देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाये रहे।

## काकोरी में शिक्षकों और पुजारियों का सम्मान



**काकोरी लखनऊ।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंडल काकोरी के विभिन्न मंदिरों और विद्यालयों में सम्मान समारोह आयोजित किए गए। इस दौरान गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला गया और समाज में गुरुजनों के योगदान को सराहा गया। काकोरी के बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने शिक्षकों को अंग वस्त्र, माला और मिष्ठान देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में गुरु-शिष्य की परंपरा अत्यंत प्राचीन है, जहाँ गुरुओं ने अपने त्याग और परिश्रम से शिष्यों के चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण किया है। इसी क्रम में, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने ऐतिहासिक शीतला देवी मंदिर में पुजारी शैलेंद्र बाजपेई को माला पहनाकर और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। नगर पंचायत काकोरी के अध्यक्ष रोहित साहू ने मलहा स्थित सिद्धेश्वरी माता मंदिर में महंत नीलकमल दास को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## वर्ल्ड फूड इण्डिया-2025 में उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या मे प्रतिभाग करेगे खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के प्रतिनिधि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन मे उत्तर प्रदेश मे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं।इसके लिए जहां खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना, उन्नयन, आदि के लिये उत्तर प्रदेश की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत अनेक सुविधाएं व अनुदान दिये जाने के प्राविधान किये गये हैं, वहीं अनुसूचित उत्पादों के निर्यात संवर्धन और विकास के लिए सहयोग प्रदान करने की दिशा मे कदम उठाये जा रहे हैं। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय लखनऊ के स्थित सभागार में बुधवार को श्री बी.एल. मीणा, अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में चेयरमैन एपीडा, विभागीय अधिकारियों एवं उद्यमियों के मध्यम एक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे श्री अभिषेक देव, चेयरमैन, एपीडा उपस्थित रहे। चेयरमैन, एपीडा, अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उ0प्र0 शासन तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के प्रांगण में वृक्षारोपण का। कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। बैठक में उद्यमियों द्वारा खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित उत्पादों के देश/विदेश स्तर पर निर्यात में हो रही समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। उद्यमियों द्वारा उठाये गये बिन्दुओं पर एपीडा के उपस्थित अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन किया गया। श्री बी.एल. मीणा, अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि उप मुख्यमन्त्री के नेतृत्व मे खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विभाग सतत प्रयासरत है। जिससे कृषकों की आय में वृद्धि हो सके तथा प्रदेश में अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो सके।

## हजरत इमाम हसैन (अ.स.) मुहाफिजे दीन हैं: मौलाना शाहिद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स ) और उनके साथियों की याद में छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद आज दूसरी मजलिस को मौलाना शाहिद जमाल ने कर्बला और विलायत के तकाजे शीर्षक से खिताब किया। मौलाना ने कहा कि हजरत इमाम हसैन (अ.स.) मुहाफिजे दीन हैं, दीन की हिफाजत के लिए इमाम कर्बला गए थे। फिरोजी मस्जिद कश्मीरी मोहल्ला में मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब किया। मौलाना ने कहा कि अज़ादारी इमाम हुसैन (अ.स) की शहादत की यादगार है जिसे अल्लाह ने क़ाएम किया। उन्होंने कहा कि अगर आज दीन बाक़ी है और कायम-ओ-दाएम है तो ये हजरत इमाम हुसैन (अ.स) की शहादत की बुनियाद पर है। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलुमियां ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा सिकंदर आग़ा कश्मीरी मोहल्ला में मौलाना अबुतालिब मेहदी ने मजलिस को खिताब किया। मस्जिद अख्तर हुसैन टापे वाली गली में इदारे बजमे जीनत मर्सिया की ओर से मर्सिये की दस मजलिसों का आगाज आज से हो गया। आज पहली मजलिस में हामिद अली खां ने मर्सिया पढ़ा।

### मेहदी घाट व काजमैन में पांच मजलिसें आज से

कर्बला के शहीदों की याद में रौजाए काजमैन सआदतगंज में 11 से 15 जूलाई तक रात 8.30 बजे पांच दिवसीय मजलिसों का आयोजन हुसैनी अकाडमी की ओर से किया जायेगा। मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद खिताब करेंगे। इमामबाडा मोहम्मद हुसैन रिजवी गौसगंज, वजीरगंज में शुक्रवार को शाम 7.30 बजे मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिजवी मजलिस को खिताब करेंगे। मेहदीघाट पीपे वाला पुल पर शुक्रवार से पांच दिवसीय मजलिसों का आगाज रात 9 बजे होगा। बनी हाशिम बॉयज कमेटी मुफ्तीगंज की ओर से आयोजित पहली मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद, मौलाना हसनैन बाकरी,मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिजवी, मौलाना हसन जहीर और मौलाना जहीर हसन खान खिताब करेंगे।